ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 25 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-218 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कोर्ट ने जैकलीन को आईफा अवार्ड्स ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### एसीबी ने बीएएम को चार हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने चतरा जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र इटखोरी के ब्लॉक एकाउंट मैनेजर (बीएएम) शंभु कुमार रवि को चार हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि शंभु कुमार रवि के खिलाफ इटखोरी लोरम निवासी पन्ना लाल राणा ने लिखित शिकायत की थी। बीएएम ने ममता वाहन के बिल भुगतान के लिए चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। पूर्व में इनके द्वारा गहन जन स्वस्थ्य सर्वे 2021 योजना के तहत प्रचार प्रसार का कार्य किया गया था। इसका बिल दो वर्षो से लंबित है। इस शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप को सही पाया गया।

### ईडी कोर्ट से निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। आईएएस छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी लेकिन ईडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन पत्नी-बच्चों से जेल मेनुअल के मुताबिक ही मिल पायेंगे। इससे पूर्व 18 मई को हुई सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाये। इसपर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव प्रसाद उर्फ काका ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने यह दलील दी थी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है।

### एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को कोर्ट में किया पेश, गया जेल

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को छह दिन के पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अमन की पेशी हुई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी 16 मई को हुई थी। अमन श्रीवास्तव को एटीएस टीम ने महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

## औषधीय पौधे गिलोय की प्रोसेसिंग के लिए रांची में स्थापित हुआ देश का पहला सेंटर

**16 जिलों के किसान करेंगे खेती**

**रांची।** रांची के बिरसा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में औषधीय गुणों से भरपूर गिलोय की प्रोसेसिंग और इसपर रिसर्च के लिए देश का पहला सेंटर स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास परियोजना के तहत झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय के सहयोग से की गई है। इसका लोकार्पण जल्द ही किया जाएगा। कोविड-19 के संक्रमण के दौरान गिलोय के पौधे को इम्युनिटी बूस्टर के साथ-साथ इलाज में प्रभावकारी माना गया था। इसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता की चर्चा पूरे देश में हुई थी। रिसर्च से यह प्रमाणित हो चुका है डेंगू,



स्वाइन फ्लू और मलेरिया जैसी जानलेवा बुखार के लक्षणों को कम करता है। आयुर्वेद और हर्बल में इसका उपयोग लंबे समय से होता रहा है। रांची में स्थापित किए गए इस सेंटर से राज्य के 16 जिलों के किसानों को भी औषधीय पौधे की खेती से जोड़ा जाएगा। बीएयू (बिरसा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी) के अधीन कार्यरत वनोत्पाद और उपयोगिता विभाग की ओर से निर्मित इस सेंटर में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से प्रोसेसिंग और अन्य मशीनें लगायी गयी हैं। इस सेंटर को चलाने के लिए बीएयू ने राज्य के 16 जिलों में एक-एक गिलोय विलेज का चयन किया है। चयनित गांवों में किसानों के बीच दो लाख गिलोय के पौधों का वितरण किया गया है। प्रत्येक गांव में 600 वर्ग मीटर व्यास वाले ग्रीन शेड नेट हाउस की स्थापना की गयी है। यहां सिंचाई के लिए सोलर पंप और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## धोखेबाज ने एआई की मदद से लगाया 5 करोड़ का चूना

**-आरएनएम**

**नई गिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई एआई की मदद से एक व्यक्ति को 5 करोड़ रू . का चूना लगा दिया गया। यह धोखाधड़ी फर्जी वीडियो कॉल के जरिए किया गया है। धोखाधड़ी करने वाले ने फेक वीडियो कॉल के लिए एआई डीपफेक तकनीक की मदद ली थी। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 5 करोड़ की धोखाधड़ी का यह मामला उत्तरी चीन का है। धोखाधड़ी करने वाले ने एआई तकनीक और वीडियो कॉल की मदद से एक आदमी को करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया। युवक को उसके दोस्त के नाम से फेक वीडियो कॉल किया गया था और पैसे की सख्त जरूरत की बात कही गई थी। धोखेबाज ने मदद के नाम पर 4.3 मिलियन युआन यानी करीब 5 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। धोखेबाज ने फेस को बदलने के लिए एआई डीपफेक तकनीक (फेस-स्वैपिंग तकनीक) की मदद ली थी। पीड़ित को इस फ्रॉड का अहसास तब हुआ, जब उसने अपने असली दोस्त को कॉल किया, लेकिन दोस्त ने पैसे लेने की बात से इनकार कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, बाओटौ शहर की पुलिस ने कहा कि स्कैमर ने फेक वीडियो कॉल के जरिए युवक के साथ ठगी की थी। हालांकि, पुलिस ने ठगी की अधिकांश रकम को बरामद कर लिया है और बाकी रकम का पता लगा रही है। इसलिए आप भी इस तरह की ठगी से सावधान हो जाइए , वरना आप के साथ भी यह हो सकता है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अब असली जैसी फोटो-वीडियो बनाना संभव हो गया है, जिसका धोखाधड़ी करने वाले फायदा उठा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी के पेंटागन कॉम्प्लेक्स में जोरदार ब्लास्ट की खबर को वायरल किया गया था। इस वायरल खबर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का किया उद्घाटन

# कोर्ट के फैसले के बाद लोगों को न्याय मिले : राष्ट्रपति



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को रांची स्थित धुर्वा के तिरिल मौजा में 72 एकड़ में नवनिर्मित झारखंड हाई कोर्ट के भवन का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत से मामलों में कोर्ट के फैसले के बाद भी लोगों को न्याय नहीं मिलता। आप सबको इसका रास्ता निकालना चाहिए। लोगों को सही मायने में न्याय मिलना चाहिए। ये जिम्मेदारी आप सबकी है। लोगों को न्याय मिले, यह सुनिश्चित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि झारखंड से उनका पुराना नाता रहा है। आपके स्वागत से अभिभूत हूं। नया भवन बेहतरीन बनाया गया है। पूरा कैम्पस पीसफुल एनर्जी कंजर्वेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यहां भारत के मुख्य न्यायाधीश और झारखंड के चीफ जस्टिस के अलावा बहुत से जज, वकील और विद्वान मौजूद हैं। बहुत से केस हाई कोर्ट में फाइनल होते हैं। बहुत से केस का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आता है। जिनके पक्ष में फैसला आता है, वे खुश होते हैं। पांच-दस या 20 साल के बाद उनकी खुशी गायब हो जाती है। क्योंकि, उनको वो नहीं मिलता, जिसके लिए समय, रुपये और रातों की नींद बर्बाद कर दी। वे फिर से दुखी हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं फैमिली काउंसलिंग सेंटर की एक सदस्य थी। कुछ केस फाइनल होने के बाद हम उनके घर जाते थे। यह देखने के लिए कि जिस केस को हमने फाइनल किया, वह परिवार ठीक है या नहीं। बहुत से लोग अपने फैसले लेकर मेरे पास आते कि फैसला तो हमारे पक्ष में आ गया लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। मुझे नहीं मालूम सुप्रीम कोर्ट के आगे कुछ होता है। ऐसे लोगों का कुछ हो सकता है। मूर्मु ने कहा कि चीफ जस्टिस डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें बताया कि ऐसे मामले होते हैं। लोग कंटेम्प्ट में जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को मैं धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति ने देवघर बाबा मंदिर में लगाई हाजिरी



**देवघर (झारखंड)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को झारखंड पहुंची। वे सबसे पहले देवघर बाबा बैद्यनाथ के दरबार में गईं। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही राष्ट्रपति का शंखनाद के साथ स्वागत किया गया। यहां पुरोहितों ने षोडोषोपचार विधि से बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कराई। राष्ट्रपति ने बाबा से देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद राज्य के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति का मंत्री ने किया स्वागत

**रांची।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बाबा नगरी देवघर पहुंचने के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में गढ़वा विधायक एवं झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उपहार स्वरूप बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया। देवघर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। यहां पुरोहितों ने उन्हें षोडशोपचार विधि से बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कराई गई। इस अवसर पर उन्होंने समस्त मानवजाति की सुख-समृद्धि, शांति, एकता व अखंडता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची।** तीन दिनों के झारखंड दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आई हुई हैं। सबसे पहले वो दिल्ली से देवघर पहुंची। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहां बाबा धाम में उन्होंने सपरिवार भगवान भोलेनाथ की पूजा की। पंडा ने उन्हें पूरे विधि-विधान से पूजा कराया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंदिर श्राइन बोर्ड की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया। देवघर में पूजा करने के बाद वो सीधे रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर उनके आगमन को लेकर पुख्ता इतजाम किए गए थे। रांची एयरपोर्ट से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिरसा चौक पहुंची। जहां उन्होंने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने इस मौके पर हाथ हिलाकर वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



**देवघर (झारखंड)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को झारखंड पहुंची। वे सबसे पहले देवघर बाबा बैद्यनाथ के दरबार में गईं। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही राष्ट्रपति का शंखनाद के साथ स्वागत किया गया। यहां पुरोहितों ने षोडोषोपचार विधि से बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कराई।

## दोराबजी टाटा व मेहरबाई ने कोहिनूर से बड़ा हीरा सहित पूरी संपति 1 करोड़ में गिरवी रख बचाया था टाटा स्टील

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट लगाने के लिए टाटा ने महाराज सिंधिया से लगायत अन्य कई जगह से रकम लेकर जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट स्थापित किया था । जो जब डूबने के कगार पर पहुंच गया तो उसे बचाने के लिए जमशेद जी टाटा के पुत्र दोराबजी टाटा व उनकी पत्नी मेहरबाई ने अपनी पूरी संपति गिरवी रख दी थी। जिसमें मेहरबाई को दोराब जी से गिफ्ट में मिला कोहिनूर से दोगुना बड़ा हीरा जुबली डायमंड भी था। यह हीरा वर्ष 1895 में दक्षिण अफ्रीका की जगर्सफओन्टींन खान से निकला यह हीरा दुनिया का छठा सबसे बड़ा हीरा है। इसी हीरे को गिरवी रखकर टाटा स्टील को बचाया गया था। यह एक सच्चे जीवनसाथी की कहानी है। पत्नी धर्म की कहानी है, जो मेहरबाई टाटा ने निभाया।

जब जमशेदजी टाटा के बेटे दोराबजी टाटा समूह की कंपनियों के चेयरमैन थे, उस समय टाटा स्टील डूबने की कगार पर पहुंच गई थी। दोराबजी टाटा को अपनी सारी दौलत गिरवी रखनी पड़ी थी। उनकी पत्नी मेहरबाई टाटा को कोहिनूर से दो गुना बड़ा अपना हीरा भी गिरवी रखना पड़ा था। तब जाकर कंपनी बची थी। जिस हीरे ने टाटा स्टील ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## देश की नंबर वन व विश्व की नंबर 20 इनोवेटिव कंपनी है टाटा समूह

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** न तो अडानी न ही अम्बानी न ही अन्य किसी गुजराती की कंपनी इस देश की नंबर वन इनोवेटिव कंपनी है। इस देश की नंबर वन इनोवेटिव कंपनी है टाटा ग्रुप । और यह विश्व की 20वें नंबर की इनोवेटिव कंपनी है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की मोस्ट इनोवेटिव कंपनियों की 2023 की सूची बुधवार को जारी की गई। इस लिस्ट में कंपनियों को उनके परफॉर्मेंस, झटकों को सहने की उनकी क्षमता और इनोवेशन जैसे पैरामीटर के आधार पर जगह दी गई है। दुनिया की मोस्ट इनोवेटिव 50 कंपनियों की लिस्ट में टाटा ग्रुप को 20वें नंबर पर रखा गया है। इस लिस्ट में भारत की और किसी भी कंपनी को जगह नहीं मिली है।टाटा ग्रुप ने 2045 तक नेट-जीरो एमिशन का टारगेट रखा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल अंतरिम जमानत याचिकाएं वापस लीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन आरोपों से संबंधित सीबीआई और ईडी की जांच से जुड़े मामलों में दिल्ली हाईकोर्ट में दायर अपनी अंतरिम जमानत याचिकाएं बुधवार को वापस ले लीं। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने कहा, यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता की पत्नी की हालत में सुधार हुआ है और अब स्थिर है, अंतरिम आवेदनों को वापस ले लिया गया है। आप के वरिष्ठ नेता ने अपनी पत्नी की बीमारी के आधार पर मामले में अंतरिम जमानत के लिए 3 अप्रैल को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसी एकल-न्यायाधीश की पीठ ने 11 मई को जेल अधीक्षक को निर्देश दिया था कि याचिका के निष्पादन तक जेल के नियमों के दायरे में सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा प्रदान की जाए ताकि वह हर दूसरे दिन दोपहर 3-4 बजे के बीच अपनी पत्नी से बात कर सकें। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि उन्होंने पहले याचिका खारिज करने की मांग की थी क्योंकि आवेदन में यह उल्लेख नहीं किया गया था कि पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि खारिज किए जाने के डर से आवेदन वापस लिए जा रहे हैं।

## रांची में 56 परीक्षा केंद्रों पर 28 मई को होगी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा 28 मई को राजधानी रांची के 56 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेश के 26054 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजकर 30 मिनट से शुरू होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दो बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्र के बाहर जमा करा लिए जायेंगे। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया है। यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इन कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्यवेक्षक और केंद्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व भी बता दिये गये हैं। स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों को परीक्षा के एक दिन पहले 27 मई को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है।

**सियासत** नये संसद भवन के शुभारंभ को लेकर बढ़ता विवाद

# राष्ट्रपति से उदघाटन कराये जाने की मांग

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के नए संसद भवन का उद्घाटन 28 मई को होने वाला है। लेकिन इसके उद्घाटन को लेकर सियासी दांव पेच परवान चढ़ता जा रहा है । हालत यह है कि कई राजनीतिक दलों ने 28 मई को होने वाले समारोह के बहिष्कार का एलान किया है। इसमें कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के नाम शामिल हैं। जो सरकारी कार्यक्रम है उसके मुताबिक 28 मई को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। लेकिन कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी, आप, जेडीयू, आरजेडी, सीपीआई समेत कई विपक्षी दलों ने इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराये जाने की मांग करते हुए , उनसे नहीं कराने पर समारोह का बहिष्कार करने की बात कही है। समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार को लेकर विचार-विमर्श किया है। इधर कांग्रेस के वरिष्ठ



नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और मनीष तिवारी ने संविधान के कई अनुच्छेदों का हवाला देते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रपति को नये संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस संविधान का गलत हवाला दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने पाखंड को सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने क्रमशः 24 अक्टूबर, 1975 को पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन किया और 15 अगस्त 1987 को पार्लियामेंट लाइब्रेरी की आधारशिला रखी।

**कांग्रेस ने संविधान के किन अनुच्छेदों का उल्लेख किया? :** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि राष्ट्रपति सरकार, विपक्ष और प्रत्येक नागरिक का समान रूप से प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्हें नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाला होना चाहिए। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने केवल चुनावी कारणों से दलित और आदिवासी समुदायों से भारत के राष्ट्रपति का चुनाव किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को नई संसद के शिलान्यास समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खड़गे के बयान का समर्थन करते हुए संविधान के अनुच्छेद 60 और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी के नये पासपोर्ट के लिए अपील पर अदालत शुक्रवार को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की, नया पासपोर्ट हासिल करने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र पाने के उद्देश्य से दाखिल की गई याचिका पर 26 मई को सुनवाई करेगी। राहुल गांधी को गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके पश्चात राहुल ने राजनयिक यात्रा दस्तावेज लौटा दिए थे। अब उन्होंने नए साधारण पासपोर्ट के वास्ते अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) हासिल करने के लिए मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

NEWS इन ब्रीफ

## विद्युत आपूर्ति नहीं होने से शहर में पेयजल संकट गहराया



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा है कि मंगलवार की रात्रि विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण निगम क्षेत्र के आईटीआई पीएचइडी और जिला स्कूल पानी टंकी में पानी नहीं आया। फलस्वरूप दूसरे दिन बुधवार को नगर वासियों के बीच जल संकट गंभीर हो गया। लोगों को सप्लाई पानी नहीं मिला। जिसकी शिकायत मिलने के बाद भाजपा के नेता ने तत्काल विद्युत विभाग में जाकर मामले की जानकारी दी। विद्युत विभाग के द्वारा बताया गया कि 22 मई की रात्रि में विद्युत आपूर्ति कम होने के कारण पलामू जिले में 7 मेगावाट विद्युत आपूर्ति हो रही है जिससे रात्रि में आपूर्ति कम हो रही है। श्री ओझा ने कहा है कि नगरवासी सप्लाई पानी पर आश्रित हैं और कम बिजली मिलने के कारण गर्मी के मौसम में उन्हें सप्लाई पानी भी नहीं मिल रहा है। जिससे शुद्ध पेयजल संकट गंभीर हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात की जानकारी ट्वीट कर दी है और मुख्यमंत्री से मांग की है कि विद्युत आपूर्ति और सप्लाई पानी आपूर्ति किए जाने की तत्काल व्यवस्था करें। जिससे नगर वासियों को सप्लाई पानी पर आश्रित होना पड़ गया है।

# तोलरा में भगवान विष्णु की रथयात्रा का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में नव निर्मित विष्णु मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चल रहा है। मंदिर में भगवान विष्णु सहित कई देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित होनी है। प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को भगवान विष्णु सहित सभी देवी देवताओं ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया।नगर भ्रमण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।भगवान के रथ के पीछे चल रहे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजमान हो गया। नगर भ्रमण के दौरान रथ तोलरा शोखा बाबा, स्टेशन,वर फाटक,चेडी दरबार सहित कईअन्य जगह गई। सभी जगहों पर भगवान की प्रतिमाओं पर फूल की बारिश हुई। इस क्रम में बटेश्वर



तिवारी,दिलीप तिवारी,बिजय तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने अपने घर के सामने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। रथ पर देव प्रतिमाओं के साथ यज्ञाचार्य जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज भी मौजूद रहे। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी,सचिव रासबिहारी तिवारी,भाजपा नेता अमरेश तिवारी,पत्रकार राम निवास तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी,अरुण त्रिवेदी,गोखूल तिवारी,धीरन तिवारी,सोनी तिवारी,मुकेश तिवारी,दिपु तिवारी,श्रीराम तिवारी,अजित तिवारी,सुधीर तिवारी,नितु तिवारी,अमित तिवारी,बालमुकुंद तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। यज्ञ समिति ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर प्रतिदिन रामकथा भी चल रही है। जिसमें बलिया से पधारे मानस प्रवक्ता राधेश्याम तिवारी, मानस मर्मज्ञ राजहंस श्याम शास्त्री व वाराणसी से आईं मानस माधूरी श्रीमती सुनीता पांडेय के द्वारा प्रतिदिन रात्रि सात बजे से बारह बजे तक श्रीराम कथा व भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

## द क्रेस्ट एन कोचिंग सेंटर ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हरिहरगंज।** शहर के न्यू बस स्टैंड स्थित द क्रेस्ट एन कोचिंग सेंटर ने बुधवार को एक समारोह आयोजित कर मैट्रिक तथा इंटर साइंस के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सेंटर के छात्र- छात्राओं ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। निर्देशक मोहन मिश्रा ने बताया कि द क्रेस्ट एन कोचिंग सेंटर के छात्रों का रिजल्ट शत प्रतिशत आया है। इंटर साइंस की परीक्षा में अंशु 415, विवेक, 410, मुकेश 405, धीरज 401, लव कुश 401, राकेश 403, खुशी 401, खुशबू 394, जया 396, निरंजन 391 अंक लाया है। वहीं मैट्रिक की परीक्षा में अनिरुद्ध 469, पवन 469, वर्षा 469, मुरारी 461, करण 460, रानी 457, मनीष 457, शुभम 455, जया 451, पुष्पांजलि 449, विकास 445, पम्मी 441, प्रीति 442, रानी 436, रौनक 436, अवंती 409, अनीता 419 अंक प्राप्त कर द क्रेस्ट एन कोचिंग सेंटर का मान बढ़ाये हैं। वही निर्देशक मोहन मिश्रा ने कहा कि इंटर व मैट्रिक की परीक्षा में कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राएं शत प्रतिशत सफल हुए। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर के द्वारा मेडल व कप देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय द क्रेस्ट एन कोचिंग सेंटर के संचालक व शिक्षकों को दिया है।

## यज्ञ सनातन हिंदू सांस्कृतिक का अहम हिस्सा है

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बुलंदबीघा गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।इसका शुभारंभ पलामू जिला के ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, उर्फ टूटू सिंह, इंटक के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय कुमार तिवारी, मुख्य यजमान ओमप्रकाश उपाध्याय ने संयुक्त रूप से कलश प्रदान कर किया। यात्रा की शुरूआत हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई। यात्रा हाथी, घोड़े गाजे बाजे के साथ मंडप परिसर से शुरू हुई और बुलंदबीघा, करमनडीह, सोन वर्षा व शहर के विभिन्न चौक चौराहों होते हुए देवरी सोन नदी स्थित घाट पर पहुंची। जहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूरे विधि विधान के साथ कलाशों में जल भरी का रस्म पूरी की। यात्रा के दौरान जय श्री राम,जय हनुमान की उद्घोष से पुरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था, जल भरी के बाद कलश यात्रा पुनःमंदिर परिसर पहुंची। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया की हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ भारत वर्ष के महान संत श्री श्री 1008श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पाद सेवक श्री जीयर स्वामी जी के सानिध्य मे किया जायेगा। यज्ञ की शुरूआत 24 मई से शुरू है। जो आगामी 29 मई को महायज्ञ की पूर्णहुति, हवन पूजा के साथ संपन्न होगा। मौके पर बीएचयु छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, वशिष्ठ सिंह, भुवनेश सिंह, विनय पासवान, रामकिशुन उपाध्याय , अंबिका सिंह, किसान तिवारी, रामधनी उपाध्याय, संजय पाठक, बरुन सिंह समेत काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

**नावा बजार।** मंडल में कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह तथा प्रखंड कार्यसमिति के प्रखंड प्रभारी अखिलेश यादव ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाचरण मुखर्जी के चित्रों पर उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा फूल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य रूप से यह बैठक महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने हेतु हर मंडल में की जा रही है जिससे पार्टी और भी मजबूत हो। मौके पर उपस्थित श्री चंद्रवंशी ने अपनी बातों को रखते हुए बोला - 29/5/2023 मई से25/ जून तक प्रखंड में 40से 50 कार्यकर्ता टोली बनाकर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाना है और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्य बताना है। वहीं मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने प्रखंड में पानी की किल्लत से उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। जिस पर जल्द ही पानी की किल्लत को दूर करने की बात कही गई। उपस्थित सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, महामंत्री मनोज शाह, किसान मोर्चा उदय यादव, महामंत्री महेंद्र साह, उदय चंद्रवंशी, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कबड्डी टीम को राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में मिला तीसरा स्थान

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में कबड्डी टीम के सभी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

### शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करने तक ही नहीं होना चाहिए : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में बुधवार को गिरिडीह में आयोजित नौवीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप-2023 के पलामू जिला के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विदित हो कि गिरिडीह में 19 मई से 21 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पलामू जिले के बालक वर्ग की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। मौके पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विश्रामपुर, सुरजीत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि



विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुजीत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करने तक ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास तभी संभव है जब समावेशी शिक्षा के माध्यम से संस्कार तथा चरित्र निर्माण हो। उन्होंने कहा कि पुरानी अवधारणा के माध्यम से कहा जाता था कि 'खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब' परंतु वर्तमान समय में अब ऐसा बिल्कुल ही नहीं है। आज बच्चे खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना रहे हैं तथा सुरक्षित भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी को दुनिया के कौन नहीं जानता है जिन्होंने खेल के क्षेत्र में दुनिया के सामने अपने प्रतिभा को लोहा मनवाया है। एसडीपीओ श्री सुरजीत ने कहा कि बोकारो, धनबाद और रांची जिला जैसे कबड्डी टीमों को पराजित कर तीसरा स्थान हासिल करना पलामू जिला के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बालिका वर्ग का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बालिकाओं की टीम ने गोड्डा और खूंटी जिला जैसे कबड्डी टीमों को पराजित कर यह साबित कर दिया है कि पलामू की बेटियां भी किसी अन्य जिलों से कम नहीं है। एसडीपीओ श्री कुमार ने पलामू जिला प्रशासन के तरफ से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पलामू जिला प्रशासन पलामू जिले के खिलाड़ियों को हर संभव सहायता एवं सुरक्षा प्रदान करते रहेगी।

## अभिमन्यु ने राज्य में दसवां व पलामू में दूसरा स्थान हासिल किया

**हुसैनाबाद।** जपला शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय के छात्र अभिमन्यु कुमार झारखंड अधिविद्य 2023 की परीक्षा में झारखंड प्रदेश में दसवें व पलामू जिला में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। अभिमन्यु मोहम्मद गंज प्रखंड के लटपौरी गांव का निवासी है। शांति देवी व राजकुमार का पुत्र अभिमन्यु अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है।उसे इस परीक्षा में कुल 468 अंक मिले है। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आगे वह मेडिकल की तैयारी में जुटा है। चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना अपना लक्ष्य बताया । उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उसकी इस उपलब्धि पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह, प्राचार्य सचितानंद तिवारी,प्रो. संजय कुमार सिंह,कंचन कुमार सिंह, अरबिंद सिंह, कृष्णा सिंह, अरुण कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार पाल आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# इनोवेटिव कोचिंग के विद्यार्थियों को मिली शत-प्रतिशत सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** इनोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक और इंटर साइंस की परीक्षा में इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर बाजी मारी। शत प्रतिशत रिजल्ट देकर अपने कोचिंग के साथ अपने क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। बेहतर रिजल्ट आने पर बुधवार को कोचिंग सेंटर के द्वारा सम्मान- समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक इंजीनियर वाल्टर सर ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।। कोचिंग सेंटर के निदेशक वाल्टर ने बताया से पिछले 10 वर्षों से संस्थान में मैट्रिक व इंटर के टॉपर्स निकल रहे हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल बोर्ड (स्मार्ट) के साथ कक्षा 7वीं से 12वीं तक के पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था है। संस्थान में जहां मैट्रिक के परीक्षा में प्रशांत कुमार पलामू टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जबकि नंदिनी 92, अक्षय 91.8, अभिषेक 91.2, कात्यानी 91, आयुष 90.6, मनीष 90, विशाल 88.6, प्रीति 86. 8, अश्विनी 84. 2, गोलू 83.4, विशाल 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

# डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पार्क में होगा पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** 25 मई को इंडियन पीपल्स थियेटर एसोसिएशन (इप्टा) अपने सांस्कृतिक आंदोलन का 80 वर्ष पूरा करने जा रहा है। इसे लेकर झारखंड के पलामू इप्टाकर्मियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इप्टा की पलामू इकाई के जिला सचिव रविशंकर ने बताया कि मेदिनीनगर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सद्भावना वृक्ष के रूप में पीपल का पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सद्भावना वृक्ष के रूप में पौधारोपण कार्यक्रम में उस मिट्टी का प्रयोग किया जाएगा जिसे इप्टा की राष्ट्रीय समिति ने ढाई आखर प्रेम की यात्रा के वक्त कई राज्यों के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हुए शहीदों, साहित्यकारों, कलाकारों की शहादत स्थल व जन्मभूमि से मिट्टी संग्रहित की गई थी। ज्ञात हो कि देश में नफरत का माहौल देखते हुए इप्टा की राष्ट्रीय समिति ने ढाई आखर प्रेम की यात्रा राहुल सांकृत्यायन की जयंती के अवसर पर 9 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से प्रारंभ की गई थी। इस यात्रा में शहीद स्थलों तथा स्वतंत्रता, समता, स्वतंत्रता, न्याय और सद्भावना के लिए अपनी रचनात्मक उर्जा को समर्पित करने वाले साहित्यकारों, कलाकारों और राजनीतिज्ञों की जन्मभूमि की मिट्टी को संग्रहित किया था। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों के परिवारों से मिलते जुलते हुए तमाम स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। यह यात्रा तमाम हिंदी प्रदेशों में पहुंची थी और संत कबीर के ढाई आखर संदेश को लोगों तक पहुंचाया था। संग्रहित मिट्टी का उपयोग कर सभी राज्यों में सद्भावना वृक्ष लगाने का निर्णय भी लिया गया था। इसी निर्णय के आधार पर झारखंड इप्टा की पलामू इकाई के द्वारा इप्टा के 80 वर्ष पूरा करने के अवसर पर सद्भावना वृक्ष लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस मौके पर जिला सचिव रविशंकर ने तमाम मेदनीनगर वासियों से अपील किया है कि मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में 6:00 बजे शाम को उपस्थित होकर इप्टा द्वारा आयोजित पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी सद्भावना को समृद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,गुमला (स्थापना शाखा)

E-Mail - edc-gumla@jharkhandmail.gov.in

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची के द्वारा के विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित रिक्त) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इन्टरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्न वर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में चयनित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों को एतद् सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे जिला स्थापना शाखा, गुमला (नया समाहरणालय भवन भाग 1 के कमरा 13) में मूल कागजातों, 2 प्रति मूल कागजातों की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

चयनित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची गुमला जिला के वेब साईट http//guml.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त,
गुमला

PR 298182 District(23-24).D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0–19/023, दिनांक–20.05.2023 में लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष, पति–प्रदीप गुप्ता, सा0–दलेली, पोस्ट–ओखरगाड़ा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–12.05.2023 को रात्री समय लगभग 10:30 कही चली गई है। उक्त लापता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग– सावला
लम्बाई– लगभग 4 फीट
पहनावा– पिला कलर का साड़ी
भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 298186Police(23-24)#D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

**इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 05/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत गाँधी मैदान, मैरिन ड्राईव एवं अम्बेडकर पार्क में आवश्यक कार्य किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति एवं संवेदक दिनांक 30.05.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन (अधिष्ठापित सहित) जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 5,000/– रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 30.05.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। अधिष्ठापन सहित सामग्री निम्नवत् है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अम्बेडकर पार्क में। | 1. डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी का मुर्ति अधिष्ठापन (उचाई 72" (6 फीट), वजन – 180 –190Kg.) मेटेरियल – ब्रांज एवं कॉपर का प्रति फीट दर। |

नोट :– निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/– नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298179 Palamu (23-24)_D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला स्थापना शाखा )

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक– 1730(3)/रा0, दिनांक–19.05.2023 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2017 ( नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इण्टरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु (चतरा जिला के लिये) अनुशंसित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच डी0आर0डी0ए0, सभागार चतरा में दिनांक–30.05.2023 (मंगलवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा।

निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु चतरा जिला से संबधित सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपने प्रमाण पत्रों की जांच कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.298164 District(23-24):D



## कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

(P.R No.- 295218)

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**P.R No.- 295218**) के कम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :– | | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 30.06.2023 |
| ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :– | | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 30.05.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 30.06.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 298192 Lohardaga (23-24)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष)**



नगर उटॉरी थाना दैनिकी सनहा सं0–16/023, दिनांक–06.06.2023, में लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष, पे0–सुदामा राम, सा0–जमुआ, थाना–नगर उटॉरी, जिला–गढ़वा, राज्य झारखण्ड के रहने वाले हैं। जो दिनांक–02/05/.2023 को समय लगभग 10:30 अपने घर से लापता हैं। घर से बिना बताये हुये निकला जो अभी तक लापता है, जो मानसीक रूप से थेड़ा विक्षिप्त है। उक्त लापाता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता में लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष, पे0–सुदामा राम, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गेहुँआ
लम्बाई– लगभग 5 फीट
भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढवा

PR 298187 (Police)23-24*D

## NEWS इन ब्रीफ

### ऋषभ 96.2 के साथ बने पलामू टॉपर, डॉक्टर बनने का है सपना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा निवासी राकेश कुमार के पुत्र ऋषभ कुमार जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में टॉप किये। साथ ही राज्य भर में टॉप 10 में जगह बनायी है। ऋषभ कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में 96.2% अंक लाये हैं। ऋषभ की सफलता से माता पिता और गुरुजन काफी प्रसन्न हैं। ऋषभ के पिता राकेश कुमार ग्रामीण क्षेत्र में क्लिनिक चलाते हैं। ऋषभ आरके सूरत हाई स्कूल का छात्र है व 5 से 6 घंटे सेल्फ स्टडी कर सफलता हासिल की है। ऋषभ कुमार ने बताया कि उसे बड़ा होकर एक अच्छा न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर बनना है। आए दिन मरीजों के साथ हो रही नाइंसाफी को रोककर गरीबों की सेवा करना चाहता है।

### दुष्कर्म में शामिल सभी आरोपियों को दिलाएं कड़ी सजा: शांति देवी

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 मई को हुए दलित नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात करने शांति देवी जिला परिषद अध्यक्ष गढ़वा, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पहुंची। उन्होंने कहा कि आपकी इस कठिन समस्या में हम आपके साथ हैं और किसी भी तरह की असुविधा होने पर आप सूचना देने का काम करें। यथासंभव समाधान करने की कोशिश करेंगे।

# नाबालिग छात्रा को गर्भपात की दवा खिलाने के बाद हालत बिगड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** सदर अस्पताल में एक नाबालिक 11 वर्षीय गर्भवती छात्रा का इलाज चल रहा है।पलामू जिले के नक्सल प्रभावित इलाके की एक 11 वर्षीय नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई थी। इसके बाद नाबालिग लड़की को दवा खिलाकर उसका गर्भपात कराया गया।जिसके बाद नाबालिग लड़की की हालत खराब हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इलाज के क्रम में पूरे मामले का खुलासा हुआ।फिलहाल पीड़िता की हालत गंभीर है। डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम उस पर निगरानी रख रही है। फिलहाल पीड़िता खुल कर कुछ बता नहीं पा रही है। पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन कर दी है। जबकि पीड़िता के बयान के आधार पर पॉक्सो, दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है। दरअसल,



पीड़िता पलामू के एक नक्सल प्रभावित इलाके में स्कूल की छात्रा है। मामले में आरोपी भी स्कूल का ही है। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है और उसके खिलाफ छापेमारी कर रही है। पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने सिर्फ यह बताया है कि आरोपी उसके स्कूल से है। संबंधित थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता अभी कुछ बता नहीं पा रही है। हालात में सुधार होने पर पीड़िता का बयान लिया जाएगा। जिसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले में तकनीकी समेत कई बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। मामला दुष्कर्म का है या यौन शोषण का यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।जानकारी के अनुसार पीड़िता गर्भवती हो गई थी और मामले की जानकारी परिजनों को नहीं दी गई थी। दवा खाने के बाद पीड़िता की हालत गंभीर हो गई। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। लड़की की हालत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे स्थानीय अस्पताल लेकर गए। जहां से इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पलामू में पिछले कुछ महीनों में यह दूसरा मामला है, जब एक स्कूली छात्रा गर्भवती हुई है। इससे पहले एक दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती हो गई थी।

# हाई स्कूल के नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हाई स्कूल के नवनियुक्त शिक्षको का प्रशिक्षण बुधवार से स्थानीय जिला स्कूल के प्रशाल में शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ पलामू डीईओ के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान नीलाम्बर-पीताम्बर पुर के हाई स्कूल के प्राचार्य ,पांकी के क्षेत्रीय शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमृता सिंह ,डीईओ कार्यालय के महेन्द्र सिंह ने नवनियुक्त शिक्षको को शिक्षा विभाग की जानकरी दी। गौरतलब है कि



पलामू में नवनियुक्त शिक्षकों का शिक्षा विभाग के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें 3 जून तक सभी नवनियुक्त शिक्षकों को विभाग और स्कूल से संबंधित जानकारी देनी है।

# पीएम मोदी की पहल पर पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू हुआ खास अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर विश्व पटल पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत पानी, ऊर्जा, वन, वन्य जीव संरक्षण को लेकर कार्य किया जा रहा है। 5 जून तक इस अभियान को चलाया जा रहा है। 5 जून पर्यावरण दिवस तक लोगों को प्राकृतिक और पर्यावरण संरक्षण संबध में जागरूक किया जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व में भी इस अभियान को लेकर गांव-गांव, स्कूल, समेत सभी को जागरूक किया जा रहा है।पलामू टाइगर रिजर्व द्वारा पीटीआर क्षेत्र समेत आस-पास के क्षेत्र में लाइफ स्टाइल फॉर इनवॉर्नमेंट (मिशन लाइफ) के तहत बेतला रेंज में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इको विकास समिति द्वारा गांव-गांव में घूम-घूम कर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास और पर्यावरण संरक्षण कितना जरूरी है, को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। स्कूल में भी स्कूली बच्चे और शिक्षक, सीआरपीएफ सभी को पीटीआर द्वारा अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर जिसके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जायेगा उसे पीटीआर प्रबंधक द्वारा 5 जून को सम्मानित भी किया जाएगा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना ने बताया की आज के समय में ग्लोबल वार्मिंग बड़ा खतरा बना हुआ है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण में सभी लोगों की भूमिका है। बेतला नेशनल पार्क एक राष्ट्रीय धरोहर है। इसे बचाना बेहद जरूरी है। वन्य और वन्य जीवों का संरक्षण करना हमारा दायित्व है।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल



**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के केच्की कचनपुर निवासी प्रमोद सिंह उम्र 25 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार प्रमोद सिंह बुधवार की सुबह बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाये। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# सरकार देगी टॉप 3 रैंक धारकों को 3 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार



### अन्य टॉपर्स को एक लैपटॉप व एक स्मार्टफोन के साथ कुछ पुरस्कार राशि भी दी जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक ईनाम योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत जैक बोर्ड परीक्षा, सीबीएससी बोर्ड परीक्षा और आईसीएसईई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा के टॉप 3 रैंक धारकों को 3 लाख रुपये तक नकद पुरस्कार, एक लैपटॉप और एक मोबाइल फोन दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य टॉपर्स को एक लैपटॉप और एक स्मार्टफोन के साथ कुछ पुरस्कार राशि भी दी जायेगी। ज्ञात हो कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने साल 2023 की शुरूआत में ही इस योजना की घोषणा की थी। उन्होंने बताया था कि इस फैसले को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। सीएम ने कहा है कि सरकार बोर्ड परीक्षाओं के बाद मेधावी छात्रों के परिवारों का शुरूआती वित्तीय बोझ कम करना चाहती है, इसलिए हमने योजना शुरू की है।

#### इस बार जैक में नया बदलाव

इस बार से जैक में एक नया बदलाव हुआ है। इस बार हर स्कूल से पहले 10 स्थान पर रहने वाले टॉपर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य में जो टॉपर आएंगे उन्हें स्टेट लेवल पर पुरस्कार दिए जाएंगे और जो स्कूल लेवल पर टॉप करेंगे, उन्हें स्कूल लेबल पर सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2020 में भी पुरस्कार और सम्मान समारोह आयोजित किया गया था, लेकिन इस बार इनामी राशि में इजाफा किया गया ह। पिछले साल 68 टॉपरों को सम्मानित किया गया था। योजना की शुरूआत के बाद पिछले साल के 10 वीं और 12 वीं के 68 टॉपरों को सीएम ने सम्मानित किया था।परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की सूची झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी की थी। इस साल भी टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सीएम पुरस्कृत और सम्मानित करेंगे।

# एमएलटीसी इंस्टीट्यूट की छात्रा सौम्या सोनल बनी प्रखंड टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड बोर्ड दसवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें नावा बाजार प्रखंड अन्तर्गत तुकबेरा की रहने वाली कुमारी सौम्या सोनल पिता सतेन्द्र पासवान माता अनिता देवी 94. 4 परसेंट अंक लाकर कर नावा बाजार प्रखंड टॉपर बनी है। साथ जिला में टॉप टेन में नौंवा स्थान प्राप्त की है। सौम्या सोनल एमएलटीसी इंस्टीट्यूट बाना की छात्रा है। वह इंस्टीट्यूट के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन की है । उसे हिंदी में 93, मैथ में 95, साइंस में 97, सोशल साइंस 96 , इंग्लिश 91 अंक प्राप्त हुए है। रिजल्ट आने के बाद




एमएलटीसी के डायरेक्टर प्रवीण कुमार मेहता के साथ पूरी टीम ने सौम्या सोनल को सफलता पर बधाई दी हैं। सौम्या सोनल ने बताया कि वो मैट्रिक परीक्षा के लिए रोजाना 5 से 6 घंटे सेल्फ स्टडी करती थी । परीक्षा को लेकर कभी भी प्रेशर नहीं ली सामान्य रूप से नियमित पढ़ाई करती रही। इसी का नतीजा है कि इतने अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। सौम्या सोनल आईएएस ऑफीसर बनना चाहती है। इसके साथ ही हिमांशु कुमार को 92.60 , रोहित कुमार को 92. 00 , खुश्बू कुमारी को 91.20, अनु कुमारी को 90.20 प्रतिशत अंक के साथ कोचिंग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

# निबंधन कार्यालय में जोरों से चल रही है घूसखोरी : रूचिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने निबंधन कार्यालय के भ्रष्टाचार के मामले को उजागर करते हुए पलामू उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में पलामू उपायुक्त को ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पलामू जिला मेदिनीनगर नगर निबंधन कार्यालय में लाखों रुपया भ्रष्टाचार करके सरकार के टैक्स के पैसा का बंदरबांट कर डकार लिया जाता हैं। जब वह इस क्रम में जांच करने निबंधन कार्यालय में गए तो पता चला कि किसी भी केवाला का कॉपी लेने में सर्च एंड मुहावरा का जो पैसा होता है ।वह सरकार के राजस्व से ना कट करके सीधे निबंधन कार्यालय और उनके पदाधिकारियों के पास चला जाता है। जिससे लाखों रुपया राजस्व का चूना लगता है ।यही नहीं इसके अलावा यह निबंधन कार्यालय से भी पता कर लिया जा सकता है कि प्रतिदिन सैकड़ों रजिस्ट्री ऑफिस से केवाला के नकल निकलते हैं लेकिन सर्च एंड मुआवजे की ऑनलाइन स्लिप नहीं जमा होती है। बल्कि वह पैसा सीधे निबंधन कार्यालय के पदाधिकारी एवं लोगों के बीच बंट जाता है। इससे पहले जिला निबंधन कार्यालय में एसीबी की टीम के द्वारा छापा भी पड़ा था लेकिन उसके बाद भी यहां के पदाधिकारी निडर होकर सरकार के राजस्व का चूना लगाकर घुसखोरी कर रहे हैं।

### मरीजों को ले जाया जा रहा निजी क्लीनिक

# दलाली के धंधे में संलिप्त हैं कुछ स्वास्थ्य सहिया




### भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल से प्रतिदिन कुछ सहिया और दलालों के द्वारा निजी क्लीनिक में मरीज को ले जाने और इलाज कराने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन सदर अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंचे मरीजों को सहिया और दलालों के माध्यम से निजी क्लीनिक ले जाया जा रहा है। जहां भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है। शहर में कई नर्सिंग होम को चलाने में और उन्हें बेनिफिट कराने में सहिया दीदी अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। नर्सिंग होम में खासकर महिला मरीजों को सहिया दीदी फंसा कर लाती हैं।इसके बदले संबंधित नर्सिंग होम से उन्हें तीन से पांच हजार रुपए तक कमीशन मिलता हैं। मोटी राशि के लालच में कई सहिया दीदी इसे अपना पेशा बना ली हैं। बताया जाता है कि कई सहिया दीदियों ने कई अस्पतालों से साठगांठ कर रखी है। सुबह होते 10 बजते ही कुछ दलाल किस्म के स्वस्थ सहिया सदर अस्पताल पहुंचकर पर्ची काउंटर के पास खड़े हो जाते हैं, और मरीज को अपने झांसे में फसाने के काम में लग जाते हैं। इन दिनों सदर अस्पताल के पर्ची काउंटर पर मरीजों का काफी भीड़ हो रहा है। जैसे ही कोई मरीज टिकट काउंटर से पर्ची कटवा कर बाहर निकलता है,टिकट काउंटर पर खड़े दलाल सहिया मरीज को रोक कर उसका पुर्जा पढ़ते हैं और झांसा देते हैं कि वह उन्हें इलाज करवाने के साथ-साथ कम पैसे में जांच करा देंगे। इतना ही नहीं मरीजों को इन सहिया द्वारा यह भी बताया जाता है कि सदर अस्पताल में सही इलाज नहीं होता है, यहां अच्छे डॉक्टर नहीं भेजते हैं और यहां की सरकारी दवा खाने पर लाभ नहीं पहुंचता है। उनकी बातों के प्रलोभन में आकर मरीज भी जानकारी के अभाव में उनके चंगुल में फंसकर इलाज कराने, प्राइवेट क्लीनिक से दवा लेने और जांच कराने को मजबूर हो जाते हैं। इसकी शिकायत अस्पताल अधीक्षक से लोगों ने किया है,इसके बाद भी अस्पताल अधीक्षक के द्वारा इन दलाल सहियाओ पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को ड्रेस कोड भी दिया गया है इसके बाद भी सहीया अपने ड्रेस में नजर नहीं आते हैं। इनकी वजह से अन्य सहिया भी बदनाम हो रही है जो की दलाली के धंधे से कोसों दूर हैं।



PR No. 298000 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## कॉलेज के छात्रों ने प्रोफेसरों पर प्रैक्टिकल के लिए पैसे लेने का लगाया आरोप

# बीएमएस के 68 में से 55 विद्यार्थी फेल




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
बीते चार दशकों से संचालित बीएसएम कालेज के इंटर साइंस में 68 छात्रों में 55 फेल हो गए, जबकि 5 विद्यार्थी प्रथम व 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। फेल हुए विद्यार्थियों में कॉलेज शिक्षकों के प्रति खासा आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कॉलेज के प्रोफेसर के द्वारा प्रैक्टिकल में 500 से 1000 रुपये तक लिए गए। आक्रोशित छात्र नंदगोपाल कुमार, अभिजीत कुमार, अंकित, नीतीश, अमित, अनीस, ओमप्रकाश, दुर्गेश, काजल कुमारी, प्रियंका, चंचला, अर्पणा, कुमारी ने बताया कि हम लोगों की परीक्षा बहुत अच्छी हुई थी, परंतु कॉपी जांच में कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई है। हम दुबारा कॉपी जांच करना चाहते हैं। कहा कि विद्यालय में पढ़ाई ढंग की नहीं हो रही है। साइंस विषय के प्रोफेसर वीरेंद्र विश्वकर्मा, शशि कुमारी व अरविंद कुमार सेंगर का महाविद्यालय के बजाय अपने घरों व कोचिंग सेंटर में पढ़ाने पर जोर है। कहा कि उक्त तीनों लोगों द्वारा प्रैक्टिकल में पासिंग मार्क्स के लिए पैसे लिये गये फिर भी प्रैक्टिकल में भी कई छात्र फेल हो गए हैं। वहीं छात्रों से प्रैक्टिकल में पैसे लेने के मामले में तीनों प्रोफ़ेसरों ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।

बताते चलें कि पिछले चार दशक से बीएसएम कॉलेज संचालित है। इस महाविद्यालय से पढ़कर आज कई छात्र-छात्राएं सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में उच्च पद पर आसीन है, परंतु इस वर्ष इंटर साइंस के आये रिजल्ट से कॉलेज की साख पर बटा लगा है। इस संबंध में पूछे जाने पर कॉलेज के सचिव सह विधायक भानु प्रताप शाही ने बताया की मामले की जानकारी नहीं है। वहीं बीएसएम बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के प्राचार्य आरपी शुक्ला ने इस बाबत बताया कि छात्रों के आये खराब परिणाम से दुखी हूं। यह जांच का मामला है की क्यों कमी हुई है। छात्रों के द्वारा प्रोफेसरों पर प्रैक्टिकल में पैसे लेने की जानकारी नहीं है।

## रमना के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन






**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविद परिषद 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्र रवि किशन 94. 40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने के साथ -साथ जिला टॉप टेन में भी शामिल है।

इसी प्रकार गोविंद विश्वकर्मा 92.40 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा, नितेश कुमार 89.60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, मानस कुमार पांडेय 86.80 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, आकाश कुमार यादव 85. 80 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, अभिषेक कुमार 85.00 प्रतिशत अंक लाकर छठा, विकास कुमार 81. 20 प्रतिशत अंक लाकर सातवां, रणजीत कुमार 80.80 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, अनुराग कुशवाहा 79. 80 प्रतिशत अंक लाकर नौवां जबकि उत्तम कुमार 78.60 प्रतिशत अंक लाकर जमा दो उच्च विद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं बालिका उच्च विद्यालय में कशिश कुमारी 89.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। निकिता कुमारी 89.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा, काजल गुप्ता 89.00 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, शानु कुमारी 88.80 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, स्वाति कुमारी 88. 40 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, अनामिका कुमारी 85. 80 प्रतिशत अंक लाकर छठा, रानी कुमारी 84.40 प्रतिशत अंक लाकर सातवां, श्रेया शुक्ला 84.00 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, खुशी कुमारी 82.20 प्रतिशत अंक लाकर नौवां तथा पायल कुमारी ने 82.20 प्रतिशत अंक लाकर दसवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पर्यटन स्थलों को लेकर किया गया विचार विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श हेतु आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् गढ़वा की कार्यकारिणी निकाय एवं शासी निकाय की बैठक की गई। बैठक में गढ़वा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटन स्थल को लेकर विचार विमर्श किया गया। पर्यटन स्थलों में मुख्य रूप से बाबा बंशीधर मंदिर श्री बंशीधर नगर, सतबहिनी झरना कांडी, गुरु सिंधु जलप्रपात चिनियां, माँ गढ़देवी मंदिर गढ़वा, अन्नराज डैम गढ़वा, बाबा खोंहरनाथ मंदिर तिलदाग गढ़वा, नक्षत्र वन रंका, भलपहाड़ी मंदिर रंका, सुखलदरी जलप्रपात, धुरकी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, नगर उंटारी, मां चुतुर्भुजी भगवती मंदिर केतार समेत अन्य पर्यटन

### पर्यटन स्थलों में कराए गए कार्यों से संबंधित विवरण भी प्रस्तुत किया गया

स्थलों पर चर्चा हुई। बैठक में गढ़वा जिला अंतर्गत पर्यटन स्थलों में कराए गए कार्यों से संबंधित विवरण भी प्रस्तुत किया गया। पर्यटन मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त आवंटन के आलोक में बैठक में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला में कई अन्य पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव एवं सुझाव दिए गए। जनप्रतिनिधियों द्वारा मां गढ़देवी महोत्सव का आयोजन का प्रस्ताव, नारायण वन केतार, रामलला मंदिर गढ़वा, ब्रह्म स्थान लगमा, तारामंडल, सरूवत पहाड़ी समेत लगमा ब्रह्मस्थान में सामुदायिक भवन निर्माण, चारदीवारी निर्माण, विवाह मंडप का निर्माण कराने समेत अन्य का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में अध्यक्ष जिला परिषद, शांति देवी, उप विकास आयुक्त, राजेश राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, दिलीप यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, शशि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, आलोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि गढ़वा, धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुरराजीव रंजन तिवारी, माननीय विधायक प्रतिनिधि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र, चंद्रदीप चंद्रवंशी समेत गोपनीय प्रभारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी-सह-पर्यटन नोडल पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला खनन पदाधिकारी, एमभीआई परिवहन विभाग गढ़वा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बरवाबांध गांव में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाबांध गांव में मंगलवार की रात एक युवक ने घर में कंडी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शैलेश कुमार राम (19) बरवाबांध निवासी तपेश्वर राम का पुत्र बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही घटनानास्थल पर पहुंची भवनाथपुर पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी ली तथा शव को फंदे से उतरवाकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार मृतक शैलेश कुमार राम की दिमागी हालत ठीक नही थी। वह एक माह पूर्व ही दूसरे प्रदेश से कमा कर अपना घर लौटा था। मंगलवार की रात वह अपने माता पिता के साथ खाना खाने के बाद सोने चला गया था, जब वह बुधवार की सुबह नही उठा तो उसकी माँ उसे जगाने पहुंची तो देखा कि शैलेश घर के अंदर कंडी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके बाद इसकी जानकारी आस पड़ोस के लोगो को दी।

## लातेहार/चतरा संक्षिप्त

### आठ सूत्री मांग को लेकर कार्यक्रम आयोजित



बालूमाथ। आठ सूत्री मांग को लेकर झारखंड जेनरल कामगार यूनियन एवं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले जोगियाडीह मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंडी नेता जयराम उर्फ टाइगर महतो तथा विशिष्ट अतिथि विकास महतो उपस्थित हुए। जयराम महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र खनिज संपदा से भरा पड़ा है लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक यहां के झारखंडी भाईयों को उनका पूरा हक और अधिकार नहीं मिला। अपने अधिकारों की लड़ाई संवैधानिक तरिके से लड़नी होगी। वहीं विकास कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में कंपनियां मजदूरों का शोषण करती हैं और जनता को ठगने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम के संयोजक सह संचालक प्रदीप गंझू ने कहा कि हजारों की संख्या में युवा, मजदूर, किसान व महिला जुटकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष की रणनीति तय करेंगे। मौके पर राजु महतो, राजकुमार उरांव, जगदेव उरांव, बरवीर सिंह, संजय उरांव समेत सैकड़ों मजदूर एव विस्थापित प्रभावित जनता मौजूद थे।

### श्रीश्री 108 महा रुद्र यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के मंदावन में श्री श्री 108 महारुद्र सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कल शयात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं व कन्याओं के साथ विशेष रूप से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा नेता टुन्नी सिंह, नवादा मुखिया विकास सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, सुरेश सिंह व भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। जिप उपाध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। अलखदेव सिंह, सहदेव सिंह, रामबेचन सिंह, दशरथ साव, संतोष साव आदि शामिल थे।

### भाजपा की बैठक में शामिल हुए पार्टी प्रभारी

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के भाजपा मंडल कार्यालय में बरवाडीह मंडल कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रभारी के रूप में पार्टी के जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने मंडल कमेटी के चल रहे कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ सशक्तिकरण अभियान, महा जनसंपर्क अभियान और आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम पर चर्चा की। उन्होंने तीनों अभियानों को सफल बनाने को के लिए मंडल कमेटी के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ,आपूर्ति सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, सखींचंद प्रसाद, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, गौतम पांडे, मनोज कुमार यादव, हेमंत कश्यप, संतोष सिंह, मनोज सिंह चेरो आदि मौजूद थे।

### योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर


**बालूमाथ।** प्रखंड भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। कुशवाहा ने प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशों की जानकारी देने के साथ आगामी 20 जून से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान के तहत विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गणेश्वर यादव, मंडल उपाध्यक्ष पंचानन पांडे, मंडल मंत्री रंजीत गुप्ता, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तूरी, किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति राजकुमार महतो आदि मौजूद थे।

### मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान




**चतरा/सिमरिया।** शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन से विस्थापित होने वाले किसानों का बंदोबस्त व भूदान से प्राप्त भूमि की रैयी मान्यता देते हुए मुआवजे की मांग को लेकर सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इचाक खुर्द में प्रभावितों ने अनिश्चितकालीन धरना बुधवार से प्रारंभ कर दिया है। किसानों का कहना है कि जबतक मांगे पूरी नहीं होगी धरना जारी रहेगा। किसान संघर्ष समिति के बैनर तले जारी आंदोलन का जनसंघर्ष मोर्चा के सचिव महेश बांडो, संरक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ला, सदस्य संतोष उरांव, सुदीप उरांव, प्रकाश उरांव ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। सरकार वर्षों से जोत कोड कर जीविकोपार्जन कर रहे गरीब परिवारों को उजाड़ने का काम कर रही है। बिहार और झारखंड सरकार द्वारा तीस वर्षों से जोतकार को रैयती मान्यता देने का प्रावधान है। परंतु यह मान्यता गरीब किसानों को नहीं देकर पूंजीपतियों को दिया जा रहा है।

## इंजीनियर्स एकेडमी का गढ़वा में दबदबा



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
शहर के एन इंजीनियर्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने पूरे जिले में परचम लहराया है। संस्थान से जिले के 10 में से चार टॉपर हैं। रमाशंकर यादव ने 466 अंक लाकर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ऋचा गुप्ता ने 454 अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साक्षी कुमारी ने 449 नंबर के साथ जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। शैली पांडे 439 नंबर लाकर जिले में आठवें स्थान पर रही। इसके साथ-साथ संस्थान से कई विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाए हैं। संस्थान के अधिकतर विद्यार्थियों का परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक है। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों में भी हर्ष का माहौल है। निदेशक इंजीनियर रवि रंजन यादव ने बताया कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की अपने काम के प्रति निष्ठा और संस्थान का बेहतर अनुशासन का परिणाम है। संस्थान पहले भी तीन बार लगातार झारखंड में आकांक्षा 40 परीक्षाओं जैसे परीक्षा में झारखंड टॉपर दे चुका है। विद्यार्थी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और हम गढ़वा के विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। 10वीं में सुषमाना पांडे को 92.4 प्रतिशत, आरती यादव को 92.4 प्रतिशत और मनीष यादव को 92.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। साथ ही कई विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## चिनिया प्लस टू उच्च विद्यालय के बच्चों का शानदार प्रदर्शन





**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में चिनिया उ प्लस टू उच्च विद्यालय के कुल 254 बच्चों में 149 ने प्रथम श्रेणी, 93 द्वितीय श्रेणी, तथा 9 बच्चे तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में जगह बनाने वालों में विवेका नंद कुमार यादव 464 अंक, रंजन कुमार यादव 460 अंक, कृष्ण कुमार यादव 460 अंक, निशांत कुमार 456 अंक, सिजान मंसूरी 455 अंक, धीरज पासवान 453 अंक, रंजन यादव 453 अंक, अनुराग गुप्ता 452 अंक, अभिमन्यु प्रसाद 451 अंक, मुन्ना यादव 450 अंक शामिल हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी विद्यालय से इतने अच्छे अंक लाकर बच्चे एवं अभिभावक काफी खुश हैं। इस कामयाबी के अवसर पर छात्रों ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सुझाव के कारण यह संभव हो पाया है। प्रधानाध्यापक डॉक्टर चंद्रमौलिश्वर पांडे ने बताया कि शिक्षकों की मेहनत एवं छात्रों के कर्तव्य निष्ठा एवं लगन का यह परिणाम है।

## उपचार | मिलाप मेडिकल सेंटर के प्रयास से डॉ. पंकज प्रभात ने किया इलाज

# दिल की रोगी गरीब महिला को मिला नया जीवन



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
दिल के रोग से जुड़ी एक गरीब महिला को मिलाप मेडिकल सेंटर के प्रयास से डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. पंकज प्रभात ने नया जीवन दिया है। उक्त महिला का सफल ऑपरेशन के बाद उसे मिलाप मेडिकल सेंटर में रखा गया है और अब वह खतरे से बाहर है। मंगलवार को मिलाप मेडिकल सेंटर में संयुक्त रूप से एक प्रेसवार्ता कर डॉ. पंकज प्रभात, मिलाप मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ. असजद अंसारी एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं ने दी। मौके पर डॉ. असजद ने बताया कि उक्त महिला बुल्का गांव निवासी कमला देवी 32 वर्षीय को गंभीर स्थिति में 21 मई को रात्रि में मिलाप मेडिकल सेंटर में भर्ती किया गया। जहां डॉ. असजद ने जांच के बाद डॉ मनीष कुमार सिंह से सलाह कर डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. पंकज प्रभात से उक्त महिला को दिखाने को कहा। ततपश्चात डॉ. पंकज प्रभात मिलाप मेडिकल सेंटर में पहुंचकर उक्त महिला की जांच की। डॉ. पंकज ने बताया उक्त महिला का ईको करने के बाद बाद पता चला कि उसके हृदय के आस-पास काफी पानी भरा हुआ है जिसके कारण उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही है और उसका हृदय, पल्स, ब्लड प्रेशर आदि सब अनियमित है। महिला की स्थिति गंभीर होती जा रही थी। तब उसे प्रभात मेडिकल सेंटर में ईको कार्डियोग्राफी गाइडेड मशीन के माध्यम से जांच के बाद पेरी कार्डियो सेंटेसिस की मदद से उसके हृदय के आसपास जमा पानी को बाहर निकाला गया और उसे कुछ मेडिसिन दी गयी। इसके बाद धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार होने लगा और अब वह खतरे से बाहर है। डॉ. पंकज ने कहा मिलाप मेडिकल सेंटर की मदद से इस तरह का इलाज गढ़वा में पहली बार किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त महिला का इलाज मात्र 2500 रुपये में किया गया जबकि बड़े शहर में इसके लिये 50 हजार रुपये लगते। डॉ. असजद ने कहा की उक्त महिला बहुत ही गरीब परिवार से है इसका पूरा ख्याल रखते हुए डॉ. पंकज प्रभात की देख रेख में मिलाप मेडिकल सेंटर में आईसीयू में भर्ती है और उसके हृदय से निकाला गया पानी जांच के लिये बाहर भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद महिला का आगे का इलाज किया जायेगा। इस मौके पर ओटी असिस्टेंट यूसुफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल और कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में भाई की मौत, बहन गंभीर

**भवनाथपुर।** खरौंधी मुख्य पथ स्थित रोहिनिया मोड़ के समीप बनसानी गांव निवासी देवेंद्र सिंह (25) अपनी बहन प्रमिला सिंह को बाइक पर बैठाकर पैसा निकासी करने खरौंधी जा रहा था, तभी मुख्य पथ पर रोहिनिया मोड़ के समीप उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भवनाथपुर सीएचसी में लाया गया, जहां से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। गढ़वा जाने के दौरान बहियार के समीप देवेंद्र सिंह की मौत हो गई।

### आदेश की अनदेखी

**भवनाथपुर।** बीडीओ जयपाल महतो ने नो पार्किंग जोन में खड़ी एक दर्जन बाइकों की हवा निकालते हुए चेतावनी देकर छोड़ दिया। आम लोगों की बाइक नो पार्किंग में खड़ी कर दी गई। इसके कारण बीडीओ जयपाल महतो की सरकारी गाड़ी बाहर धूप में खड़ी नजर आई।

NEWS इन ब्रीफ

## एसीबी ने 4 हजार रुपये घूस लेते स्वास्थ्य विभाग के बीएएम को किया गिरफ्तार



**चतरा/इटखोरी।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को जिले के इटखोरी प्रखंड में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार हजार रुपये घूस लेते ब्लॉक अकाउंट मैनेजर (बीएएम) शम्भू कुमार रवि को गिरफ्तार कर लिया। कर्मी को एसीबी की टीम ने इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से बीएएम को गिरफ्तार करते हुए अपने साथ हजारीबाग ले गई। बताया गया कि ममता वाहन के विभाग में बकाया करीब 25 हजार रुपये के बिल भुगतान करने के एवज में मांगी गई थी रकम। जिसकी इटखोरी थाना क्षेत्र के लोरम गांव निवासी वाहन मालिक पन्नालाल ने एसीबी से शिकायत की थी और जांचोपरांत जाल बिछाकर बीएएम को रंगे हाथ एसीबी कीटीम ने गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के डीएसपी सादिक अनवर रिजवी ने गिरफ्तारी की पुष्टी की है। इस संबंध में एससीबी ने प्रेश विज्ञप्ती भी जारी की है। गिरफ्तार अकाउंट मैनेजर हजारीबाग के पेलावल थाना क्षेत्र अंतर्गत छड़वा का रहने वाला है।

## जांच में 16 वाहनों से 60 हजार की वसूली

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना के समीप बुधवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान मोटर वाहक निरीक्षक के उपस्थिति में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव व पुलिस निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान 16 छोटी-बड़ी वाहनों से 60 हजार रुपए राजस्व की वसूली की गई। बताया गया कि यह वसूली वैगर हेलमेट के चलने वाले चालको के साथ बैगर शीट बेल्ट के चलने वाले चार पहिए वाहन चालकों से की गई। परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन के इस तरह की करवाई से दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको में हड़कंप मच गया है। कई वाहन चालक चेकिंग को देकर पीछे से भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी ने कहा कि बाईक चलाते समय चालक हेलमेट व चार पहिया में शीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। ताकि जीवन सुरक्षित रह सके और जुमार्ना देना ना पड़े। मौके पर जसवंत सिंह व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट 28 मई को

**बालूमाथ।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आगामी 28 मई को राजकीयकृत उच्च विद्यालय के खेल मैदान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में 11 बजे से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम आवाम को डायन बिसाही, मानव तस्करी एवं बाल मजदूरी, सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम ग्रामीणों और खेल प्रेमियों से 28 मई को +2 उच्च विद्यालय के मैदान में उपस्थित होकर क्रिकेट प्रतियोगिता का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## जलछाजन योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

**बरवाडीह।** जलछाजन योजना अंतर्गत भारतीय लोक कल्याण संस्थान के बैनर तले कृषि स्थाई समिति क्षमता वर्धन के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से की। इस शिविर में प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत के 13 गांवों के लोग शामिल हुए। शिविर में बारिश के पानी को रोकने तथा जल संकट को दूर करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई।

### इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया

# उषा रानी मैट्रिक में 477 अंक लाकर बनी जिला टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओर से घोषित मैट्रिक व इंटर साइंस के परीक्षा परिणाम में प्रखंड के प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा उषा रानी ने मैट्रिक में 477 अंक लाकर जिला टॉप किया है। बता दें कि बालूमाथ प्लस टू उच्च विद्यालय से कुल 427 विद्यार्थी जैक 2022-23 की परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 382 प्रथम, 25 द्वितीय एवं एक तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि 16 मार्जिनल और 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार विद्यालय का सफलता का प्रतिशत 95.5 रहा। इंटर साइंस में प्लस टू हाई स्कूल के जगदीश यादव 435 अंक लाकर प्रखंड टॉपर रहा। वहीं पुष्पांजलि कुमारी द्वितीय एवं सोनल कुमारी तृतीय स्थान पर रही। इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय का सफलता का प्रतिशत 94. 4 रहा, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय का परीक्षा फल काफी अच्छा रहा। प्रखंड टॉप 10 में आशीष कुमार यादव 463 अंक, मानस 461 अंक और संगम कुमार 460 अंक प्राप्त कर अपना स्थान सुनिश्चित किया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिमरसोत की रेशमा कुमारी ने 459 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉप टेन में स्थान बना कर अपने विद्यालय में टॉपर रही।

जिला टॉपर उषा रानी ने अपना सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों के अलावा विशेष रूप से निर्मल सिन्हा को दिया। वहीं राजकीयकृत उच्च विद्यालय के टॉपर रिशु राज सिंह, दीपू कुमार और आनंद कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक के अलावा विद्या कोचिंग सेंटर को दिया है। सभी सफल छात्रों को प्लस टू उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो, मो. निजाम सर, ज्ञानेश्वर पांडे, विजय कुमार, विशाखा मिश्रा, ललिता कुमारी, पंकज सिंह, मुर्शिद कुमार, परियोजना इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक अनीता बड़ा, चंचल सिंह, निर्मल सिन्हा, रेखा कुमारी, संजीत सिंह, उमेश सिन्हा, लल्लन सर, दिलीप शर्मा, उत्क्रमित विद्यालय मुरपा के अवनिकांत मिश्रा, सिमरसोत विद्यालय के योगेंद्र यादव, नरेश प्रजापति के अलावा बालूमाथ के शिक्षाविदों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मनिका के एवरेस्ट कोचिंग सेंटर का साइंस में शत प्रतिशत रहा रिजल्ट




**मनिका।** प्रखंड के बंदूआ रोड स्थित एवरेस्ट कोचिंग सेंटर में साइंस लेकर अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों का झारखंड एकेडमी काउंसिल (जैक) द्वारा जारी परीक्षाफल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। मुकेश यादव 390 अंक, धीरज कुमार रजक 375 अंक, चांदनी कुमारी 367 अंक,- ंदलाल सिंह 364 अंक, सपना कुमारी 361 अंक, राजकुमार उरांव 351 अंक, निशांत कुमार पासवान 344 अंक, सुशीला कुमारी 335 अंक, प्रतिभा लकड़ा 334 अंक, पुरुषोत्तम यादव 330 अंक, शशिकांत कुमार रवि 329 अंक, आशीष उरांव 329 अंक, संदीप कुमार रवि 320 अंक, संजीव उरांव 316 अंक, रणवीर यादव 315 अंक, दीपावली कुमारी 309 अंक, विष्णु शर्मा 300 अंक, उपेंद्र उरांव 300 अंक और आनदेव सिंह ने 282 अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। वहीं कोचिंग सेंटर संचालक विजेंदर पासवान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एवरेस्ट कोचिंग सेंटर से साइंस लेकर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा। कोचिंग सेंटर के संचालक विजेंद्र कुमार पासवान, सहयोगी शिक्षक विकेश कुमार राम, उज्जवल कुमार चौरसिया और मेंटर संदीप पासवान ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## बारियातु में बेटियों ने परचम लहराया







**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** जैक द्वारा घोषित परीक्षाफल में मैट्रिक व साइंस में प्रखंड में लड़कियों ने परचम लहराया है। मैट्रिक में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय टोंटी की पूजा कुमारी, पिता सुरेश गंझू ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पूनम कुमारी, पिता रामकुमार उरांव ने 93 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की जूही सिंह, पिता शंकर सिंह ने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह इंटर साइंस की तन्नू कुमारी, पिता बिजय प्रसाद ने 428 अंक लाकर प्रखंड टॉपर रही। वहीं जिले में नौवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। तन्नू कुमारी ने बताया कि वह डॉक्टर बन कर गरीबों और असहायों को निःस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहती है। तन्नू ने बताया कि उनके पिता किराने की दुकान चलाकर उसे पढ़ा रहे हैं। मां सुजाता देवी पढ़ाई में भरपूर सहयोग करती है। वहीं अमित कुमार, पिता तुलेश्वर यादव ने 71.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा सुषमा कुमारी ने 66 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मैट्रिक में प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शिक्षक की बेटी पूजा साइंस की पढ़ाई करते हुए नीट की तैयारी कर डॉक्टर बन कर गांव में सेवा करना चाहती है। प्रखंड में तृतीय व अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जूही सिंह ने कहा कि वह साइंस की पढ़ाई कर शिक्षक बनना चाहती है। वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के प्रखंड टॉपर तन्नू कुमारी व जुही कुमारी को विद्यालय अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, अल्का कुमारी, उमेश सिंह, रुपेश कुमार, श्रवण मिश्रा, विश्वरूप सिंघा बधाई देने के साथ साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राज्य में 7वें व जिले में प्रथम स्थान पर रहे शशि को बीडीओ व सीओ ने किया सम्मानित

## गिद्धौर के लिए गौरवपूर्ण रहा परीक्षा परिणाम



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी मैट्रिक व इंटर साइंस परीक्षा का परिणाम गिद्धौर प्रखंड के लिए काफी गौरवान्वित करने वाला रहा। जहां एक ओर मैट्रिक में उत्क्रमित उच्च विद्यालय इचाक, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुआरी, बारिसाखी व मंझगांवातरी का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। वहीं प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का परिणाम 98 प्रतिशत रहा। गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के औचित्य कुमार 476 अंक लाकर प्रखंड टापर बना। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिंडारकोण की निशा 466 अंक लाकर दूसरे स्थान, गंगा स्मारक की अंजली 465 अंक लाकर तृतीय, अगन गुप्ता 463 के साथ चौथे, मो. शमशाद 462 अंक लाकर पांचवा, बारिसाखी के अभिनंदन 458 अंक लाकर छठा, गंगा स्मारक की काजल कुमारी 456 अंक कलाकार सातवां, दुआरी के कुलदीप यादव 455 अंक लाकर आठवां, गंगा स्मारक के क्षितिज गुप्ता 451 अंक लाकर नौवां व सुशांत गुप्ता 450 अंक लाकर दसवां स्थान हासिल किया है। वहीं इंटर साइंस में राज्य स्तर पर सातवां व जिले में प्रथम स्थान पर रहे शशि को बीडीओ संजीत सिंह व अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक ने बुधवार को घर जाकर पाठ्य सामग्री के साथ बुके देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ ने शशि को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मदद करने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि शशि के पिता का निधन छह वर्ष पूर्व हो गया था। फिर भी शशि अपनी मेहनत के बूते यह कामयाबी हासिल की। वहीं शशि ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता व गुरुजनों को दिया है।

### शिशु विद्या मंदिर हफुआ का टॉपर रहा सुमन

**चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ का मैट्रिक परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। 88 भैया-बहनें परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं विद्यालय का प्रथम टॉपर सुमन कुमार 92.2 प्रतिशत, द्वितीय टॉपर निशा कुमारी व सीताराम यादव 89.6 प्रतिशत तथा तृतीय टॉपर शिवम कुमार ने 89.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यार्थियों के इस सफलता पर विद्यालय के सचिव दीनानाथ सिंह, प्रधानाचार्य अभय नारायण सिंह एवं आचार्य आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आश्रम विद्यालय की सभी बच्चियां उत्तीर्ण

**सिमरिया।** प्रखंड अंतर्गत जबड़ा में संचालित आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय का मैट्रिक का परीक्षा फलशत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 37 बालिकाएं झारखंड अधिविद्य परिषद की दसवीं परीक्षा 2023 में शामिल हुई थीं। इनमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं। नीलम 91.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम रही। वहीं प्रिया 90.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त रही। विद्यालय की प्रधानाचार्य जामवंती मिश्रा, परीक्षा प्रमुख, कक्षा दशम के कक्षाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को शुभकामना देने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### निरंतर बना मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर

**मयूरहंड।** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत हरिजन जनता उच्च विद्यालय मंझगावा में पढ़ने वाला निरंतर कुमार ने 94 प्रतिशत 470 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनने का कृतिमान हासिल किया। वहीं अन्य पांच बच्चे प्रिया कुमारी ने 466 अंक, ऋतु कुमारी ने 460, वैष्णवी कुमारी ने 459, प्रिंसी कुमारी ने 457, अजीम अंसारी ने 455, रंजन रजक ने 447, रंजन कुमार दांगी ने 445 व हृदय कुमार दांगी 442 अंक प्राप्त किया है। विद्यालय से कुल 176 ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा लिखा था, जिसमें सभी प्रथम स्थान लाकर उतीर्ण हुए। वहीं माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन जाखंड के छात्रों ने भी 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किया है। प्रधानाध्यापक सचित कुमार सिंह व शिक्षकों ने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आदिल अंसारी 93 फीसदी अंक लाकर बने प्रखंड टॉपर

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर स्थित संत मरियम उच्च विद्यालय के मैट्रिक का छात्र मोहम्मद आदिल अंसारी ने 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉप किया है। वहीं विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। इस वर्ष 135 छात्र-छात्राओं मैट्रिक परीक्षा दी थी। इनमें 130 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 5 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 10 छात्र-छात्राओं ने प्रखंड टॉप टेन में अपना नाम अंकित कराया है। इनमें मोहम्मद आदिल अंसारी 93 प्रतिशत, विष्णु प्रिया कुमारी व मो.आदिल राजा 92.40 प्रतिशत, अंशु खालको 92 प्रतिशत, नेहा कुमारी और रिया कुमारी को 91.40 प्रतिशत, जबकि वर्षा रानी खालको 91.20 प्रतिशत, करिश्मा कुमारी 90.60 प्रतिशत एवं साक्षी कुमारी को 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। प्रिंसिपल संतोष एक्का ने विद्यालय के सफल सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कस्तूरबा विद्यालय का मैट्रिक का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**बरवाडीह।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। 100 प्रतिशत छात्राएं सफल रही हैं। इस वर्ष विद्यालय से कुल 67 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी, जिनमें से 43 छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं 24 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की मानती कुमारी 367 अंक, रौशनी कुमारी 367 अंक, पूजा कुमारी 361 अंक, चांदनी कुमारी, 358 अंक, अंजु खेस, 357 अंक, रूपा कुमारी 355 अंक हासिल किए हैं। विद्यालय के वार्डन रूबी गुप्ता ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डीसी ने प्रशासनिक सेवा में चयनित स्वाती संदीप व अभिनव प्रकाश से मिलकर दी बधाई



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने संघ लोक सेवा आयोग में उत्तीर्ण जिले के स्वाती संदीप और अभिनव प्रकाश से मिलकर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि चतरा शहर निवासी कृष्ण कुमार वर्मा की सुपुत्री स्वाती संदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 490 रैंक लाया है। वर्मा ने बताया कि उनकी सुपुत्री ने कड़ी मेहनत और लगन से स्वध्ययन करते हुये यह सफलता हासिल की है। वहीं हंटरगंज प्रखंड के ग्राम गोदोबार निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र अभिनव प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 279 रैंक लाकर जिले का नाम रौशन किया है।

**आयोजन** जेवियर कॉलेज में फेयरवेल पार्टी

## स्वीटी खलखो मिस व प्रवीण को मिस्टर जेवियर का ताज



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** संत जेवियर महाविद्यालय में बुधवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई दी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश, उपप्राचार्य सिस्टर कैशलीन जूलियट, जाफर इकबाल, अल्विन लकड़ा, निकिता बेक ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। प्रवीण सिंह को मिस्टर जेवियर एवं स्वीटी खलखो को मिस जेवियर ताज पहनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जोश ने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपने उद्बोधन में छात्रों द्वारा कॉलेज में बिताये समय को याद किया। कार्यक्रम में अल्विन लकड़ा और निकिता बेक ने अपने समय में कॉलेज में बिताये दिनों के अनुभव साझा किये। कॉलेज स्टूडेंट कॉर्डिनेटर प्रो रोस एलिस बारला ने छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं से अवगत कराते हुए मेहनत व लगन से आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन जयंत खलखो व अंकिता खलखो ने किया। मौके पर फादर डॉ राजीप तिर्की, प्रो रीमा रेणु कन्डुलना, प्रो रश्मि सुमन टोप्पो, प्रो शशि शेखर, प्रो रोनित खेस, प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो सुबोध मिंज, प्रो स्मिता तिग्गा, प्रो राजीव महतो, प्रो शेफाली प्रकाश मौजूद रहे।

### 5 जुड़वा बच्चों की मां से मिले जिप उपाध्यक्ष किया आर्थिक सहयोग

**इटखोरी(चतरा)।** जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी बुधवार को रांची रिम्स पहुंचकर इटखोरी मलकपुर निवासी प्रकाश साव की धर्म पत्नी पांच जुडवां बच्चोकं की मां (प्रसुता) अंकिता कुमारी से मुलाकात कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप से सहयोग किया और आगे भी हरसंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व अंकिता ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया है। सभी बच्चों का वजन लगभग एक किलो से लेकर 750 ग्राम के बीच बताया गया है। कान्हाचट्टी राजपुर निवासी गंगा भूईयां की पत्नी रजनी देवी से रांची में मुलाकात कर उनकी उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने आर्थिक रूप से सहयोग किया।



## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज** थाना क्षेत्र की चिरु पंचायत के ब्रमोरिया बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घायल महिला सेरका ग्राम निवासी राजेश गंझू की पत्नी सुषमा देवी (29) बुधवार को अपने रिश्तेदार के घर चतरा जाने के लिए ब्रमोरिया बस स्टैंड के समीप सवारी वाहन के इंतजार में खड़ी थी। इसी दौरान महिला सड़क पार कर रही थी कि एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के ग्रामीणों ने उक्त महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायल महिला को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। इधर मौत की सूचना मिलने के बाद गुस्साए परिजन व ग्रामीणों ने पांकी बालूमाथ मुख्य पथ को जाम कर दिया जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने सदल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जाम को हटवाया। ग्रामीण ने स्पीड ब्रेकर वह मुवावजा की मांग कर रहे थे। हेरहंज बीडीओ प्रदीप कुमार दास एवं पुलिस इंस्पेक्टर ने तत्काल 20 हजार रुपये दाह सस्कार के लिए देने की बात कही।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन सेविका व एक सहायिका का चयन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका का चयन किया गया, जबकि एक आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का चयन किया गया। मोहल्ला प्रखंड के हामी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र (1) में सेविका पद के लिए सोसन्ना कुजूर का चयन किया गया। वही रगाई पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र सुग्गी में सेविका पद के लिए निशि रानी टोप्पो का चयन किया गया। वहीं चैनपुर पंचायत के गढ़बुढ़नी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद के सोशन मिंज का चयन किया गया है। वहीं 25 मई को परहाटोली पंचायत के डुमरडीह आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के लिए चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने बताया कि जिसका भी चयन किया गया है उन सभी का कागजात लातेहार भेजा जा रहा है। मौके पर सहायक विनोद भगत, महिला प्रवेक्षिका मटिलदा कुजूर, पंचायत के पंसस मुखिया एएनएम व ग्रामीण मौजूद थे।


## वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के तिसिया गांव में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लोहरदगा वन विभाग की ओर से वन क्षेत्र में आयोजन किया गया। इसमें जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार की अगुवाई में अलग-अलग जगहों में वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधों को बचाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है लोग इसकी रक्षा करें और ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाएं ताकि हमें शुद्ध पर्यावरण मिल सके। डीएफओ ने कहा कि वन हमारा सबसे बड़ा साथी है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए शुद्ध वायु की आवश्यकता होती है और वायु हमे पेड़ पौधों से प्राप्त होती है। इसलिए पेड़ पौधे लगाए और अपने जीवन की रक्षा करे। प्रकृति का संरक्षण में सहायक बने। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाएं। पेड़ पौधे हमारे बच्चों के समान है। इनकी देखभाल अपने बच्चों की तरह करेंगे तो ये भी आपको अपने छांव में समेट लेंगे और अपनत्व का अहसास दिलाएंगे। मौके पर अन्य वनकर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।



## जलमीनार खराब होने से पेयजल समस्या हुई गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत बेड़ाटोली में जलमीनार खराब होने के कारण पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया है। बेड़ाटोली में लगभग 45 घरों के लोगों को पानी के लिये समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मुखिया द्वारा लाखों की लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जलमीनार निर्माण के कुछ दिन बाद ही लगभग तीन वर्ष से खराब पड़ा है। इससे इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी के लिये काफी परेशानी हो रही है। जलमीनार खराब होने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और मुखिया से की गई, लेकिन आज तक जलमीनार को बनवाने की कोई पहल नहीं की गई है। वहीं परमेश्वर उरांव, महेंद्र उरांव, अनिता उरांव, सारो देवी, देवकी उरांव, मनोज उरांव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार की मरम्मती के लिये विभाग और जनप्रतिनिधि मौन धारण किये हुए हैं। वहीं विभाग को और मुखिया को जलमीनार मरम्मती के लिये कई बार कहा गया, परंतु किसी ने इसकी सुध नहीं ली है। इससे ग्रामीण भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में इधर-उधर से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं।



### बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी से आम जनता त्रस्त है। प्रत्येक दिन बिजली के अघोषित कटों के कारण लोग इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। बिजली नहीं रहने के कारण घर में कूलर, पंखे, सब बेकार पड़े हुए हैं। 24 घंटे में मात्र 5 घंटा ही लोगों को बिजली मिल पा रही है। वहीं बिजली की समस्या के कारण प्रखंड कार्यालय व प्रज्ञा केंद्र में आम जनता के कार्य बाधित हो रहे हैं। बिजली की समस्या को लेकर अनिल राम, संतोष महतो, उमंग साहु, दिनेश उरांव, धनेश साहु, राजू उरांव, कैलाश महतो, संजय साहु, कमेश महतो का कहना है कि सरकार 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बात कहती है, लेकिन यह बेकार साबित हो गया। बिजली नहीं रहने के कारण कोई काम नहीं हो पा रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली के बिना पानी के लिये भी परेशानी हो रही है। वहीं खेत में लगी टमाटर, भिंडी, प्याज, बोदी, खीरा की खेती बिजली नहीं रहने के कारण सिंचाई के बिना सूख रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बिजली रहने पर समय से सिंचाई होने पर क्षेत्र में किसानों का सब्जी का खेत हरा भरा दिखाई देता था, परंतु बिजली का आंख मिचौनी से आम जनता, किसान या केयली कर्मी तथा प्रज्ञा केंद्र संचालक सभी दुखी हैं।

### NEWS इन ब्रीफ

**ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक घायल**

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के कुंदगढ़ा गांव के समीप शंख लुकैया पथ में ट्रक के धक्के से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद उधर से गुजर रहे रांची निवासी आनंद कुमार नामक व्यक्ति ने इंसानियत का परिचय देते हुए घायल को लोहरदगा अस्पताल पहुंचाया। बढ़की चापी पंचायत के जरियो गांव निवासी राजमनु उरांव का इंदर उरांव 19 वर्ष चंदवा बाजार से बाइक से चंदवा बाजार से लौट रहा था तभी कुंदगढ़ा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आरहा ट्रक से धक्का लग गया। बढ़की चापी पुलिस पिकेट के प्रभारी ने पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

**पुस्तकालय व इंडोर स्टेडियम का 25 मई को होगा उद्घाटन**

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में नवनिर्मित पुस्तकालय एवं इण्डोर स्टेडियम का 25 मई को उद्घाटन किया जाएगा इस बाबत जानकारी देते हुए चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि अनुमंडल स्तरीय नवनिर्मित शहीद नवमन कुजूर पुस्तकालय एवं इण्डोर स्टेडियम का उद्घाटन माननीय सांसद, विधायक एवं उपायुक्त गुमला के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

**कलश यात्रा निकाली**

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर मुख्यालय के तिगावल गांव में शिव मंदिर के उद्घाटन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें गांव कि महिलाएं कलश लेकर तिगावल नदी पहुंची जिसके बाद कलश में जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां पुरोहित के द्वारा पूरे विधी विधान के साथ पूजा अर्चना की गई बताते चलें कि गांव में शिव मंदिर के बगल में ही बजरंग बली की मूर्ति थी जिसे विधिवत पूजा अर्चना करते हुए मंदिर में स्थापित किया गया इधर उपस्थित लोगों के लिए मंदिर समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अशोक सिंह मनोरंजन साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

### हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार; हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद

## भंडरा में सिर कटी लाश का सिर किया गया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
गत 19 मई को भंडरा साप्ताहिक बाजार आये वृद्ध जुबी उरांव का सिर कटा शव बरामद होने की घटना का उद्भेदन पांच दिनों बाद पुलिस ने कर दिया है। घटना में संलिप्त हत्यारा सुरेंद्र उरांव पिता बिरसा उरांव ग्राम नवडीहा छोटका टोली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरेंद्र उरांव, जुबी उरांव की हत्या कर सिर गायब करने की घटना को स्वीकार कर लिया है।

इस संबंध में भंडरा थाने मामला दर्ज कर लिया गया है। जुबी की हत्या में 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव निर्ममता की सारी हदें पार करते हुए घटना को अंजाम दिया। जुबी की हत्या कर उसका सिर लेकर अपने घर आ गया एवं उसको एक पेड़ की खोड़हर में छुपा दिया। हत्या में प्रयुक्त खून लगा टांगी एवं बसुला को अपने घर में रख लिया। घटना के संबंध में सुरेंद्र उरांव ने बताया कि 19 तारीख की शाम में अंधेरा हो चुका था। जुबी उरांव भंडरा बाजार से वापस अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में पक्षरी ढलान में वह पीछे से टांगी से जुबी पर हमला किया। टांगी से हमला करने के बाद जुबी सड़क किनारे नाली में जा गिरा। जुबी के नाली में गिरने के बाद सुरेंद्र उसकी पॉकेट एवं झोले में रखे सामानों को सर्च किया। इसके बाद में सुरेंद्र उरांव अपने घर आया। घर से एक बसूला लेकर गया। बसूला से उसकी गर्दन काट कर सिर अलग किया। इसके बाद सिर को लेकर अपने घर आ गया। भंडरा पुलिस को सुरेंद्र के घर में खून लगी जगह एवं खून लगा टांगी एवं बसूला मिला है, जिसका प्रयोग सुरेंद्र ने जुब्बी की हत्या में किया है। जुब्बी की हत्या का उद्भेदन हो गया। हत्यारा पकड़ा गया। हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद हुआ, परंतु भंडरा पुलिस हत्या के कारणों का उद्भेदन नहीं कर सकी। 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव ने जुबी की हत्या किस कारण से की। यह रहस्य अभी भी बना हुआ है। सुरेंद्र ने पुलिस को हत्या के कारणों का जवाब नहीं दिया। पुलिस आगे अनुसंधान में हत्या के कारण को गंभीरता से लेने की बात कह रही है। अभियान में थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआई विकास विश्वकर्मा, सावित्री कच्छप, एएसआई लवकुश सिंह, लाल महतो व बल शामिल थे।




## कैरो में गौशाला में लगी भीषण आग गाय व बाछी की जलकर हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी मोइन अंसारी के गौशाला में मंगलवार की रात्रि आग लगने से एक दुधारू गाय व बाछी की जलकर मौत हो गई। वहीं गौशाला में रखे कुटी व कबाड़ी के सामान जलकर राख हो गए। घर में लगे एस्बेस्टस आदि भी टूट फूट गए। इससे लगभग दो ढाई लाख रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित मोइन अंसारी ने बताया कि मंगलवार की रात हमलोग खाना पीना करके सो गये। रात के लगभग 12 बजे के करीब न जाने कैसे गौशाला में आग लग गई या कोई आग लगा गया।

आग की खबर पास पड़ोस के लोगों को दी गई। कुछ लोग आकर आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया परन्तु आग इतनी भड़क चुकी थी कि उस पर काबू नहीं पा सके। न ही गौशाला का दरवाजा खोलकर गाय को बाहर निकाल पाए। आग की लपटें सुबह तक रही। आग लगने की खबर सुनकर कैरो प्रखंड उपप्रमुख मधुलिका रानी के प्रतिनिधि पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी पीड़ित परिवार से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की और पशुपालन व अंचल कार्यालय से संपर्क कर सरकार द्वारा दी जाने वाली आपदा राहत राशि दिलाने का बात कही। मोइन अंसारी ने आग लगने और इससे हुए आर्थिक नुकसान को लेकर पशुपालन विभाग, अंचल कार्यालय व थाना को लिखित आवेदन देकर सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद करने की गुहार लगाई। कैरो पशु चिकित्सालय के डॉक्टर अनिल कुमार पहुंचकर मृत गाय की जांच की और आगे की करवाई में जुट गए। वहीं सूचना मिलने पर बुधवार सुबह मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम मेंबरों के साथ मोइन अंसारी के घर पहुंचकर दुख व्यक्त किया तथा पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सोसाइटी पीड़ित परिवार के साथ है। पीड़ित को प्रावधान के अनुसार विभिन्न विभागों से संपर्क कर मुआवजा दिलाने का प्रयास करेगा। मौके पर सोसाइटी के संरक्षक समीद अंसारी, नईम अंसारी, अख्तर अंसारी, मो. सजाद, मुस्लिम अंसारी आदि उपस्थित थे।



## मैट्रिक में सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जैक द्वारा प्रकाशित मैट्रिक परीक्षाफल में जिला में अव्वल स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा आयुषी सिंह ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा विद्या मंदिर के छह अन्य विद्यार्थियों ने भी जिले के टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। विद्या मंदिर के हर्षित राज एवं अमित कुमार ठाकुर ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप

### टॉप टेन में सरस्वती विद्या मंदिर के सात विद्यार्थियों का रहा दबदबा

में जिले में चतुर्थ स्थान, सुधांशु प्रजापति ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, ऋषभ डे ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान, शिवानी शाहदेव ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान एवं शौर्यम राज ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्या मंदिर के 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के अनुभवी एवं कर्मठ शिक्षक /शिक्षिकाओं के बल पर 135 में 130 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय को शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करने का गौरव प्रदान किया। विद्यालय की इस कामयाबी पर प्रांतीय समिति के पदाधिकारी, प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारी गण एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक /शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पूर्व विधायक महतो ने युवाओं संग लगायी दौड़

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो 103वें दिन 55 विधानसभा क्षेत्र बिशनपुर में खटवा नदी गुमला से घाघरा तक 21 किलोमीटर युवाओं के साथ दौड़ लगायी। इस दौरान पूर्व विधायक अमित महतो ने कहा कि आज तक यहां कोई स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बन पाई है। ऐसे में यहां के स्थानीय युवकों को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति के निर्माण को लेकर झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा कर रहे हैं। राज्य के 55 विधानसभा क्षेत्रों में दौड़ यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार को पूर्व विधायक अमित महतो घाघरा पहुंचे। उन्होंने युवाओं के साथ खटवा नदी गुमला से घाघरा तक 21 किलोमीटर युवाओं के साथ सड़कों पर दौड़ लगायी। उन्होंने कहा कि उनका इस यात्रा का एकमात्र मकसद राज्य में खतियान आधारित नियोजन नीति का निर्माण करवाना है। पूर्व विधायक अमित महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण के 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक यहां कोई स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बन पाई है। ऐसे में यहां के स्थानीय युवकों को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियोजन नीति नहीं रहने से यहां के स्थानीय छात्रों के साथ हमेशा अन्याय होते आया है। युवकों के अधिकार को बाहरी लोग लूट रहे हैं। पूरे राज्य के युवाओं के साथ मिलकर वह आंदोलन आरंभ किया है।



### पहल | अंचलाधिकारी पहुंचे चाची, अभिनव के दादा-दादी से मिले

## बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होगी : प्रणव

**निरंजन कुमार। घाघरा/लोहरदगा**
हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद घाघरा प्रखंड प्रशासन हरकत में आया। बुधवार को खबर पर संज्ञान लेते हुए घाघरा अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने चाची ग्राम पहुंचकर अनाथ अभिनव व उनके दादा-दादी से मुलाकात की। इस दौरान अंचलाधिकारी के द्वारा अभिनव को सुखा खाद्य सामग्री एवं 25 किलो चावल दिया गया तथा संबंधित मुखिया के द्वारा 50 किलो चावल मुहैया कराया गया।

ग्रामीणों व पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि बच्चे की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होगी। इस बच्चे का नाम राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत जोड़ा जाएगा। यह योजना स्पॉन्सरशिप योजना है। इसके तहत उक्त बालक की पढ़ाई के लिए प्रतिमा 4000 रुपये सरकार की ओर से मिलेंगे जब तक की बच्चे की उम्र 18 वर्ष नहीं हो जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब बच्चे ऊंची क्लास में यानी 10वीं 11वीं 12वीं में पहुंचेगा, तो उसके लिए प्रखंड परिसर स्थित लाइब्रेरी में सारी पढ़ाई की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। प्रखंड प्रशासन बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु हर संभव उसके साथ रहेगा और उसका सहयोग करेगा । साथ ही तीनों ने संबंधित मुखिया को निर्देश देते हुए कहा है कि किसी भी परिस्थिति में बच्चे की पढ़ाई बाधित ना हो और वह गलत राह पर नहीं जाए। विदित हो कि उक्त बच्चा अभिनव की माता का निधन वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के कारण हो गया था। वहीं बीती 17 मई को उनके पिता की मृत्यु सड़क हादसे में हो गई। बालक के साथ उसके वृद्ध दादा-दादी हैं जो काम करने में बिल्कुल असमर्थ हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। ऐसे में प्रशासन की इस पहल से अब इस परिवार को काफी सहारा व सहयोग मिलेगा।



### ओबीसी आरक्षण को लेकर बंद का आह्वान

**लोहरदगा।** पिछड़ी जाति संघर्ष समिति ने कहा कि झारखंड की 30 प्रतिशत आबादी के साथ झारखंड सरकार फुट डालो राज करो की नीति पर काम कर रही है। झारखंड राज्य के 24 जिलों में से 17 जिलों की पिछड़ी जातियों को आरक्षण दे दिया गया, परंतु बाकी के सात जिलों में रह रहे पिछड़ी जाति वर्ग का आरक्षण शून्य कर इनका अधिकार छीन लिया गया। इस प्रकार आरक्षण पर राजनीति कर जिलों को दो भाग में बांट दिया गया है। झारखंड सरकार को यह समझना चाहिए कि सम्पूर्ण राज्य की पिछड़ी जातियों के लोग आज भी एकजुट है और उनकी यह फुट डालो और राज करो कि नीति को सफल नहीं होने देंगे और जबतक पूरे राज्य में आरक्षण को लेकर एकनीति लागू नहीं होती पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा सरकार के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई लड़ेगा। इसी संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए 26 मई को सात जिलों को बंद रखने का आह्वान किया गया है।

## घर में घुस रहा था अपरिचित व्यक्ति, शोर गुल पर ग्रामीण गोलबंद, पुलिस के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वती ग्राम चौकनी में देर शाम एक घर में एक अपरिचित व्यक्ति घर घुसने का प्रयास कर रहा था। जिसे देख घर वाले ने चोर चोर का हल्ला करने लगा तभी ग्रामीण गोलबंद हो गए और उस व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ करने लगे। लेकिन वह व्यक्ति कभी बरात में आने की बात बोल रहा था तो कभी मेहमानी आए थे बता रहा था। अपना घर नरकोपी तो कभी टंगरा टोली सही नही बताने पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को थाना लाया और जांच पड़ताल के दौरान उस व्यक्ति की पहचान परवेज अन्सारी, पिता इब्राहिम अन्सारी के रूप में हुई।

इसके बाद परिजनों को बुलवा कर युवक के परिवार वालों को सौंपा गया। वहीं घर वालों के द्वारा बताया जाता है कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण घर से निकल सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी पहुंच गया था। जहां ग्रामीणों ने संदेह जताते हुए चोर कह कर पकड़ लिया था और जिसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया था। पूछताछ कर परिवार वालों को सौंप दिया गया।



# भारत की जीडीपी पहली बार 350 लाख करोड़ पार




**एजेंसी। नई दिल्ली**
बीते कैलेंडर ईयर यानी 2022 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद पहली बार 3.5 लाख करोड़ डॉलर (350 लाख करोड़) से ऊपर निकल गया। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को कहा कि भारत अगले कुछ सालों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली जी-20 अर्थव्यवस्था होगी। लेकिन इसके लिए कुछ सुधारों की जरूरत होगी। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक 2021 में भारतीय जीडीपी 3.18 लाख करोड़ डॉलर यानी 263.50 लाख करोड़ रुपए की थी। बहरहाल, मूडीज ने एक रिसर्च रिपोर्ट में कहा कि ब्यूरोक्रेसी विभिन्न लाइसेंस लेने और बिजनेस स्थापित करने की प्रक्रिया धीमी कर सकती है। इसे प्रोजेक्ट की अवधि और लागत बढ़ा सकती है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा, निर्णय लेने में लेट लतीफी की वजह से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की रफ्तार कम कर देगी। खास तौर तब, जब एशिया-प्रशांत की अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, मसलन इंडोनेशिया और वियतनाम के साथ भारत तगड़ी प्रतिस्पर्धा में है। मूडीज के मुताबिक, भारत में बड़ी और पढ़ी लिखी वर्कफोर्स है। ऐसे में छोटे परिवार बढ़ेंगे। साथ ही तेज शहरीकरण से घर, सीमेंट और कार की डिमांड बढ़ेगी। मूडीज के मुताबिक, भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकारी खर्च स्टील और सीमेंट सेक्टर्स के लिए मददगार होगा, जबकि नेट-जीरो एमिशन हासिल करने की चाहत अक्षय ऊर्जा में निवेश को बढ़ावा देगी। मूडीज ने ये भी कहा कि इन सेक्टरों में भारत की क्षमता 2030 तक चीन से कम रहेगी। जीडीपी इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। जीडीपी देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रोड्यूस सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है।

# नोकिया सी 32 भारत में लॉन्च



**नई दिल्ली।** एचएमडी ग्लोबल की नोकिया ने मंगलवार (23 मई) को इंडियन मार्केट में अपना नया बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन सी 32 लॉन्च कर दिया है। सी32 की शुरूआती कीमत 8,999 रुपए है। इस स्मार्टफोन में एंड्रॉइड-13 ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) दिया गया है। नोकिया सी32 में आपको 50टढ ड्यूल कैमरा, तीन दिन की बैटरी लाइफ और रियर ग्लास पैनल मिलता है। नोकिया सी32 को आप भारत में रिटले स्टोर्स और कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट ठ्ङ्क्ष्ंङ्के से खरीद सकते हैं। सी32 दो स्टोरेज वैरिएंट में अवेलेबल है। पहला 4जीबी रैम और 64जीबी इंटरनल स्टोरेज, जिसकी कीमत 8,999 है। दूसरा 4जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज, जिसकी कीमत 9,499 रुपए है। सी 32 के साथ जियो पार्टनर ऑफर भी मिल रहा है। जिसका फायदा जियो प्लस के पोस्टपेड यूजर्स को 399 के प्लान पर मिलेगा। इस ऑफर में यूजर्स को एडिशनल डेटा और कई सर्विसेस के लिए कूपन्स समेत एक्सक्लूसिव बेनेफिट्स भी दिए जा रहे हैं। सी 32 तीन कलर्स-चारकोल, ब्रीजी मिंट और बीच पिंक में अवेलेबल है। सी 32 के रियर में एक मजबूत बैक ग्लास मिलता है, जिसे ड्यूल-टोन फिनिश के साथ स्ट्रेट साइडवॉल्स से डिजाइन किया गया है। इसमें 6.5-इंच का एचडी+डिसप्ले मिलता है।

# शेयर बाजार में आई गिरावट




**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी बुधवार (24 मई) को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 208 अंक फिसलकर 61,773 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 62 अंको की गिरावट रही, यह 18,285 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज 158 रुपए (6.03%) गिरकर 2,475 रुपए पर बंद हुआ है। हिंडाल्को ने आज जनवरी-मार्च तिमाही (चौथी तिमाही) के नतीजे जारी किए हैं। इसके अनुसार कंपनी की आय 55,764 करोड़ रुपए से 0.2% बढ़कर 55,857 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। हलांकि कंपनी का मुनाफा घटा है, और ये सालाना आधार पर 3,851 करोड़ रुपए से 37% घटकर 2,411 करोड़ रुपए पर आ गया है। कंपनी ने 3 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड देने का निर्णय लिया है। कॉमर्शियल वाहन निमार्ता अशोक लेलैंड ने मंगलवार को जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि इस तिमाही में उसका मुनाफा 5 गुना बढ़कर 802.71 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह पिछले साल समान तिमाही में यह 157.85 करोड़ रुपए था। शेयर बाजारों को दी जानकारी के मुताबिक बीती तिमाही में कंपनी की आय 33% बढ़कर 13,202.55 करोड़ रुपए हो गई। पिछले साल समान तिमाही में यह 9,926.97 करोड़ थी। मार्च तिमाही में कंपनी का खर्च 28.17% बढ़कर 12,085.5 करोड़ रुपए हो गया।

# 2000 नोट वापस लेने का फैसला सर्वे के बाद लिया




**एजेंसी। नई दिल्ली**
आरबीआइ यानी भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि 2000 के नोटों को वापस लेने का फैसला अनौपचारिक सर्वे के बाद लिया गया था। सर्वे से पता चला कि इन नोटों का आमतौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यानी सीआइआइ के इवेंट में शक्तिकांत दास ने ये बात कही है। 2000 के नोट बदलने पर शक्तिकांत दास ने कहा कि इसके लिए हमने पर्याप्त समय दिया है, कल भी बैंकों में भीड़ नहीं थी। लोग 30 सितंबर तक बैंकों में जा सकते हैं और अपने 2,000 रुपए के नोटों को बदल सकते हैं या जमा कर सकते हैं। आरबीआइ ने 19 मई को 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेने का ऐलान किया था। शक्तिकांत दास ने कहा कि सरकार ने 2023-24 के लिए जीडीपी अनुमान 6.5% दिया है जबकि इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आइएमएफ का अनुमान 5.9% है। उन्होंने कहा कि सर्विस सेक्टर और एग्री सेक्टर का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। वहीं महंगाई पर बोलते हुए दास ने कहा कि आने वाले दिनों में रिटेल महंगाई 4.7% से कम रहने की उम्मीद है, लेकिन महंगाई से हमारा युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी को रोकने को लेकर दास ने कहा कि लोन की ब्याज दरों में इजाफा पर रोक लगाना उनके हाथ में नहीं है। फैसला ग्राउंड पर स्थिति और महंगाई के स्तर से ड्राइव होता हैं। अभी रेपो रेट 6.50% है। अप्रैल की पॉलिसी मीटिंग में इसमें बदलाव नहीं किया गया था। केंद्रीय बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी पर फैसला करने के लिए अगली बैठक 6-8 जून को होगी। ग्लोबल इकोनॉमी पर शक्तिकांत दास ने कहा कि ये लंबे समय से जियो-पॉलिटिकल चुनौतियों, ऊंची महंगाई दर के दबाव का सामना कर रही है। भारत चालू वर्ष में ग्लोबल ग्रोथ में लगभग 15% का योगदान देगा।

# बिल्डरों ने 1100 फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री रोकी

**एजेंसी। नोएडा**
नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 21 बिल्डिंग परियोजनाओं को एक हजार से अधिक फ्लैटों का कंप्लीशन जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद फ्लैट खरीदारों की सबलीज रजिस्ट्री बिल्डरों की ओर से नहीं कराई जा रही है। मंगलवार देर शाम नोएडा प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग विभाग ने फ्लैट खरीदारों से अपील की। प्राधिकरण ने कहा कि वह उन बिल्डरों से अपनी अपनी रजिस्ट्री कराए, जो प्राधिकरण कार्यालय से कंप्लीशन सर्टिफिकेट ले चुके है। प्राधिकरण ने उन 21 बिल्डर परियोजनाओं की सूची व फ्लैट की संख्या सार्वजनिक कर दी है। ग्रुप हाउसिंग विभाग ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि बिल्डर्स परियोजनाओं में कार्य पूर्ति प्राप्त यूनिट्स को त्रिपक्षीय सब लीज डीड या रजिस्ट्री कराने की अनुमति बिल्डर्स या डेवलपर्स को दी जा चुकी है। इसके बावजूद भी उनके द्वारा फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय सव लीज डीड / रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है। प्रदेश शासन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक फ्लैट खरीदारों को उनके फ्लैटों पर पजेशन कराया जाना है। इस उद्देश्य से प्राधिकरण की ओर से लगातार रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है, लेकिन फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय सब लीज डीड या रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। ऐसे में उन बिल्डरों को सूचीबद्ध कर लिया गया है।



**कार्यालय नगर परिषद गढ़वा**

पत्रांक......................../दिनांक........................

**प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) हेतु**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास अंतर्गत सोनपुरवा किफायती आवास परियोजना, गढ़वा में आवासों के पंचम आवंटन हेतु दिनांक–26.05.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के सभागार में पंचम चरण लॉटरी कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है।

सभी संबंधित लाभुक अपने साथ स्वयं का आधार कार्ड /मतदाता पहचान पत्र एवं जमा किये गए चालान की मूल प्रति लाना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में सम्पर्क करें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR298198 (Urban Development)23-24*D

## विदेश

# श्रीलंकाई नौसेना ने डूबी चीनी नौका से 14 शव किए बरामद



**एजेंसी। कोलंबो**
श्रीलंका की नौसेना ने बहुराष्ट्रीय तलाश प्रयासों के तहत खोज एवं बचाव (एसएआर) अभियान चलाने के बाद डूबी चीनी नौका से 14 शव बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार को कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) अपने निर्धारित क्षेत्र के साथ-साथ पड़ोसी क्षेत्रों में समुद्री खोज और बचाव कार्यों के समन्वय और सुविधा के लिए जिम्मेदार है। जानकारी के अनुसार, मछली पकड़ने वाले चीनी जहाज में 39 लोग सवार थे, जिनमें 17 चीनी, 17 इंडोनेशियाई और पांच फिलीपीन नाविक शामिल थे। यह जहाज 16 मई को मध्य हिंद महासागर में पलट गया था। श्रीलंकाई नौसेना के गोताखोरों ने डूबे हुए जहाज के भीतर सावधानीपूर्वक तलाशी ली और कप्तान के केबिन और जहाज के अंदर से 2 शव बरामद किए। शवों को चीनी अधिकारियों को सौंप दिया गया। हालांकि, शेष लोगों के बारे में अभी तक जानकारी नहीं मिली है। नौसेना के बयान में कहा गया कि इसके अलावा, नौसेना के गोताखोरों ने जहाज के विभिन्न कोचों से चालक दल के 12 और शवों को ढूंढ निकाला। मालूम हो कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंडोनेशिया, मालदीव और फिलीपींस सहित कई देशों ने इस अभियान में चीन की आपातकालीन मदद की।

# बुल्गारिया में तस्करी के दौरान मारे गए 18 अफगान प्रवासियों के शव काबुल लौटे



**एजेंसी। काबुल**
बुल्गारिया में तस्करी के दौरान मारे गए 18 अफगान प्रवासियों के शव बुधवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल भेजे गए। तालिबान सरकार के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। बता दें कि बुल्गारिया में एक लावारिस ट्रक अवैध रूप से मानव तस्करी कर रहा था। ट्रक में से एक बच्चे सहित 18 लोगों मृत पाए गए हैं। बल्गेरियाई अधिकारियों ने फरवरी में राजधानी सोफिया से दूर एक राजमार्ग पर छोड़े गए ट्रक में मौजूद एक गुप्त डिब्बे में से बच्चे सहित 18 लोगों के शवों की तलाश की थी। अधिकारियों ने पुष्टि की थी कि सभी 18 अफगान प्रवासियों की मौत दम घुटने की वजह से हुई थी। बुल्गारिया के गृह मंत्रालय ने बताया था कि ट्रक अवैध रूप से प्रवासियों को डिब्बे में छिपाकर ले जा रहा था जिसमें करीब 40 लोग मौजूद थे। दम घुटने की वजह से 40 में से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि शेष बचे लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बुल्गारिया की राष्ट्रीय जांच सेवा के निदेशक बोरीस्लाव सराफोव ने इस घटना को 'असाधारण मानवीय त्रासदी' बताया। काबुल में मंत्रालय के उप प्रवक्ता जिया अहमद टकल ने कहा कि उनकी सरकार ने शवों के प्रत्यावर्तन के लिए भुगतान किया। उन्होंने कहा कि शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। साथ ही उन्होंने अफगानियों से अपनी जान जोखिम में नहीं डालने की अपील की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सभी 40 अफगान प्रवासी पश्चिमी यूरोप पहुंचने की उम्मीद में तुर्किए से बुल्गारिया में दाखिल हुए थे, लेकिन भूख, प्यास और ऑक्सीजन की कमी के चलते उनकी हालत खराब हो गई। जिसकी वजह से 40 में से 18 अफगान प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि शेष बचे लोगों की हालात काफी ज्यादा खराब हो गई थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबानियों के काबिज होने के बाद वहां की स्थिति में नाटकीय परिवर्तन देखने को मिला। महिलाओं के लिए तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए गए और उन्हें सार्वजनिक जगहों पर जाने से भी रोक दिया गया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना।
अज्ञात पुरूष शव (पहचान करने हेतु) उम्र करीब–56 वर्ष)



कांडी थाना सनहा स0–08/23, दिनांक–20.05.2023, को सुबह–07:30 बजे सा0–गरदाहा मठ परिसर में ग्रामिणों द्वारा सूचना मिली की एक अज्ञात व्यक्ति जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, उम्र करीब 56 वर्ष, अज्ञात व्यक्ति कांडी थाना अर्न्तगत ग्राम गरदाहा मठ परिसर में तबीयत खराब हो जाने के कारण जमीन पर लेटे छटपटा रहा था, सूचना मिलने पर कांडी थाना पुलिस गरदाहा मठ पहुँचकर उक्त व्यक्ति को अबिलम्ब इलाज हेतू स्थानीय चौकीदार के साथ रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा गया।

परन्तु उक्त अज्ञात व्यक्ति को चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिसका पहचान अबतक नही हो पाया है। अतः आम जनों से अनुरोध है कि बरामद अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में किसी भी ब्यक्ति के द्वारा पहचान या किसी प्रकार का सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गेहुँआ, लम्बाई– लगभग 5.6 फीट बाल एवं ढाढी सफेद

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.298205 Police(23-24):D

## मुश्किलें बढ़ी

## विभाग ने किया खान को घर के लिए 14 लाख भुगतान के लिए

# इमरान खान के लाहौर वाले घर पर लगेगा लग्जरी टैक्स

**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी कड़ी में पंजाब के आबकारी और कराधान विभाग ने लाहौर में उनके जमान पार्क स्थित आवास के लिए लग्जरी टैक्स नोटिस भेजा है। रिपोर्ट के मुताबिक, विभाग ने खान को उस घर के लिए 14,40,000 पाकिस्तानी रुपये के भुगतान के लिए नोटिस जारी किया है, जहां वह इस समय रहते हैं। टैक्स भरने की आखिरी तारीख 12 मई थी, लेकिन नोटिस सोमवार को भेजा गया। आबकारी और कराधान विभाग के अनुसार, जमान पार्क में पीटीआई प्रमुख के पुराने घर को तोड़ दिया गया है, जबकि उसके स्थान पर एक नया घर बनाया गया है, जो उनके और उनकी बहनों के स्वामित्व में है। विभाग ने कहा कि पिछले महीने खान से घर का रिकॉर्ड मांगा गया था, जिसे उन्होंने जमा कर दिया है। आकलन के बाद प्रांतीय कर संग्रहण प्राधिकरण के अनुसार, अपदस्थ प्रधानमंत्री को 14,40,000 रुपये का लग्जरी टैक्स चालान भेजा गया था, जिसके जमा करने की अंतिम तिथि सोमवार (22 मई) है। विभाग के मुताबिक, क्रिकेटर से नेता बने इमरान को नोटिस मिल गया है। पीटीआई के अध्यक्ष ने पहले अपना कर नियमित रूप से दाखिल किया था। लेकिन अगर वह इस बार ऐसा करने में विफल रहते हैं तो कानून के मुताबिक उन्हें एक और नोटिस भेजा जाएगा। विभाग ने पिछले महीने लग्जरी हाउस टैक्स के आकलन के लिए इमरान की दिवंगत मां शौकत खानम के नाम से नोटिस जारी किया था। जारी किए गए नोटिस में खान को लग्जरी टैक्स के तहत पाक के 36 लाख रुपये के बकाए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।



**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला**

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

T. Reference No. :- Different Tolas SVS -25/2022-23 Date 24-05-2023

| Group. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000/3000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility under J.J.M Gumla District Under D.W.&S. Div. Gumla 2023-24 | | | | |
| 01 | Telgeon SVS Group of Scheme, Block: Gumla | 1,81,67,055 | 3,64,000 | 10000=00 | 06 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 29-5-23/04.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 29-5-23/04.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 29-5-23/04.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 05-6-23/03.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 05-6-23/03.00 PM. | | | |
| 7. | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) & Place | 06-6-23/03.00 PM. O/o Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. O/o Superintending Engineer, Drinking Wat er & Sanitation Circle, Gumla. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 06-6-2023/04.30 PM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 06524-223058 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 7488491963 | | | |

नोटः– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. Estimated Cost की राशि घट या बढ़ सकता है तदनुसार Bid Security की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला

PR 298228 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**'दुनिया नहीं जानती कि हम सभी का अंत यहीं पर होना है। लेकिन जो लोग इस सच को जानते हैं उनके सारे झगड़े एक ही बार में खत्म हो जाते हैं'**
**– गौतम बुद्ध**



# प्रभावों की विवेचना जरूरी

***अर्थव्यवस्था*** में काले धन के प्रवाह पर नजर रखना और इस पर अंकुश लगाने के लिए उपाय करना सरकार के लिए स्वाभाविक सी बात है। तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक उत्पादक कार्यों को कर दायरे में लाने का पूरा ध्यान रखा जाता है ताकि कर वंचना या कर भुगतान में आनाकानी की गुंजाइश नहीं रह जाए। मगर यह पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाता है ताकि आम लोगों एवं करदाताओं को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। वर्तमान भारतीय प्रशासन कई बार कह चुका है कि वह करदाताओं को परेशानी या अत्यधिक हस्तक्षेप से बचाना चाहता है। इस दिशा में सरकार ने मानव रहित कराधान (फेसलेस टैक्सेशन) सहित कई कदम भी उठाए हैं। मगर हाल में दो ऐसे अवसर आए हैं जिनसे पता चलता है कि सरकार कितनी जल्दी सुधार की दिशा से भटक जाती है। हाल ही में 2,000 रुपये के नोट के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अधिसूचना ऐसा पहला उदाहरण है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह कहा था कि 2,000 रुपये के नोट वापस लिए जाएंगे, यद्यपि इनकी वैधता बनी रहेगी। हालांकि, इस नवीनतम कदम का 2016 में की गई नोटबंदी की घोषणा से कुछ लेना देना नहीं है मगर इससे उस समय मची अफरा-तफरी की यादें एक बार फिर ताजा हो गई हैं। जब से 2,000 रुपये के नोट वापस लिए जाने की घोषणा हुई है तब से कई लोग यह समझ नहीं पा रहे है कि उनके पास ऐसे जो भी नोट हैं उन्हें कैसे बदलेंगे।

**भारतीय प्रशासन कई बार कह चुका है कि वह करदाताओं को परेशानी से बचाना चाहता है। मगर हाल में दो ऐसे अवसर आए हैं जिनसे पता चलता है कि सरकार कितनी जल्दी सुधार की दिशा से भटक जाती है।**

केंद्रीय बैंक ने कहा है कि 2,000 रुपये जारी करने का उद्देश्य पूरा हो गया है और इसकी ह्रासमय सीमाह्न भी समाप्त हो गई है मगर यह पहल किसी विशेष अधिसूचना या 30 सितंबर की अंतिम तिथि के बगैर भी की जा सकती थी। लिहाजा, इस बात को लेकर शक बहुत कम रह गया है कि नकदी और उच्च मूल्य वाले नकदी लेनदेन को कम से कम करना इस पहल का एक मकसद था। लेकिन सरकार 2016 के समय की नोटबंदी की तरह आम भारतीयों पर होने वाले प्रभाव को ध्यान में रखने में विफल रही। कुछ दिनों पहले सरकार ने उदार धन प्रेषण योजना (एलआरएस) में कुछ बदलाव किए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने 2,000 रुपये के नोट वापस लेने की तरह ही उसमें भी समझ-बूझ के साथ काम नहीं लिया है। एलआरएस के तहत भारतीय विदेश में निवेश या अन्य विशेष प्रयोजनों के लिए एक साल में अधिकतम 2,50,000 डॉलर तक भेज सकते हैं। अब सरकार ने ऐसे लेनदेन के लिए स्रोत पर काटे गए कर का स्तर बढ़ाने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से होने वाले लेनदेन पर भी यह नियम लागू होगा। इस कदम का काफी विरोध हुआ जिसके बाद सरकार ने कहा है कि 7 लाख रुपये से कम भुगतान 20 प्रतिशत विदहोल्डिंग टैक्स के दायरे में नहीं आएगा। कारोबारी व्यय से जुड़े पक्षों को स्रोत पर काटे गए कर के दायरे में लाने से भी अनावश्यक परेशानी होगी। खासकर, इससे मालिक या अपेक्षाकृत छोटे उद्यमों के कर्मचारियों के लिए झंझट बढ़ जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य बेहतर प्रणाली की स्थापना किए बिना ही कर संग्रह और निगरानी बढ़ाना है। अगर सरकार वास्तविक समय में लेनदेन का ब्योरा रखने के लिए ठोस प्रयास करेगी तो इससे कर वंचना और रकम की हेराफेरी रुक जाएगी। सरकार को बार-बार अपने कदमों पर सफाई देने की शर्मिंदगी से बचने के लिए नागरिकों पर उसके निर्णयों के होने वाले प्रभावों की विवेचना पहले ही कर लेनी चाहिए।

# सांस्कृतिक पुनरुत्थान की अग्रणी भूमिका में मध्य प्रदेश



लोकेन्द्र सिंह



***पिछले*** आठ-दस वर्षों का सिंहावलोकन करने पर ध्यान आता है कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दौर है। इस अमृतकाल में भारत अपने 'स्व' की ओर बढ़ रहा है। अयोध्या में भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। श्रीराम ने जिस संघर्ष और धैय के मार्ग को चुना था, उनके भक्तों ने भी मंदिर निर्माण के लिए उसी का अनुसरण किया। अब बेहिचक सरयू के तट पर दिव्य दीपावली मनायी जाती है। केदारधाम से लेकर काशी के विश्वनाथ मंदिर और अवंतिका (उज्जैन) में बाबा महाकाल का लोक साकार रूप ले रहा है। भारत जब करवट बदल रहा है, तब मध्य प्रदेश सांस्कृतिक पुनर्जागरण की बेला में कहां पीछे छूट सकता है। मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार भी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने-संवारने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस संदर्भ में 'राम वन गमन पथ' के निर्माण का निर्णय करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो कहा, उसे समझना चाहिए- 'आज देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं'। मुख्यमंत्री का यह वक्तव्य संकेत करता है कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान के इस दौर में मध्य प्रदेश चूकना नहीं चाहता है। स्वतंत्रता के समय से ही भारत को अपने सांस्कृतिक मान-बिंदुओं को संवारने का जो काम शुरू कर देना चाहिए था, वह अब जाकर शुरू हो रहा है, तो फिर अब रुकना नहीं है। श्री सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के समय जो हिचक हमारे स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक नेतृत्व ने दिखायी, उस व्यर्थ की हिचक से वर्तमान नेतृत्व मुक्त है। हमारे वर्तमान नेतृत्व को न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गौरव है अपितु वह उसके संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध भी दिखायी देता है। मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गति में तीव्रता 2016 के बाद दिखायी देती है, जब उज्जैन में आयोजित 'सिंहस्थ' के दौरान 'वैचारिक कुंभ' की महान परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया। वैचारिक महाकुंभ से निकले अमृत स्वरूपी 51 मार्गदर्शक बिंदुओं के प्रकाश में सरकार ने आगे बढ़ना शुरू किया। 'महाकाल लोक' का निर्माण भी उन्हीं 51 बिंदुओं में से एक था। शिवराज सरकार ने महाकाल लोक को साकार करके भारत की प्राचीन संस्कृति, उसके दर्शन एवं शिक्षाओं को समाज तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य किया है। महाकाल लोक के दर्शन के लिए लगातार बहुत बड़ी संख्या में देश-प्रदेश से लोग पहुंच रहे हैं। ये सब दर्शनार्थी/पर्यटक अपने साथ यहां से क्या लेकर जाते होंगे? निःसंदेह, भारत की ज्ञान-परंपरा और जीवनमूल्यों को सीखकर ही जाते होंगे। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध सरकार ने महाकाल लोक को मिल रहे जन-प्रसाद से उत्साहित होकर, सांस्कृतिक पुनरुत्थान की अगली कड़ी में ओरछा में श्रीराम राजा कॉरिडोर एवं वनवासी राम लोक, जाम सावली में हनुमान धाम, सलकनपुर में देवी लोक, दतिया में माई पीतांबरा का धाम और श्रीराम वन गमन पथ का निर्माण होना है। वहीं, ओंकारेश्वर में जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य की स्मृति में एकात्म धाम का विकास लगभग पूर्णता की ओर है। एकात्म धाम के विशाल परिसर में सात केंद्र बनेंगे, जो भारत के वास्तु और स्थापत्य कलाओं पर आधारित होंगे। यहां आचार्य शंकर की जीवन यात्रा पर केंद्रित संग्रहालय तो बनेगा ही, यह स्थान अद्वैत का शोध-संस्थान भी बनेगा। याद रखें कि ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की ज्ञान स्थली है। यह वही स्थान है, जहां से अद्वैत दर्शन की शिक्षा प्राप्त करके उनके जीवन की महायात्रा आरंभ हुई थी। मूल रूप से उसी अद्वैत दर्शन के लोकव्यापीकरण की दिशा में एकात्मधाम को विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार 'श्रीराम वनगमन पथ' के निर्माण की दिशा में भी निर्णायक कदम बढ़ा चुकी है। वनवास के कालखंड में प्रभु श्रीराम जहां से गुजरे थे, उस मार्ग को विकसित करने की मांग हिन्दू समाज की ओर से काफी समय से की जा रही है। विभिन्न सरकारों ने भी कई बार 'राम वन गमन पथ' के निर्माण की घोषणा की है लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल कभी नहीं हुई। पहली बार मध्य प्रदेश सरकार ने ठोस पहल करते हुए 'श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास' का गठन करने का निर्णय लिया है। राम पथ गमन के निर्माण को लेकर जिस प्रकार का संकल्प मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यक्त किया है, उसे देखकर विश्वास है कि जल्द ही यह स्वप्न भी साकार होगा। उल्लेखनीय है कि अपने 14 वर्षीय वनवास के दौरान भगवान श्रीराम की उपस्थिति सबसे अधिक समय तक मध्य प्रदेश में रही। एक प्रकार से राम की कृपा प्राप्त करने में मध्य प्रदेश सौभाग्यशाली रहा है। यहां राम ने 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा। प्रदेश में सतना जिले के चित्रकूट से राम की वन की यात्रा शुरू होती है। कामतानाथ मंदिर चित्रकूट से राम स्फटिक शिला और गुप्त गोदावरी के बाद सती अनुसुइया आश्रम पहुंचे। इसके बाद सलेहा मंदिर पन्ना, मैहर से होते हुए कटनी जिले के बड़वारा से होते हुए राम जबलपुर के शाहपुरा पहुंचे। जबलपुर के ग्वारी घाट से भी राम गुजरे हैं। यहां से सतना जिले के राम मंदिर तालाधाम से शहडोल के सीतामढ़ी और फिर अमरकंटक पहुंचे। चूंकि सबसे अधिक समय राम ने मध्य प्रदेश में गुजारा इसलिए राम पथ का निर्माण मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी भी है। यह सुखद है कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार आनंद के साथ अपनी इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए आगे आई है। यह जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है, यह देश-प्रदेश की सर्वांगीण उन्नति का आधार भी बनेगा। भारत की एकता एवं अखंडता का सूत्र भी हमारी संस्कृति है। प्राचीन इतिहास के पृष्ठ भी जब हम उलटकर देखते हैं, तब हमें ध्यान आता है कि आचार्य चाणक्य से लेकर आचार्य शंकर तक ने भारत को शक्ति सम्पन्न एवं एकजुट करने के लिए संस्कृति का ही आधार लिया। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने भी अपने समय में देश को जोड़ने और एकात्म स्थापित करने के लिए सांस्कृतिक पक्ष पर ही काम किया। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध देशभर में चल रहे आंदोलनों का प्राण भी संस्कृति थी। भारत भूमि के साथ उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम तक जो हमारा नाता है, उसका भी आधार संस्कृति है। दुनिया में भारत की संस्कृति ने ही सबसे पहले कहा था कि सबके मूल में एक ही तत्व है। जड़-चेतन में एक ही ब्रह्म है। इसलिए ही भारत में बाहरी तौर पर तो विविधता दिखाई देती है, किंतु अंदर से सब एक-दूसरे से जुड़े हैं। क्योंकि, सब मानते हैं कि सबमें एक ही तत्व है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने विश्व में जो सम्मान प्राप्त किया है, वह आर्थिक प्रगति से कहीं अधिक अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के नाते किया है। यदि भारत अपनी संस्कृति को ही संभालकर नहीं रख सका, तब उसकी पहचान क्या रह जायेगी? विश्व में भारत राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति से रही है। संस्कृति भारत की आत्मा है।

**भारत भूमि के साथ उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम तक जो हमारा नाता है, उसका भी आधार संस्कृति है। दुनिया में भारत की संस्कृति ने ही सबसे पहले कहा था कि सबके मूल में एक ही तत्व है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान मुरुगन की कथा

**एक** पौराणिक कथा के अनुसार, काँची मठ के संत ने इस क्षेत्र का दौरा किया था और पहाड़ी को देखने के बाद उन्होंने यहां भगवान मुरुगन के लिए एक मंदिर बनाने के बारे में सोचा। संत चले गए लेकिन इस मंदिर का निर्माण धीमा ही चलता रहा और कोई भी नहीं जानता कि क्यों संत ने यहाँ मंदिर बनाने के लिए कहा।

**शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर :** यह मंदिर श्री मुरुगनलॉन्ग और उनके वाणिज्य वल्लिनयाकी और दीवानानायक को समर्पित है। इस मंदिर की स्थापना तब की गयी जब भगवान मुर्गन ने युद्ध में दीवानानायक और वल्लिनयाकी को प्यार से जीता था। इसकी दीवारों के डिजाइन जटिल हैं और मूर्तियां प्रशंसा करने योग्य हैं।

**थिरुपुरुरकानास्वामी मंदिर :** यह मंदिर हिंदूओं के भगवान मुरुगन को समर्पित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार दिव्य चरित्र मुरुगन ने समुद्र, जमीन और हवा, तीन स्थानों पर राक्षसों से लड़ाई की और विजय प्राप्त की। जब एक ऋषि ने मुरुगन का दौरा किया, तो ऋषि उनसे बहुत प्रभावित हुआ। यह ऋषि पुरुरहूज था और उनके नाम से ही इस मंदिर का नाम पड़ा।

**मुरुगन मंदिर ऊटी :**भगवान मुरुगन को समर्पित यह मंदिर एल्का पहाड स्थित है। इस मंदिर में भगवान गणेश, भगवान शिव और माता पार्वती और भगवान कार्तिकेय और नवग्रह की मूर्ती स्थापित है। नीलगिरि पर्वत पर स्थित यह मंदिर प्रकृति की सुंदरता का मनोरम दृश्य दिखलाता है। आपको बता दें कि चारों ओर हरी-भरी वादियों से गुलजार तमिलनाडु का हिल स्टेशन ऊटी अपनी सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। और यदि आपको शानदार हिल स्टेशन के साथ दिव्य मंदिर देखने व भगवान मुरुगन का आशीर्वाद मिले तो हैं न सोने पर सुहागा।

**स्वामीनथस्वामी मंदिर :** यह मंदिर कावेरी नदी के तट पर है। इसे भगवान मुरुगन के छह पवित्र मंदिरों में से एक माना जाता है। इन्हें अरुपदाइदेडू कहकर बुलाया जाता है।

*(क्रमशः)*

# हिरोशिमा में मोदी ने सुझाया अमन का रास्ता



ललित गर्ग

***भारत*** समूची दुनिया में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा हैं, महाशक्तिशाली राष्ट्र भी भारत की ओर आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं। हिरोशिमा में जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मानवतावादी सोच एवं युद्ध-हिंसामुक्त नयी दुनिया को निर्मित करने के संकल्प के लिये सबकी आंखों के तारे बने हैं, जापान के समाचार-पत्रों में उन्होंने सुर्खियां बटोरी हैं, यह भारत के लिये गर्व एवं गौरव का विषय है। मोदी ने अपने वक्तव्य में यूक्रेन में युद्ध दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता है कहकर न केवल पूरे विश्व को प्रभावित किया है, बल्कि सभी का ध्यान अपनी ओर खिंचा। हिरोशिमा में युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, पर्यावरण, बढ़ती जनसंख्या, आपसी सहयोग जैसे विषयों पर साफ-साफ चर्चा करते हुए मोदी ने भारत की धरती से घोषित हुए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' मंत्रों को दुनिया के लिये उपयोगी साबित किया है। इस तरह मोदी की भूमिका से उनके बढ़ते कद का भी पता चलता है और इसका भी कि विश्व समुदाय भारत की बात सुन रहा है। भारत प्रारंभ से ही शांति, अयुद्ध एवं अहिंसा की वकालत करता रहा हूं। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने भारत की इस सोच को बल दिया है, एक अहिंसा एवं शांतिवादी नेता के रूप में अपनी पहचान बनायी है। मोदी भारत पर तीखी हिंसक नजरें रखने वाले देशों को भी सदैव अहिंसक तरीकों से लाइन पर लाने की चेष्टा की है। यही मानवतावादी एवं अहिंसक सोच का परिणाम है कि पाकिस्तान के लगातार आतंक फैलाने एवं भारत की शांति को भंग करने की घटनाओं के उन्होंने कभी युद्ध एवं हिंसा का सहारा नहीं लिया, अन्यथा पाकिस्तान की आज जैसी दुर्दशा है, चाहे जब हिंसा का जबाव हिंसा से या युद्ध से दिया जा सकता है। चीन के लगातार भारत के खिलाफ हो रहे षडयंत्रों के भारत ने संयम बरता है। हिरोशिमा में भारत एक नयी पहचान लेकर उभरा। मोदी का यूक्रेन के मामले में यह कथन विश्व स्तर पर खूब चर्चित हुआ था कि यह युग युद्ध का नहीं, शांति का है। खास बात यह थी कि उन्होंने यह बात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कही थी। हिरोशिमा में उन्होंने यूक्रेन संकट को लेकर यह भी कहा कि मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक विषय नहीं, बल्कि मानवता और मानवीय मूल्यों का मुद्दा मानता हूं। यह कहना कठिन है कि भारतीय प्रधानमंत्री की इन बातों का कितना असर होगा, रूस-यूक्रेन संघर्ष रोकने में कोई सकारात्मक परिवेश बन सकेगा-कहना इतना आसान नहीं है। लेकिन दुनिया के लिये क्या हितकारी है, यह तो समझा ही जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर रूस के साथ चीन को भी निशाने पर लिया कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। किसी को कोई संशय न रहे, इसलिए उन्होंने यह स्पष्ट करने में भी संकोच नहीं किया कि यथास्थिति बदलने के एकतरफा प्रयासों के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ऐसी कोई टिप्पणी इसलिए आवश्यक थी कि एक ओर जहां रूस यूक्रेन की संप्रभुता एवं उसकी अखंडता की अनदेखी कर यथास्थिति बदलने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर चीन भी अपने पड़ोस में यही काम करने में लगा हुआ है। चीन की विस्तारवादी हरकतों और सीमा विवाद के मामले में उसके अड़ियल रवैये की चपेट में भारत भी है। भारत के लिए जितना आवश्यक यह है कि वह रूस को नसीहत देने में संकोच न करे, उतना ही यह भी कि चीन को आईना दिखाने का कोई अवसर न गंवाये। यह अच्छी बात है कि भारत यह काम लगातार कर रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर रूस के साथ चीन को भी निशाने पर लिया कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से

अगर आप उन बातों और परिस्थितियों की वजह से चिंतित हो जाते हैं, जो आपके नियंत्रण में नहीं; तो इसका परिणाम समय की बर्बादी और भविष्य का पछतावा है।

MuskaanHindi.com

# एनआईए 'ऑपरेशन ध्वस्त' के निहितार्थ



कमलेश पांडेय

***राष्ट्रीय*** जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंक, तस्कर व गैंगस्टर के अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ को हतोत्साहित और नेस्तनाबूद करने के लिये 17 मई को नये सिरे से ऑपरेशन ध्वस्त को अंजाम दिया है। इसके लिए एनआईए और संबंधित राज्यों की पुलिस की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। इस बात में कोई दोराय नहीं कि ऐसे शातिर लोगों को राजनीतिक, प्रशासनिक और कारोबारी शह व संरक्षण भी हासिल होता है। इसलिए राष्ट्रहित में ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई का होना काबिल-ए-तारीफ है। इसके लिए अधिकारीगण लोक प्रशंसा के पात्र हैं। आखिर यह कौन नहीं जानता कि देश में गैंगस्टर का नेतृत्व कर रहे कई अपराधी पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से अपनी अवैध गतिविधियों को संचालित कर रहे है। इसका मकसद भारत में सफलतापूर्वक कार्य कर रही केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को अस्थिर किया जा सके। कर्नाटक, दिल्ली, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि जगहों से नक्सलियों, आतंकियों, गैंगस्टर्स के नेटवर्क की बातें समय समय पर सामने आती रही हैं। इसलिए स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि ऐसी खतरनाक साजिशें विभिन्न राज्यों की जेलों से ही रची जा रही हैं। यह जेल प्रशासन की लापरवाही या फिर राज्य प्रशासन की रणनीतिक कोताही की ओर इशारा करने के लिए काफी है। ऐसा इसलिए कि लगभग दो दशकों तक केंद्र में अल्पमत या गठबंधन की सरकार होने और राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रहने से अपराधी और षड्यंत्रकारी बेकाबू हो चुके थे और सूबाई जेलों को उन्होंने अपना सुरक्षित अड्डा बना लिया था। अब भी अधिकांश छोटे-बड़े राज्यों में जहां भाजपा विरोधी सरकारें हैं वहां ऐसे तत्व ज्यादा सक्रिय हैं। अंडरवर्ल्ड में अपनी जड़े गहरी कर चुका गैंगस्टर लारेंस विश्नोई अपने चतुर गुर्गों के सहारे नाक पर दम किये है। उससे कई राज्यों की पुलिस की नींद उड़ी हुई है। वह अब इंटरपोल की खुफिया टीम की नजरों पर भी चढ़ चुका है। एनआईए की जांच में भी इस रहस्य से पर्दा उठ चुका है कि ऐसी साजिशें विभिन्न राज्यों की जेलों में रची जा रही थीं। हाल ही में गोइंदवाल और तिहाड़ जेल में हुई हत्या इसी साजिश का हिस्सा है। बहरहाल, एनआईए ने विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ तालमेल बिठाते हुए सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश के 324 स्थानों पर छापा मारकर कई संदिग्धों को दबोचा है। उत्तर प्रदेश जैसे सुधरे हुए राज्य में तकरीबन 120 स्थानों पर की गई छापेमारी से स्थिति की गम्भीरता को समझा जा सकता है। दरअसल, मोहाली में हुए विस्फोट के तार लखनऊ, अयोध्या और सुलतानपुर जैसे जनपदों से जुड़े हुए हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ में ऑपरेशन ध्वस्त के तहत छापे मारे गये। इस दौरान एनआईए ने 129, पंजाब पुलिस ने 17 जिलों में 143 और हरियाणा पुलिस ने 10 जिलों में 52 स्थानों पर छापा मारा। दिल्ली-एनसीआर में 32 जगहों पर, राजस्थान में भी 52 जगहों पर ताबड़तोड़ पड़े छापों ने इनकी कमर तोड़ दी है। इस छापेमारी में 60 मोबाइल फोन, पांच डीवीआर, 20 सिम कार्ड, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड, डोंगल, वाई फाई राउटर, डिजिटल घड़ी, 75 दस्तावेज के अलावा पिस्टल, मिश्रित गोला-बारूद, जिंदा और इस्तेमाल किये गये कारतूस और 39.6 लाख रुपये नकद बरामद हुए है।

**उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में तकरीबन 120 स्थानों पर की गई छापेमारी से स्थिति की गम्भीरता को समझा जा सकता है। मोहाली में हुए विस्फोट के तार लखनऊ, अयोध्या जैसे जनपदों से जुड़े हुए हैं।**

देश-दुनिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए करें कीवी का सेवन

गर्मियों में पानी वाले फलों को खाने की सलाह दी जाती है। बता दें कि गर्मियों में कीवी का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। यदि कीवी का नियमित तौर पर सेवन किया जाए तो तमाम मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है। गर्मी के मौसम में जहां एक ओर लोग धूप, गर्मी और लू से परेशान रहते हैं। तो वहीं दूसरी ओर गर्मियों में बीमारियों और संक्रमण का खतरा भी अधिक बढ़ जाता है। इसके अलावा गर्मियों में खानपान का भी विशेष ध्यान रखना होता है। इसीलिए गर्मी में तरबूज, खरबूज, खीरा और कीवी आदि खाने की सलाह दी जाती है। बता दें कि इस मौसम में कीवी का सेवन काफी फायदेमंद होता है। कीवी में आयरन, फाइबर, प्रोटीन, पोटैशियम, सोडियम, विटामिन सी, विटामिन ई, कॉपर और फोलेट जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। कीवी की तासीर ठंडी होती है, जो गर्मी में आपके शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती है। कीवी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट करने का काम करता है। साथ ही इसके सेवन से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए गर्मियों में कीवी खाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### इम्यूनिटी

गर्मियों में कीवी खाने से आप कई तरह की मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं। बता दें कि कीवी में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने का काम करता है। प्रतिदिन इसके सेवन से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि संक्रमण से भी बचाव होता है। कीवी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर की सूजन को कम करता है।

### पाचन तंत्र

इसको खाने से व्यक्ति का पाचन तंत्र मजबूत होता है। कीवी में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। वहीं इसकी तासीर ठंडी होने से आपका शरीर भी ठंडा रहता है। कीवी के रोजाना सेवन से कब्ज, एसिडिटी, गैस और अपच की समस्या से राहत मिलती है।

### ब्लड प्रेशर

हाई ब्लड प्रेशर वाले मरीजों के लिए कीवी का सेवन काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद पोटैशियम की मात्रा हाई बीपी को कंट्रोल करने में सहायक होता है। वहीं इसके नियमित सेवन से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने के साथ बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है। कीवी के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

### आखों के लिए लाभकारी

कीवी में मौजूद विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट गुण आंखों को स्वस्थ रखने में सहयोगी होती है। यदि कीवी का नियमित तौर पर सेवन किया जाए तो आखों की रोशनी तेज होने के साथ ही आंख से जुड़ी समस्या से भी निजात मिलता है।

### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

त्वचा और बालों के लिए भी कीवी का सेवन फायदेमंद होता है। कीवी में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई और विटामिन सी और जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह पोषक तत्व स्किन संबंधी समस्याओं को दूर करते हैं। इसके रोजाना सेवन से न सिर्फ त्वचा में निखार आता है, बल्कि यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

# सेहत ही नहीं, आपकी स्किन का भी ख्याल रखेगा तरबूज



स्किन की केयर करने के लिए उसे समय-समय पर स्क्रब करने की जरूरत पड़ती है। यह आपकी डेड स्किन सेल्स को दूर करने के साथ-साथ स्किन को ग्लोइंग बनाता है। तरबूज से स्क्रब तैयार करने के लिए पहले तरबूज का रस निकालें। गर्मी का मौसम हो और घर में तरबूज ना आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। पानी से भरपूर यह फल खाने में बेहद ही टेस्टी लगता है। इसमें कई तरह के विटामिन्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अमीनो एसिड होते हैं, जो आपकी स्किन के लिए भी उतने ही अच्छे माने जाते हैं। इसलिए तरबूज को स्किन केयर रूटीन में शामिल करना काफी अच्छा रहता है। आप तरबूज की मदद से अपनी स्किन को हाइड्रेट कर सकते हैं और एक खूबसूरत स्किन पा सकते हैं।

### तरबूज से बनाएं फेस मास्क

गर्मी के मौसम में तरबूज से बनने वाला फेस मास्क आपकी स्किन को नरिश्ड करता है और सूरज की हानिकारक किरणों से भी स्किन को प्रोटेक्ट करता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज के कुछ ताजे टुकड़ों को एक ब्लेंडर में ब्लेंड करें। अब आप इसमें शहद और दही डालकर मिक्स करें। इसके बाद आप अपने फेस को क्लीन करें और तैयार मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे रहने दें। अंत में, आप अपनी स्किन को पानी की मदद से धो लें।

### बनाएं वॉटरमेलन फेशियल मिस्ट

चूंकि तरबूज में पानी अधिक मात्रा में होता है, इसलिए यह आपकी स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। तरबूज की मदद से फेशियल मिस्ट बनाने के लिए आप पहले तरबूज को काट लें और फिर उसे ब्लेंड कर लें। अब आप इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें। जब भी आपको अपनी स्किन में थकान महसूस हो, तो आप तैयार मिस्ट से अपने चेहरे पर स्प्रे करें।

### तरबूज से तैयार करें स्क्रब

स्किन की केयर करने के लिए उसे समय-समय पर स्क्रब करने की जरूरत पड़ती है। यह आपकी डेड स्किन सेल्स को दूर करने के साथ-साथ स्किन को ग्लोइंग बनाता है। तरबूज से स्क्रब तैयार करने के लिए पहले तरबूज का रस निकालें। इसके बाद इसमें चीनी और नारियल का तेल मिलाएं। अब आप इस होममेड स्क्रब को अपनी स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज कर लें। कुछ देर के लिए इसे स्किन पर ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, आप स्किन को पानी की मदद से क्लीन करें।

❖ मिताली जैन

# मेनोपॉज के मुश्किल लक्षणों से निपटने के लिए डाइट में करें बदलाव

पीरियड्स शुरू और खत्म होने के दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव आते हैं। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। इस दौरान महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखते हैं। इन लक्षणों से निजात पाने के लिए डाइटीशियन ने छोटा सा उपाय बताया है।

पीरियड्स के शुरू होने और इसके खत्म होने के बाद दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल चेंजेस होते हैं। महिलाओं को इन बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं। वहीं अगर बात मेनोपॉज की यानि की उस स्थिति की करें, जब पीरियड्स बंद हो जाते हैं। ऐसे अमूमन 45 से 50 वर्ष के आसपास की महिलाओं में होता है। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज वो स्थिति होती है जब महिलाओं में ओवुलेशन बंद हो जाता है। इसके बाद महिलाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं।

पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिलती है। शरीर में इस दौरान और भी कई लक्षण नजर आते हैं। यह लक्षण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मेनोपॉज का समय करीब है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस दौरान किसी भी महिला के शरीर में किस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं।



### हॉट फ्लैशेज यानी की पूरे शरीर में गर्माहट महसूस होना

वजाइन में सूखापन
जोड़ों में दर्द होना
नींद ना आना
वजन में बदलाव होना
सिर में दर्द होना
पीरियड्स का अनियमित होना

लक्षणों से निजात

कई बार यह लक्षण इतने ज्यादा दिखने लगते हैं कि महिलाओं को रोजमर्रा के कामों में मुश्किलें पैदा होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले के समय से गुजर रही हैं। साथ ही आपको भी शरीर में ऐसे लक्षण नजर आ रहे हैं तो एक छोटे से काम को करके आप इन लक्षणों से काफी हद तक निजात पा सकती हैं। इसके लिए आपको अपनी डाइट में छोटा सा बदलाव करना होगा। इस दौरान आप गेंहू के आटे की जगह सोया के आटे की रोटी खाना शुरू कर दें। इससे आपको इन लक्षणों में राहत मिलेगी।

### - सोया आटा

अब आपके मन में यह सवाल भी आ रहा होगा कि आखिर सोया आटे की रोटी ही क्यों खानी है। तो बता दें कि इस बारे में डाइटीशियन मनप्रीत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोया आटे में आइसोफ्लेवोन्स की मात्रा अधिक पाई जाती है। पेरिमेनोपॉज के लक्षणों जैसे हॉट फ्लैशेज और वजाइन में सूखेपन से निजात दिलाते हैं।

सोया रोटी सामग्री
सोया आटा- 1 कप (70 प्रतिशत)
पानी- 1 कप
देसी घी- 1 चम्मच
गेंहू का आटा- 1/2 कप (30 प्रतिशत)
नमक- स्वादानुसान

ऐसे बनाएं

सबसे पहले पैन में पानी डालकर इसको उबाल लें और फिर इसमें नमक और गी डालें
इसके बाद उबलते हुए पानी में सोया के आटे को डालकर अच्छे से चलाएं। फिर ढक्कन से ढक दें। गैस बंद करने के बाद इसको 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
अब इस मिश्रण को बाहर निकाल कर उसमें गेंहू का आटा मिक्स कर अच्छे से गूंथ लें।
फिर इसकी रोटी बनाकर तैयार कर लें।

# बेहतर नींद पाने के लिए डाइट में करें ये बदलाव

अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद लेना काफी बहुत जरूरी होता है। लेकिन कई कारणों के चलते हम अच्छी और गहरी नींद नहीं ले पाते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो अपने खानपान में बदलाव कर अच्छी नींद ले सकते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद लेना काफी जरूरी होता है। लेकिन आजकल लोग अच्छी और गहरी नींद नहीं ले पा रहे हैं। न सिर्फ बुजुर्ग बल्कि युवा भी इस समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में अच्छी नींद न आने के पीछे लंबे समय तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल, ऑफिस में कामकाज का दबाव होना या ख?ाब लाइफस्टाइल का होना पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सही नींद लेने से व्यक्ति का इम्यून सिस्टम स्ट्रांग होता है और व्यक्ति ऊर्जा से भरा रहता है। अगर आप भी स्ट्रांग और ऊजार्वान रहना चाहते हैं तो अच्छी नींद जरूर लेनी चाहिए। इसके लिए आपको अपने खानपान में बदलाव करने की जरूरत होती है।

**कैफीन का न करें इस्तेमाल :** अक्सर लोग अपनी वर्क एबिलिटी को बढ़ाने के लिए कई बार चाय का सेवन करते हैं। बता दें कि चाय का अधिक सेवन करने से व्यक्ति की नींद में बाधा आती है और लंबे समय तक नींद नहीं आती है। ऐसे में अगर आप भी सोने से पहले कैफीन का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी नींद प्रभावित हो सकती है। वहीं लंबे समय तक सही और अच्छी नींद न लेने के कारण आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

**मसालेदार आहार का न करें सेवन :** बता दें कि सोने से पहले अधिक मसालेदार आहार खाने से परहेज करना चाहिए। क्योंकि अधिक तला-भुना व मसालेदार खाने से कई बार सीने में जलन की समस्या होने लगती है। जिसके कारण अच्छी नींद नहीं आती है। मसालेदार भोजन खाने से हार्टबर्न की समस्या हो सकती है। यदि आप खाना खाकर फौरन बिस्तर पर चले जाते हैं, तो आपको इस आदत को भी बदलना चाहिए। क्योंकि खाना खाने के बाद फौरन लेटने से एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो सकती है। वहीं स्लीप एपनिया की समस्या होने पर लक्षण अधिक बिगड़ सकते हैं।

**हाई फैट-हाई प्रोटीन फूड :** सोने से पहले चिकन जैसे हाई-प्रोटीन फूड आइटम्स का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि हमारा पाचन तंत्र नींद के दौरान 50 फीसदी तक काम करना बंद कर देता है। ऐसे में अगर आप हाई-प्रोटीन या हाई-फैट का सेवन करते हैं तो इसको पचने में काफी समय लग सकता है। वहीं शरीर को इसे डाइजेस्ट करने में भी एक्सट्रा मेहनत करनी पड़ती है। इससे आपकी नींद पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

**न करें ओवर ईटिंग :** आजकल की खराब लाइफस्टाइल के कारण अधिकतर लोग देर रात तक जगते रहते हैं। इस दौरान वह ऑफिस या अन्य कामों को पूरा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप जितना देर रात तक जगते रहेंगे, उतना ही अंजाने में ओवर ईटिंग करते रहेंगे। जागते रहने से भूख अधिक लगती है और रात के दौरान लोग जंक फूड खाना अधिक पसंद करते हैं। इससे भी आपकी नींद प्रभाविक होती है और आपका स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहता है।

**अच्छी नींद के लिए करें ये काम :** अच्छी नींद लेने के लिए सोने से पहले कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट का सेवन करना चाहिए। बता दें कि व्होल ग्रेन से बना टोस्ट या दलिया आदि का सेवन करना फायदेमंद होता है। यह नींद लाने वाले हार्मोन सेरोटोनिन को रिलीज करने के साथ ही इसको पचाने में भी अधिक समय नहीं लगाते हैं। इससे आपको अच्छी व गहरी नींद भी आती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# शादी में खूबसूरत दिखने के लिए अपनाएं ये स्किन केयर रूटीन

शादी के दिन खूबसूरत दिखने की चाहत लगभग सभी लड़कियों की होती है। वहीं शादी में खूबसूरत दिखने के लिए लोग कई तरह के प्रयोग करते हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को अपनाकर अपने लुक्स का खास ख्याल रख सकती हैं। अपनी शादी में खूबसूरत दिखना हर लड़की का सपना होता है। वहीं अगर दुल्हन की बात करें तो दुल्हन के गेटअप में हर लड़की सबसे अलग ब्राइडल लगना चाहती है। वहीं शादी से कुछ दिन पहले से ही लड़कियां खूबसूरत दिखने के लिए ब्यूटी ट्रीटमेंट शुरूकर देती हैं। हर कोई अपनी-अपनी स्किन के हिसाब स्किन केयर रूटीन को फॉलो करती है। वहीं कुछ लड़कियां शादी के कुछ महीने पहले से ही ब्यूटी ट्रीटमेंट लेना शुरू कर देतीं हैं। वहीं कई बार खूबसूरत दिखने के चक्कर में हम अपनी स्किन पर कई ऐसे प्रोडक्ट यूज कर लेते हैं, जिससे स्किन को काफी नुकसान होता है। इसलिए शादी के पहले किसी नई चीज को अपने चेहरे पर ट्राई करने बचना चाहिए। शादी में नेचुरली ग्लोइंग दिखने के लिए हम आपको कुछ बेस्ट स्किन केयर रूटीन बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप शादी वाले दिन सबसे सुंदर और अलग नजर आएंगी।

**फेशियल :** हर लड़की को अपनी शादी से पहले फेशियल जरूर करवाना चाहिए। फेशि?ल करवाने से चेहरे की डेड स्किन हट जाती है। जिसके चलते आपके चेहरे पर ग्लो आता है। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है तो आप भी शादी के 1-2 महीने पहले 2-3 बार फेशियल करवा सकती हैं। इस दौरान आपको यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि आपका स्किन टाइप क्या है। जिससे फेशियल के दौरान आपको कोई स्किन से रिलेटेड दिक्कत न होने पाए।



**हेयर स्पा :** शादी में खूबसूरत और सबसे अलग दिखने के लिए आपके बालों का भी हेल्दी दिखना जरूरी है। इसलिए बालों को खूबसूरल और शाइनी बनाने के लिए हेयर स्पा आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। हेयर स्पा की मदद से आपके बाद हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे। जिससे शादी के कार्यक्रमों में आपके हेयर स्टाइलिश को आपके बालों का स्टाइल बनाने में मदद होगी। बता दें कि शादी के 4-5 दिन या एक हफ्ते पहले आप हेयर स्पा करवा सकती हैं।

**बॉडी पॉलिश :** शादी में न सिर्फ दुल्हन का चेहरा बल्कि आपका पूरा शरीर सोने की तरह चमकना चाहिए। ऐसे में आप बॉडी पॉलिश का सहारा ले सकती है। ब्राइडल को अपनी स्किन चमकदार बनाने के लिए किसी अच्छे पार्लर से बॉडी पालिश करवाना चाहिए। इससे आपकी सुंदरता में चार चांद लगेंगे। साथ ही बॉडी पॉलिश से आपकी स्किन भी हाइड्रेट हो जाएगी। इसकी मदद से आप अपनी शादी में खूबसूरत दिखेंगी।

**मैनीक्योर-पेडीक्योर :** मैनीक्योर-पेडीक्योर भी एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। इसके जरिए आप अपने नाखूनों में नई जान डाल सकते हैं। शादी से पहले हाथों-पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप किसी अच्छे से पार्लर से मैनीक्योर-पेडीक्योर करवा सकती हैं। हालांकि मेंहदी की रस्म से पहले दुल्हन को मैनीक्योर-पेडीक्योर करवाना चाहिए। जिससे की बाद में आपकी मेंहदी का रंग खराब ना हो।

**स्क्रब :** शादी से पहले ही बॉडी को चमकदार बनाने के लिए आप बॉडी स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको पार्लर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि अपनी स्किन टाइप का अच्छा सा बॉडी स्क्रब खरीदकर आप अपने शरीर को घर पर ही एक्सफोलिएट कर सकती हैं। बता दें कि शादी से करीब 1 महीने पहले से हर हफ्ते अपनी बॉडी को स्क्रब कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन चमकदान बनेगी। वहीं आप बॉडी स्क्रब के लिए घरेलू नुस्खे का भी ट्राई कर सकती हैं।

# घर में बांसुरी रखने के कई फायदे

भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को बांसुरी अतिप्रिय है। जहां श्रीकृष्ण बांसुरी बजाते थे, तो वहीं गोपियां बांसुरी की धुन पर नृत्य करने के लिए विवश हो जाती थीं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बांसुरी के इन उपायों से आप तमाम परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। सनातन शास्त्रों में चार युगों के बारे में बताया गया है। आमतौर पर इन युगों के बारे में हम सभी जानते हैं। इन युगों को सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग हैं। जहां सतयुग के समकालीन भगवान श्रीराम हैं, तो वहीं द्वापर युग के भगवान श्रीकृष्ण थे। भगवान श्रीकृष्ण निष्काम कर्मयोगी, आदर्श दार्शनिक और स्थितप्रज्ञ थे। भगवान श्रीकृष्ण को उनके भक्त कई नामों से पुकारते हैं। वहीं श्रीकृष्ण को बांसुरी अतिप्रिय है। मान्यता है कि बाल्याकाल में भगवान श्रीकृष्ण बांसुरी की धुन राधा रानी को बजाकर सुनाते थे। वहीं उनकी बांसुरी की धुन पर गोपियां सुधबुध भूलकर नृत्य करने लगती थीं। आपको बता दें कि वास्तु शास्त्र में भी बांसुरी का विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र में वास्तु दोष को दूर करने के लिए बांसुरी के कई चमत्कारिक उपायों के बारे में बताया गया है। बांसुरी की मदद से आप पारिवारिक कलह व आर्थिक तंगी से निजात पा सकते हैं।



**बांसुरी के उपाय :** अगर आप अपने करियर या बिजनेस में तरक्की पाना चाहते हैं तो आप अपनी दुकान या स्टडी रूम में बांसुरी रख सकते हैं। इस तरह से बांसुरी रखने से आपके जीवन की तमाम समस्याओं का अंत हो जाएगा। अगर आप भी आर्थिक तंगी से परेशान हैं, तो प्रतिदिन अपने घर में कम से कम 5 मिनट तक बांसुरी बजाएं। बता दें कि बांसुरी की धन न सिर्फ कान्हा जी को बल्कि राधा रानी को भी अतिप्रिय है। कहते हैं कि बांसुरी की धुन सुनकर श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं। वहीं व्यक्ति व उसके घर में भगवान श्रीकृष्ण की कृपा बना रहती है। ऐसे घर में सुख और समृद्धि आने के साथ ही परिवार के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बना रहता है। जिस भी घर में अधिक कलह व विवाद होते रहते हैं, उन लोगों को घर पर बांसुरी रखना चाहिए। ऐसा करने से रिश्तों में मधुरता आती है। वहीं वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, शादीशुदा व्यक्ति को अपने बेडरूम में बांसुरी लटकाकर रखनी चाहिए। यह उपाय करने से दंपति के बीच मधुर संबंध बने रहते हैं। अधिकतर लोगों को कड़ी मेहनत के बाद भी मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है और आप बुरे दौर से गुजर रहे हैं। तो अपनी दुकान, ऑफिस व घर में बांसुरी को रखना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को उसके कार्यों में सफलता मिलती है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलेंगे। मेहनत करने वालों को सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। कठिन परिश्रम करने के बावजूद अपने लिए समय निकाल पाएंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य विस्तार के लिए नई योजना शुरू कर सकते हैं। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कोराबार में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। मन में उत्साह रहेगा और आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनप्राप्ति के योग रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आर्थिक मामलों में ध्यान देंगे और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों में सफल होंगे और कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनेंगी और उनमें सफलता भी मिलेगी। कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी, जिससे तनाव बढ़ सकता है।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्य में विस्तार की योजना बनाएंगे। सामूहिक रूप से काम करने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में मंदी देखने को मिल सकती है। कोई ऐसी योजना बनाएंगे, जिससे भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाने की संभावना रहेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहने से मन अशांत हो सकता है। ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नति हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### मांडविया ने की ईरान के स्वास्थ्य व शिक्षा मंत्री बहराम इनोलाही से मुलाकात



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिनेवा में ईरान के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री बहराम इनोलाही के साथ मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने ट्वीट करके कहा कि जिनेवा में 76वें विश्व स्वास्थ्य महासभा के मौके पर ईरान के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री बहराम इनोलाही के साथ सार्थक बैठक हुई। बैठक के दौरान हेल्थकेयर, फार्मा, डिजिटल हेल्थ और पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई।


### सांसद संजय सिंह के दो सहयोगियों के घर पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घर पर छापा मारा है। ईडी ने सिंह के ड्राइवर और सहयोगी विवेक त्यागी के यहां भी छापा मारा है। संजय सिंह ने वीडियो जारी कर कहा है कि आज सुबह पता चला कि मेरे सहयोगियों (अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा) के घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है। मैं ईडी को बताना चाहता हूं कि मैं न झुकूंगा न रुकुंगा। हम पूरे देश के सामने ईडी का किसी तरह से दुरुपयोग हो रहा है, इसे उजागर करेंगे।

# राजदंड 'सेंगोल' को नए संसद भवन में करेंगे स्थापित : गृहमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को संसद का नवनिर्मित भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस मौके पर ऐतिहासिक राजदंड 'सेंगोल' को नए संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। इस सेंगोल को अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपयोग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कार्यक्रम पर बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेंगोल तमिलनाडु से आए विद्वानों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान किया जाएगी। फिर उसी दिन नई संसद में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेंगोल हमारी सांस्कृतिक



विरासत है और इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 14 अगस्त 1947 को जवाहर लाल नेहरू ने इसे अंग्रेजों से स्वीकार किया। 14 अगस्त की रात लॉर्ड माउंटबेटेन से सेंगोल प्राप्त कर पंडित नेहरू ने सेंगोल स्वीकार कर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की थी। पंडित नेहरू ने पवित्र सेंगोल को तमिलनाडु से मंगवाकर अंग्रेजों से स्वीकार किया था, जिसका तात्पर्य यह था कि पारंपरिक तरीके से सत्ता हमारे पास आई है। प्रयागराज के संग्रहालय में यह सेंगोल वर्षों से रखा था। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर उसे पूरे सम्मान के साथ नयी संसद में स्थापित करने का निर्णय लिया गया। शाह ने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण सिर्फ हाथ मिलाने या दस्तावेज पर दस्तखत करने से नहीं होता, यह देश की परंपरा को समाहित करने की प्रक्रिया है। गृह मंत्री शाह ने जानकारी दी कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नई संरचना को रिकार्ड समय में तैयार करने वाले करीब 60,000 श्रम योगियों को भी सम्मानित करेंगे।

### पीएम की दूरदर्शिता का प्रमाण है नया संसद भवन : शाह



**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने नए संसद भवन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता का प्रमाण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 28 मई को संसद का नवनिर्मित भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कार्यक्रम पर बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नई संसद के उद्घाटन पर 60 हजार श्रमयोगियों का सम्मान करेंगे। नया संसद भवन रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है।

# बारूद के ढेर पर बंगाल

**डेढ़ लाख किलो से अधिक विस्फोटक बरामद**

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में पिछले आठ दिनों के दौरान पांच जगहों पर पटाखा कारखाने और घरों में हुए बम विस्फोट में 17 लोगों की मौत के बाद राज्य पुलिस सक्रिय हो गई है। राज्य भर में अवैध पटाखा कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चल रहा है और महज चार दिनों के दौरान डेढ़ लाख किलो से अधिक विस्फोटक बरामद किए गए हैं जो राज्य में अवैध विस्फोटक एकत्रीकरण के गहरे नेटवर्क को उजागर करने वाला है। राज्य पुलिस के एक सूत्र ने बताया है कि विभिन्न जिलों में तलाशी अभियान के दौरान एक लाख 14 हजार 232 किलो पटाखे बरामद किए गए हैं जबकि 27 हजार 632 किलो बारूद सहित अन्य विस्फोटक जब्त किए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि 27 मई से धरपकड़ और तलाशी अभियान शुरू किया गया है जिसमें ये विस्फोटक बरामद हुआ है। अवैध तरीके से इन विस्फोटकों के एकत्रीकरण और कारोबार को



लेकर 252 प्राथमिकी दर्ज की गई है जबकि 143 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह बरामदगी मूल रूप से चार जिलों से हुई हैं जिनमें पूर्व मेदिनीपुर, बीरभूम, मालदा और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते मंगलवार को सबसे पहले पूर्व मेदनीपुर के एगरा में एक पटाखा कारखाना में विस्फोट हुआ जिसमें 12 लोगों की मौत हो चुकी है। उसके बाद दक्षिण 24 परगना के बजबज में विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई। अगले ही दिन बीरभूम जिले के दुबराजपुर में एक तृणमूल नेता के घर एकत्रित किए गए बम ब्लास्ट हो गए जिसमें घर की दीवार उड़ गई। उसके बाद एक दिन पहले मंगलवार को मालदा के पालिका बाजार में पटाखे के गोदाम में विस्फोट हुआ जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। उसी दिन शाम के समय दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में तृणमूल नेता के घर एकत्रित कर रखे गए बम ब्लास्ट हो गए थे जिसमें उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है। एक के बाद एक अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट और लोगों की मौत के बाद राज्य प्रशासन की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

# केरल में परिवार के 5 लोगों के शव मिले

**पुलिस को हत्या-आत्महत्या का संदेह**


**एजेंसी। कन्नूर (केरल)**

केरल के कन्नूर जिले के चेरुपुझा में बुधवार को सुबह एक मकान में तीन बच्चों सहित एक परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हत्या-आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है जहां पिछले सप्ताह शादी करने वाले जोड़े ने बच्चों की हत्या की और फिर खुद को फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि बच्चे सीढ़ियों से और दंपति घर की छत के पंखे से लटके पाए गए। उन्होंने बताया कि महिला के तीन बच्चे उसकी पहली शादी से थे। घटना 23-24 मई की दरम्यानी रात को हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके के लोगों ने आज सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी।

# मोदी ने सिडनी में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार संबंध बढ़ाने की अपील की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए बुधवार को सिडनी में एक बिजनेस राउंडटेबल में शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के सीईओ को संबोधित किया और उन्हें भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी के लिए प्रोत्साहित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक बाद एक कई ट्वीट में कहा, पीएम मोदी ने सिडनी में एक बिजनेस राउंडटेबल में शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई सीईओ को संबोधित



किया। सरकार द्वारा किए गए कई आर्थिक सुधारों पर प्रकाश डाला। सीईओ को उनके भारतीय समकक्षों के साथ साझेदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, उन्हें डिजिटल तथा अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी, फिनटेक, टेलीकॉम, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, हरित हाईड्रोजन तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, फार्मा, चिकित्सा उपकरणों के निर्माण सहित पूरे स्वास्थ्य क्षेत्र, महत्वपूर्ण तथा अन्य खनिजों के खनन, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में भारत द्वारा पेश निवेश अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। इससे पहले दिन में मोदी ने आस्ट्रेलिया के नेता प्रतिपक्ष पीटर डटन से भी मुलाकात की।

# किश्तवाड़ में सड़क हादसा सात लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। किश्तवाड़**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ढंगडेरू इलाके में बुधवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट कर इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने किश्तवाड़ के जिला उपायुक्त से बात कर पीड़ितों की हर संभव मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह पक्कलढुल पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारी और मजदूर एक वाहन से इखाला से सिबड़भत्ती



को जा रहे थे। ढंगडेरू इलाके के पास वाहन पलट कर खाई में गिर गया। हादसे में सात लोगों की जान चली गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कोर्ट से हेट स्पीच मामले में सपा नेता को मिली बड़ी राहत**

# बरी हुए विधायकी जाने वाले मामले में आजम खान

**एजेंसी। रामपुर**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को बुधवार को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जिस भड़काऊ भाषण मामले में आजम को तीन साल सजा हुई थी और उनकी विधायकी चली गई थी, उसमें कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि भड़काऊ भाषण देने के मामले में वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आजम खान को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से 27 अक्टूबर 2022 को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी।



इसके बाद आजम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। वहीं आजम के वोट देने का अधिकार भी खत्म हो गया था। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ बाद में आजम खान ने एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# ओडिशा में ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बौध जिले के कमलपुर चौराहे के पास बुधवार को एक ट्रक की एसयूवी से टक्कर हो जाने से एक होमगार्ड सहित दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, बौध जिले की बौंसुनी पुलिस की एक टीम बचाव अभियान पूरा कर कटक से एसयूवी में लौट रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने एसयूवी को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान होमगार्ड जगन्नाथ मेहर और चालक प्रशांत राणा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।


# मथुरा में हुए सड़क हादसे में चार की मौत, एक गंभीर

**एजेंसी। मथुरा**

बलदेव से वृंदावन जा रही ईको कार थाना राया क्षेत्र के बलदेव रोड गांव पिलखुनी पर बुधवार बाइक को बचाने के चक्कर में पेड़ से जा टकराई। उसमें सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सूचना पाकर जिलाधिकारी और एसएसपी ने मृतकों के परिवारीजनों को ढांढस बधाई तथा घायल को बेहतर चिकित्सा दिलाने के निर्देश दिए हैं। 22 वर्षीय अंकित, योगेश, अचल, आकाश तथा भरत उर्फ रॉकी बुधवार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए वृंदावन आ रहे थे। यह लोग जैसे ही अपनी इको कार से थाना राया क्षेत्र के पिलखुनी गांव के समीप पहुंचे की तभी सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा गई। हादसे में अंकित, अचल, आकाश और योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भरत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को गाड़ी से निकालकर पोस्टमॉर्टम हाउस भिजवा दिया। जबकि घायल भरत को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।




## एक्ट्रेस वैभवी का सड़क हादसे में निधन, को-स्टार्स ने जताया शोक



**प्रतिष्ठित** शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में जैस्मीन की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस वैभवी उपाध्याय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वैभवी की को-स्टार रूपाली गांगुली, सतीश शाह, देवेन भोजानी और जे.डी. मजेठिया ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। सतीश ने ट्विटर पर लिखा, वैभवी उपाध्याय उर्फ जैस्मीन हमारे सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में बेहतरीन अदाकारा और हमारी सहयोगी आज स्वर्ग सिधार गई। पूरी एसवीएस टीम सदमें में है। वहीं जे.डी. मजीठिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, यकीन नहीं हो रहा है कि जिंदगी इतनी अनप्रिडिक्टेबल हो सकती है। एक बहुत अच्छी एक्ट्रेस और खास दोस्त वैभवी उपाध्याय, जिन्हें 'साराभाई वर्सेज साराभाई' की जैस्मीन के रूप में जाना जाता था। उनका एक्सीडेंट हो गया है।

## एक्टर नितेश पांडे का 51 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन



**टॉप** रेटेड टीवी शो 'अनुपमा' में धीरज कुमार की भूमिका निभाने वाले अभिनेता नितेश पांडे का 51 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेता को मंगलवार देर रात नासिक के पास इगतपुरी में दिल का दौरा पड़ा। तुरंत उनकी मौत हो गई। नितेश ने 1990 में थिएटर से अपने सफर की शुरूआत की थी। 1995 में उन्हें 'तेजस' में एक जासूस की भूमिका मिली। उन्होंने 'मंजिलें अपनी अपनी', 'अस्तित्व..एक प्रेम कहानी', 'साया' और 'दुर्गेश नंदिनी' जैसे सीरियल में काम किया। उन्होंने टेलीविजन के अलावा फिल्मों में भी काम किया।

## कोर्ट ने जैकलीन को आईफा अवार्डस के लिए विदेश यात्रा की अनुमति दी



**दिल्ली** की एक अदालत ने मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फनार्डीज को 25 मई से 12 जून तक विदेश जाने की अनुमति दी, जो 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में आरोपियों में से एक हैं, जिसमें सुकेश चंद्रशेखर शामिल हैं। जैकलीन द्वारा एक आवेदन दायर किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें आईफा अवार्डस में भाग लेने के लिए 25 मई से 27 मई तक अबू धाबी की यात्रा करने और फिल्म की शूटिंग के लिए 28 मई से 12 जून तक मिलान की यात्रा करने की जरूरत है। पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने उन्हें विदेश जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने 15 नवंबर को जैकलीन को अग्रिम जमानत दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में जैकलीन को एक आरोपी के रूप में नामित करते हुए अपनी दूसरी पूरक चार्जशीट दायर की थी। अदालत ने 26 सितंबर को उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। जैकलीन और एक अन्य बॉलीवुड हस्ती नोरा फतेही ने मामले में गवाह के तौर पर अपने बयान दर्ज कराए हैं।

**मामला** कर्नाटक सरकार हिजाब प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार

# सभी कानूनों को वापस लिया जाएगा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक की नई कांग्रेस सरकार राज्य में हिजाब पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नई सरकार मंत्रिमंडल विस्तार को पूरा करने का इंतजार कर रही है। 10 मई के विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करते हुए कांग्रेस, विशेष रूप से कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने कहा था कि राज्य में पार्टी के सत्ता में आने के बाद पिछली भाजपा सरकार द्वारा हिजाब पर प्रतिबंध और सांप्रदायिक आधार पर बनाए गए सभी कानूनों को वापस ले लिया जाएगा।

कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध पर एमनेस्टी इंटरनेशनल की बढ़ती चिंता के बारे में पूछे जाने पर



उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने बुधवार को विधानसभा में कहा, मैं हिजाब के मामले पर टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि यह एक नीतिगत मामला है। हालांकि, कैबिनेट मंत्री प्रियांक खड़गे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हिजाब, हलाल कट और गोहत्या कानूनों पर प्रतिबंध वापस लेगी। सूत्रों ने दावा किया कि पार्टी इन कानूनों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें पिछली भाजपा सरकार द्वारा लाया गया धर्मांतरण विरोधी कानून भी शामिल है। कनकपुरा कस्बे के पास कपालबेट्टा में 114 फुट ऊंची ईसा मसीह की प्रतिमा के निर्माण पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। उडुपी प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की छह छात्राओं द्वारा शुरू किया गया हिजाब विवाद पिछले साल राज्य में एक संकट बन गया था। हिजाब के बिना कक्षाओं में जाने से इनकार करने वाली छात्राओं का अभी भी कहना है कि वे सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार करेंगी। इस मुद्दे ने सांप्रदायिक रंग ले लिया था और इसके परिणामस्वरूप राज्य में बदले की भावना से हत्याएं हुईं थीं। इस मुद्दे ने वैश्विक आतंकवादी संगठन अल-कायदा का ध्यान खींचा था। यह आरोप लगाया जाता है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने इस मुद्दे का इस्तेमाल अपने हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया, जिसने स्पष्ट रूप से समाज, विशेष रूप से छात्र समुदाय को विभाजित किया।

# एनएसए अधिकारियों ने अमृतपाल सिंह से की पूछताछ

**गुवाहाटी।** खालिस्तान समर्थक नेता और 'वारिस पंजाब डे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह से राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) के अधिकारियों ने असम की डिब्रूगढ़ जेल में पूछताछ की। पंजाब के मोगा के रोड गांव से पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद से सिंह 23 अप्रैल से डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एनएसए के अधिकारी मंगलवार को डिब्रूगढ़ पहुंचे और सिंह से दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। इस बीच, डिब्रूगढ़ जेल में बंद सिंह के अन्य नौ सहयोगियों से भी एनएसए अधिकारियों ने पूछताछ की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को कहा कि सिंह से अलग से पूछताछ की गई। बाद में उसके सहयोगियों से पूछताछ की गई। पिछले हफ्ते अमृतपाल सिंह के माता-पिता-तरसेन सिंह और बलविंदर कौर-ने उससे जेल में मुलाकात की थी।

## मिशन लाइफ कैंपेन शुरू, स्वस्थ पर्यावरण की ली शपथ

# पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनायें : मनरेगा आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर मिशन लाइफ कैंपेन की शुरूआत की गयी है। बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में किया गया। वरीय पदाधिकारियों/ कार्यालय कर्मियों के साथ वर्चुअल माध्यम से डीडीसी, परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राजेश्वरी बी ने लोगों को ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली व इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने की बात कही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अवर सचिव श्री अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की मिशन लाइफ का उद्देश्य ऐसी जीवनशैल अपनाना और उसे बढ़ावा देना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर स्वस्थ जलवायु को बढ़ाना है। मौके पर संयुक्त सचिवअरुण कुमार सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार एवं अवर सचिव चंद्रभूषण आदि मौजूद थे।

## दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, केस दर्ज

**रांची।** कोकर गढ़हाटोली निवासी जेबा खातून ने पति रमजान कुरैशी समेत ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में जेबा ने पति रमजान कुरैशी, सास जरीना खातून, ननद निलोफर खातून, गुलफ्सा परवनी और ससुर शैल कुरैशी के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जेबा का आरोप है कि उनकी शादी 2021 में रमजान कुरैशी के साथ हुई थी। शादी के वक्त तीन लाख नगद और दो लाख रुपए के जेवरात रमजान को दिए गए थे। शादी के कुछ दिन बाद से ही रमजान उनसे दो लाख रुपए दहेज की डिमांड करने लगे। इंकार करने पर वह लगातार उन्हें प्रताड़ित करने लगे। रमजान की मां और बहन भी उनके साथ मारपीट और प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने मायके चली गई। इसके बाद जेबा सीधे कोर्ट पहुंची और पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ कम्प्लेन केस कराया। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

## बैकलॉग छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति प्रदान करे रांची विवि : अमन अहमद



रांची। बुधवार को एनएसयूआइ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की अनेक महाविधालय के बैकलॉग छात्र-छात्राएं का परिक्षा फॉर्म छूटा हुआ है, जिनका किसी कारण वर्ष छूटा है वैसे छात्र छात्राओं को एक और मौका दिया जाए ॥ सत्र 20-23 के छात्र छात्रओं का सेमेस्टेर 1, सत्र 21-24 सेमेस्टर 3, सत्र 22-26 सेमेस्टेर 1 और 3 रांची विश्वविधालय अंतर्गत अनेकों महाविधालय शामिल है। इनमें मारवाड़ी कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, एस.एस मेमोरयल, एस.जी.एम कॉलेज, राम लखन कॉलेज, बी.एस.के कॉलेज लोहरदगा एवं मन्डर कॉलेज। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने राँची विश्विद्यालय प्रशासन से मांग की छात्रहित को देखते हुए ऐसे विध्यर्ठियों के समस्या का निदान किया जाए। प्रति कुलपति ने कहा की हम कुलपति महोदय से वार्ता करेंगे एवं छात्रहित में यथासंभव प्रयास करेंगे। मौके पर जिला महासचिव पवन कुमार, महासचिव इकबाल अख़्तर, सचिव अनुज शर्मा, चंदन कुमार, डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष शाहिल सिद्दीकी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रपति आज स्वयं सहायता समूह के साथ करेंगी संवाद

# महिला उद्यमियों को वनों के प्रति शिक्षित करना उद्देश्य : मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू 25 मई 2023 को झारखंड के खूंटी जिले के बिरसा मुंडा कॉलेज स्टेडियम में आयोजित जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) द्वारा आयोजित महिला एसएचजी सम्मेलन में महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के साथ संवाद करेंगी। राष्ट्रपति लाइव डेमो बूथ और स्टाल का दौरा भी करेंगी। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान, ट्राइफेड, एनएसटीएफडीसी और केंद्र/राज्य सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों के विविध जनजातीय शिल्प के साथ-साथ जनजातीय कला और शिल्प के लाइव प्रदर्शनों को प्रदर्शित करने वाले बूथ स्थापित करने की योजना है। इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को वनों के बारे में उनके अधिकारों, वीडीवीके के लाभों, वित्तपोषण और बाजार के संभावित मार्गों और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के बारे में शिक्षित करना है।

**सिकल सेल एनीमिया (एससीडी), टीबी, मलेरिया और कुपोषण पर जागरूकता पैदा करने के लिए हेल्थ कॉर्नर आयोजित किया जाएगा और एससीडी की स्क्रीनिंग भी आयोजित होगा**

**इवेंट में प्रदर्शित प्रदर्शनों में निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. जनजातीय उत्पादों का शिल्पवार प्रदर्शनः यह प्रदर्शन 20 स्टालों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए झारखंड और बिहार राज्यों के 20 आपूर्तिकर्ताओं और वीडीवीके को उनके उत्पादों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें देश भर के जनजातीय उत्पादों को प्रदर्शित करने के अलावा विभिन्न शिल्प वार स्टॉल शामिल होंगे।

2. शिल्प का प्रदर्शनः शिल्प प्रदर्शन की व्यवस्था वस्त्र, बांस की टोकरी, जैविक खरसावां हल्दी (हल्दी) बनाने, योग मैट बनाने, सबाई घास उत्पाद बनाने, मोती खेती डेमो, सोहराई पेंटिंग, संगीत वाद्ययंत्र बनाने और लाह के आभूषण बनाने के लिए की गई है।

3. भारतीय प्राकृतिक रेजिन और गोंद संस्थान द्वारा लाह की खेती को बढ़ावा देना, एनएसटीएफडीसी, एनएसआईसी, एनआईईएसबीयूडी, कौशल क्षेत्र परिषद (एफआईसीएसआई), डाक विभाग और एमएसएमई मंत्रालय के स्टॉल।

4. हेल्थ कॉर्नरः स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए, जनजातीय समुदायों में प्रचलित आनुवंशिक या जीवन शैली की बीमारियां, जैसे सिकल सेल एनीमिया, तपेदिक, मलेरिया और कुपोषण आदि पर जागरूकता पैदा करने के लिए हेल्थ कॉर्नर आयोजित किया जाएगा और एससीडी की स्क्रीनिंग भी आयोजित होगो स्क्रीनिंग के बाद, प्रभावित व्यक्तियों को रोगों और इसके प्रबंधन के बारे में निदान, परामर्श और जानकारी प्राप्त होगी।

जनजातीय मामलों के माननीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने माननीय राष्ट्रपति की खूंटी, झारखंड यात्रा के लिए जिला प्रशासन, ट्राइफेड और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों की तैयारियों का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की ट्रेनिंग अब रांची में भी

# इसकी शुरूआत श्रम नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के सचिव ने किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जैसे-जैसे सड़कों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल की संख्या बढ़ती जा रही है इसके सर्विसिंग और मैकेनिक की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए वेंचर स्किल इंडिया द्वारा कांके डैम साइड में इलेक्ट्रिक व्हीकल मेंटेनेंस और रिपेयरिंग ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया गया है। इस ट्रेनिंग सेंटर की शुरूआत श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव राजेश शर्मा ने किया। मौके पर मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार भी उपस्थित थे। वेंचर स्किल इंडिया के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस सेंटर पर जो चीजें जरूरत की होती है। ट्रेनिंग देकर युवाओं को हुनरमंद बनाया जाता है। हाल के दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल सड़कों पर तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में इन गाड़ियों का मेंटेनेंस और सर्विसिंग की भी डिमांड बढ़ती जा रही है। इसलिए स्किल इंडिया के माध्यम से युवाओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल बैट्री से लेकर इंजन तक बनाने की कला यहां के युवा सीख पाएंगे। राजीव कुमार सिंह ने बताया कि वेंचर स्किल इंडिया द्वारा अभी तक 5500 छात्रों को अलग-अलग ट्रेड में ट्रेनिंग दी गई है और उनका प्लेसमेंट भी किया गया है। वर्तमान में 600 से अधिक छात्र यहां अलग-अलग ट्रेड में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**औषधीय पौधे गिलोय की...**

गयी हैं। यूनिवर्सिटी में गिलोय से संबंधित कार्यक्रमों का संचालन औषधीय पौधों के विशेषज्ञ डॉ कौशल कुमार की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों के साथ वे चयनित गांवों में जाकर किसानों को इसके लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं और इस बारे में उन्हें जागरूक भी कर रहे हैं। गिलोय का पौधा करीब डेढ़ वर्षों में तैयार हो जायेगा। तैयार होने के बाद बीएयू इन्हें किसानों से खरीदेगा। इसके बाद उसपर शोध कार्य तथा उसकी प्रोसेसिंग सेंटर के जरिये की जायेगी। इस सेंटर का सोमवार को असम एग्रीकल्चर कमीशन के चेयरमैन डॉ एचएस गुप्ता, बीएयू के कुलपति ओंकार नाथ सिंह तथा निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने अवलोकन किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने राज्य में पाये जानेवाले औषधीय पौधों के सदुपयोग के लिए सार्थक प्रयास तथा किसानों को अधिक से अधिक प्रशिक्षित किए जाने पर जोर दिया। सेंटर प्रभारी डॉ पीके सिंह ने बताया कि गिलोय प्रोसेसिंग सेंटर में एक क्विंटल गिलोय से तीन किलो गिलोय सत्व बनेगा। इसका आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उपयोग किया जायेगा। इसकी मार्केटिंग के लिए हर्बल कंपनियों को बीएयू के साथ जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि गिलोय को आयुर्वेद में अमृता के नाम से पुकारा जाता है।

**धोखेबाज ने एआई की मदद से...**

में जिस फोटो का इस्तेमाल किया जा रहा था उसे एआई की मदद से बनाया गया था। एआई को लेकर टेस्ला और ट्विटर के मालिक एलन मस्क पहले ही चिंता जाहिर कर चुके हैं। मस्क ने इसके डेवलपमेंट को रोकने तक की चेतावनी दी है।

**दोराबजी टाटा व मेहरबाई ने कोहिनूर से...**

को बचाने में अहम रोल अदा किया उसका नाम जुबली डायमंड है। इसने न सिर्फ कंपनी को डूबने से बचाया, बल्कि कई जिंदगियों की रक्षा की और कैंसर हॉस्पिटल के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मानव इतिहास में शायद कभी किसी हीरे का इतना अच्छा इस्तेमाल हुआ हो इस हीरे को साल 1896 में पॉलिशिंग के लिए एम्सटर्डम भेजा गया था। इसके बाद साल 1897 में इसे क्वीन विक्टोरिया की डायमंड जुबली के नाम पर नाम 'जुबली डायमंड' नाम मिला। इसके बाद साल 1900 में इस हीरे को पेरिस एक्स पोजीशन में डिस्प्ले किया गया। उस समय दोराबजी टाटा ब्रिटेन में ही थे। दोराबजी अपनी पत्नी मेहरबाई से बहुत प्यार करते थे। दोनों की शादी 1898 में वैलेंटाइन्स डे पर हुई थी। दोराबजी ने यह जुबली डायमंड मेहरबाई को गिफ्ट करने का फैसला किया। उन्होंने इसे लंदन के मर्चेंट्स से 1 लाख पाउंड में खरीदा था प्रथम विश्व युद्ध के बाद का समय था। जमशेदपुर में टाटा स्टील अपना विस्तार करना चाह रही थी। लेकिन यह विस्तार कंपनी के लिए फायदे से ज्यादा मुश्किलें लेकर आया। टाटा स्टील को प्राइस इन्फ्लेशन से लेकर लेबर समस्या तक का सामना करना पड़ा। जापान में भूकंप के बाद डिमांड भी गिर रही थी। साल 1923 आते-आते कंपनी में नकदी संकट खड़ा हो गया। टाटा स्टील के कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं बचा था। इसके बाद कंपनी के डूबने का संकट खड़ा होने लगा दोराबजी टाटा कैसे भी करके अपनी कंपनी बचाना चाहते थे। वे भारत के पहले इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट को स्थापित करने के सपने को टूटकर बिखरते हुए नहीं देख सकते थे। दोराबजी और उनकी पत्नी मेहरबाई टाटा ने अपनी सारी निजी संपत्ति गिरवी रखकर पैसा जुटाने का फैसला किया। उस दौलत की कीमत उस समय एक करोड़ रुपये थी। यह रकम उस दौर में एक बड़ी राशि थी। दोनों ने अपनी संपत्ति को इंपीरियल बैंक में गिरवी रखा और फंड जुटाया। इस संपत्ति में जुबली डायमंड समेत मेहरबाई की सारी ज्वेलरी भी थी।

**डूबने से उबर कर फिर खड़ी हो गयी टाटा स्टील कंपनी :** इस एक करोड़ रुपये से टाटा स्टील की फंडिंग हुई जो जल्द कंपनी मुनाफा देने लगी। खास बात यह है कि उस मुश्किल समय में भी किसी कर्मचारी को नहीं निकाला गया था। जब कंपनी मुनाफे में आई तो दोराबजी और मेहरबाई ने अपनी गिरवी रखी संपत्ति को छुड़ा लिया। साल 1932 में दोराबजी टाटा इस दुनिया से चले गए थे। उन्होंने अपनी सारी संपत्ति 'सर दोराबजी टाटा चैरिटेबल ट्रस्ट' के नाम की थी, जिसमें जुबली डायमंड हीरा भी था। साल 1937 में कार्टियर के जरिए इस हीरे जुबली डायमंड की बिक्री हुई और इससे मिला पैसा ट्रस्ट के पास चला गया।

**देश की नंबर वन व विश्व की नंबर...**

है। इस लिस्ट में आईफोन बनाने वाली अमेरिका की कंपनी एपल पहले नंबर पर है जबकि एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला को दूसरा स्थान मिला है। टेस्ला की स्थिति में पिछली बार के मुकाबले तीन स्थान का सुधार हुआ है।अमेरिका की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन इनोवेटिव रैंकिंग में तीसरे नंबर पर है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट को चौथा नंबर मिला है जबकि माइक्रोसॉफ्ट पांचवें नंबर पर है। इसके बाद अमेरिका की फार्मा कंपनी मॉडर्ना, दक्षिण कोरिया की सैमसंग, चीन की हुआवे और बीवाईडी कंपनी तथा सिमंस का नंबर है। इस तरह टॉप 10 में अमेरिका की छह और चीन की दो कंपनियां शामिल हैं। फाइजर को 11वीं रैंकिंग मिली है जबकि स्पेसएक्स को 12वें स्थान पर रखा गया है। मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा (फेसबुक) पांच स्थान गिरकर 16वें नंबर पर पहुंच गई है नेस्ले की स्थिति में 22 पायदान का सुधार हुआ है और यह 27वें स्थान पर है। दूसरी ओर रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी वॉलमार्ट 32 स्थान की गिरावट के साथ 44वें स्थान पर पहुंच गई है। इसी तरह चीन के जैक मा की कंपनी अलीबाबा की स्थिति में भी 22 स्थान की गिरावट आई है। सऊदी अरब की दिग्गज कंपनी सऊदी अरामको इस लिस्ट में 41वें स्थान पर है जबकि सोनी 22 स्थान की गिरावट के साथ 31वें नंबर पर आ गई है।

**कोर्ट के फैसले के बाद लोगों...**

हिंदी में भाषण दिया। मुझे लगता है इसका लाभ मिलेगा, उन्हें देखकर हाई कोर्ट के जज भी प्रभावित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यह शुरूआत की है कि कई भाषाओं में काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में यह जरूरी है। अंग्रेजी के अलावा यहां के लोग दूसरी भाषाओं में सहज हैं। तकनीक हमारी दुनिया बदल रहा है। नए भवन में कई आधुनिक सुविधाएं हैं। खासकर युवा जो इस क्षेत्र में हैं उन्हें और बेहतर करना है। न्याय व्यवस्था में समस्याओं की पहचान हो रही है, उस पर चर्चा हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इन समस्याओं से जल्द निकलकर बाहर आयेंगे। इससे पूर्व झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखायी गयी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, भारत के चीफ जस्टिस डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ समेत सभी अतिथियों को शॉल और डोगरा शिल्प कला से बनी बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि लगभग 600 करोड़ की लागत से बने झारखंड हाई कोर्ट का नया कैंपस सुप्रीम कोर्ट से करीब तीन गुना बड़ा है। कैंपस में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2000 पौधे लगाए गए हैं। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा हाई कोर्ट भवन और बड़ा कैंपस भी है। गर्मी की छुट्टियों के बाद नए हाई कोर्ट कैंपस में न्यायिक गतिविधियां शुरू होंगी। वहीं झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि यह झारखंड की करोड़ों जनता के लिए गौरव का क्षण है। करीब 600 करोड़ की लागत से 165 एकड़ में झारखंड हाईकोर्ट भवन का निर्माण किया गया है। उम्मीद है कि झारखंड के आदिवासी, गरीब जनता को सरल, सुलभ तथा तीव्र न्याय दिलाने की दिशा में यह संस्थान एक मील का पत्थर साबित होगा।

सोरेन ने कहा कि आज हमारे बीच कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित हैं। हाई कोर्ट में आदिवासी बहुल राज्य के लिए आरक्षण का प्रावधान हो, इसकी मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि सबऑर्डिनेट ज्यूडिशियरी में झारखंड की स्थिति देश में सबसे बेहतर है। यहां कोर्ट रूम बनाये गये हैं, उनके लिए निवास स्थल बनाये गये हैं। कोर्ट अगर झारखंड के लिए कोई योजना बनायेगा, तो सरकार उस पर अमल जरूर करेगी। सोरेन ने वरीय न्याय सेवा में होने वाली नियुक्ति में आरक्षण का प्रावधान किये जाने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि लंबे समय से लंबित केस के निबटारे पर हम जोर दे रहे हैं। हमने हजारों मुकदमों का निष्पादन करवाया है। लोक अभियोजकों की कमी की वजह से केस के निष्पादन में दिक्कतें आती थी। हमने 100 से अधिक लोक अभियोजकों की नियुक्ति की है। सरकार ने 160 सहायक लोक सेवकों की नियुक्ति की है। इससे लोगों को न्याय दिलाने में हमें सफलता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे-छोटे अपराधों में झारखंड के गरीब लोग भी लंबे समय से जेल में बंद है। हमने एक सूची बनाई है, जिसमें पांच साल से ज्यादा लंबित हैं। चार वर्षों से अधिक लंबित सूची तैयार की है, जिसकी संख्या तीन हजार दो सौ है। हम छह महीने के भीतर इन मामलों को भी निपटाने की कोशिश की है। भविष्य में जो भी जरूरत होगी राज्य सरकार उस पर ध्यान देगी। तकनीक का इस्तेमाल करके कैसे इसे बेहतर किया जाए, इसकी पहल की जा रही है। झारखंड में इस कार्य के लिए कोई भी प्रोजेक्ट तैयार होगा तो राज्य सरकार पूरी मदद करेगी। सोरेन ने कहा कि एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस में जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है। इसके लिए प्रावधान करने का आग्रह करूंगा। साथ ही कहा कि न्यायालयों के कार्यों का निष्पादन स्थानीय भाषाओं में किए जाने की नितांत आवश्यकता है। न्यायिक पदाधिकारियों और सहायक लोक अभियोजकों के लिए कम-से-कम एक स्थानीय भाषा का सीखना भी बाध्यकारी किया जाना चाहिए।

**झारखंड हाई कोर्ट से लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिलेगा : राज्यपाल**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। झारखंड हाई कोर्ट को नया भवन मिला। राष्ट्रपति को धन्यवाद। मुझे पूरा यकीन है कि झारखंड हाई कोर्ट से लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिलेगा। देश का यह सबसे बड़ा हाई कोर्ट परिसर है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का मंदिर है, जहां लोग न्याय की मांग करने जाते हैं। भारत की न्यायपालिका महान है। राज्यपाल ने कहा कि मैं पूरे देश को यह बताना चाहता हूं कि लांग विजन के साथ इस विशाल हाई कोर्ट भवन का निर्माण किया गया है। इसके पहले नहीं कभी ऐसा नहीं हुआ। यह भविष्य की योजना का उदाहरण है। इसमें हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि कोर्ट की मदद से हमारे नागरिकों को न्याय मिलेगा। विवादों का निबटारा होगा। साथ ही कहा कि न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में सुधार के रास्ते तलाशने होंगे, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके।

**राष्ट्रपति ने देवघर बाबा मंदिर...**

राष्ट्रपति का अभिनंदन किया। इसके बाद राष्ट्रपति देवघर एयरपोर्ट से एयरफोर्स के विशेष विमान से दोपहर 12:00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। देवघर में सांसद निशिकांत दुबे भी स्वागत के लिए वहां मौजूद रहे। राज्यपाल के दौरे को लेकर रांची में तीन हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। एयरपोर्ट से राजभवन तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और राज्य पुलिस के जवान मौजूद हैं। ऊंची इमारतों से पुलिस के जवान सड़कों पर नजर रखे हुए हैं। एडीजी और सीनियर आईएएस मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राष्ट्रपति भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अलबर्ट एक्का चौक पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद राजभवन रवाना होंगी।

**राष्ट्रपति को मंत्री ने...**

के साथ कल्याण की प्रार्थना की। पूजा के बाद राष्ट्रपति को मंत्री ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। राष्ट्रपति बाबा मंदिर में पूजन व दर्शन करने के बाद देवघर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुईं। इसके बाद वे देवघर से रांची के लिए रवाना हो गईं।

**राष्ट्रपति से उद्घाटन कराये...**

अनुच्छेद 111 का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संसद का प्रमुख होता है। थरूर ने कहा, 'यह काफी विचित्र था कि निर्माण शुरू होने पर पीएम ने भूमि पूजन समारोह और पूजा की, यह उनके लिए पूरी तरह से समझ से बाहर और यकीनन असंवैधानिक है।

संविधान का अनुच्छेद 60 राष्ट्रपति द्वारा शपथ का उल्लेख करता है। इसके अनुसार, भारत के राष्ट्रपति को शपथ भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दिलाई जाएगी और उनकी गैरमौजूदगी में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम जज द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, अनुच्छेद 111 में किसी भी विधेयक में राष्ट्रपति के स्वीकृति का उल्लेख करता है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति या तो विधेयक पर हस्ताक्षर कर सकता है या अपनी स्वीकृति को सुरक्षित रख सकता है। यदि राष्ट्रपति विधेयक पर अपनी सहमति देता है तो विधेयक को संसद के समक्ष पुनर्विचार के लिये प्रस्तुत किया जाएगा और यदि संसद एक बार पुनः इस विधेयक को पारित कर राष्ट्रपति के पास भेजती है तो राष्ट्रपति के पास उस विधेयक को मंजूरी देने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। इस तरह राष्ट्रपति के पास ह्यनिलंबनकारी वीटोह्न की शक्ति होती है।भाजपा की ओर से पुरी ने थरूर को जवाब दिया कि अनुच्छेद 60 और 111 का उस बतंगड़ से कोई संबंध नहीं है जिसे वह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं, जबकि पीएम हैं। इसके पलटवार में मनीष तिवारी ने अनुच्छेद 79 (संसद) का उल्लेख करते हुए पुरी पर निशाना साधा।

**पहले संसद भवनों का उद्घाटन किसने किया था?**

**पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी :** आजादी के बाद जैसे-जैसे संसद में गतिविधियां बढ़ीं, तत्कालीन सरकारों ने अधिक स्थान की आवश्यकता महसूस की। लोकसभा सचिवालय के दस्तावेज 'पार्लियामेंट हाउस एस्टेट' के अनुसार, पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी का निर्माण संसदीय दलों, पार्टियों के लिए बैठक हॉल, संसदीय समितियों के अध्यक्षों के लिए समिति कक्ष और कार्यालयों और दोनों सदनों के सचिवालयों के लिए किया गया था।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के मुख्य वास्तुकार जेएम बेंजामिन द्वारा इस भवन का डिजाइन तैयार किया गया था। 3 अगस्त 1970 को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरि ने इसकी आधारशिला रखी थी। पांच साल बाद, 24 अक्टूबर 1975 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भवन का उद्घाटन किया।

**पार्लियामेंट लाइब्रेरी :** 15 अगस्त 1987 को, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पार्लियामेंट लाइब्रेरी की आधारशिला रखी। वहीं, इसका उद्घाटन सात मई 2002 को तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन द्वारा किया गया। 60,460 वर्ग मीटर क्षेत्र के दायरे साथ चार मंजिलों में फैला, पुस्तकालय अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित एक वातानुकूलित इमारत है।

**पार्लियामेंट एनेक्सी एक्सटेंशन बिल्डिंग :** 2017 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, उपाध्यक्ष एम थंबीदुरई की उपस्थिति में संसद भवन एनेक्सी विस्तार भवन का उद्घाटन किया था। इसमें समिति कक्ष, एक सभागार, एक बैंक्वेट हॉल और स्थायी समितियों के अध्यक्षों के कक्ष हैं। विस्तार भवन की आधारशिला मई 2009 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने रखी थी। निर्माण कार्य मई 2011 में शुरू हुआ और दिसंबर 2016 में पूरा हुआ।

**संविधान क्या कहता है? :** संविधान राष्ट्रपति को कार्यकारी, विधायी, न्यायपालिका, आपातकालीन और सैन्य शक्तियां प्रदान करता है। विधायी शक्तियों में संसद के दोनों सदन, लोकसभा और राज्यसभा शामिल हैं। अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि, 'संघ के लिए एक संसद होगी जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन अर्थात राज्यसभा और लोकसभा शामिल होंगे।' वहीं, संविधान का अनुच्छेद 74 (1) कहता है, 'राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के साथ एक मंत्रिपरिषद होगी, जो अपने कार्य सलाह के अनुसार कार्य करेगी। साथ ही इसमें उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से इस तरह की सलाह पर आमतौर पर या अन्यथा फिर से विचार करने के लिए कह सकते हैं और राष्ट्रपति इस तरह के पुनर्विचार के बाद दी गई सलाह के अनुसार कार्य करेंगे।

# पीएम आज करेंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण का उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार (25 मई) शाम सात बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में खेल संस्कृति को विकसित करने और युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने पर बहुत ध्यान दिया है। नवोदित खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं और देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक और कदम है। इस साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा संस्करण 25 मई से 3 जून तक उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ और गौतम बुद्ध नगर में आयोजित की जाएंगी। खेलों में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4750 से अधिक एथलीट भाग लेंगे, जो 21 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलों का समापन समारोह तीन जून को वाराणसी में होगा। खेलों के शुभंकर का नाम जीतू है, जो उत्तर प्रदेश के राजकीय पशु दलदल हिरण (बारासिंघा) का प्रतिनिधित्व करता है।




# पेरिस ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को

**एजेंसी। पेरिस**

अगले साल गर्मियों में कितने लोग ओलंपिक खेलों के पहले आउटडोर उद्घाटन समारोह को देख पाएंगे? उत्तर अभी भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने उस प्रश्न के पूछे जाने पर 'सैकड़ों हजारों लोगों' के बारे में बात की है। पेरिस ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई, 2024 को रात 8:24 बजे (स्थानीय समयानुसार) शुरू होगा, और तीन घंटे तक चलेगा, इसकी पुष्टि पेरिस 2024 के अध्यक्ष टोनी एस्टंगुएट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की, फ्रांसीसी सरकार, आयोजन समिति के रूप में समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार और फ्रांस की राजधानी के मेयर ने मंगलवार को एक सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए।



कुल 116 नावों को 10,000 से अधिक एथलीटों के परिवहन के लिए किराए पर लिया जाएगा, जो पोंट डी'ऑस्टरलिट्ज से पोंट डी'इना तक छह किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिसमें नोट्रे डेम, लौवर और एफिल टॉवर जैसे कई प्रतिष्ठित स्मारक पृष्ठभूमि के रूप में काम करेंगे।

लगभग 100,000 टिकट 2,700 यूरो तक की कीमत के साथ विशेष नदी के किनारे की स्थिति के लिए बेचे जाएंगे। जो लोग मुफ्त में ओपन-एयर शो देखना चाहते हैं, उन्हें टिकट के लिए प्री-रजिस्टर करना होगा।

डर्मैनिन ने पूर्व-पंजीकरण नीति के बारे में कहा, हमें लगता है कि बहुत बड़ी संख्या में लोग जो इन ओलंपिक को देखना चाहते हैं, वे पूरी सुरक्षा में ऐसा करने में सक्षम होंगे। हालांकि सटीक आंकड़ा स्पष्ट नहीं है। आयोजकों ने शुरूआत में कुल 600,000 स्थानों की उम्मीद की थी, लेकिन फरवरी में, इले-डी फ्रांस क्षेत्र के सार्वजनिक परिवहन प्रमुख वैलेरी पेक्रेस ने 'अपर्याप्त परिवहन क्षमता' का हवाला देते हुए कहा था कि यह आंकड़ा 500,000 से कम तक कट गया है। तब से, परदे के पीछे, कई राजनीतिक और पुलिस स्त्रोतों ने फ्रांसीसी मीडिया को 400,000 के आंकड़े का उल्लेख किया है। 16 मई को, खेल मंत्री एमेली ओडिया-कास्टरा ने 400,000 के आसपास तक का भी उल्लेख किया, जिसे अभी भी परिष्कृत किया जाना है। ओलंपिक सुरक्षा के प्रभारी डर्मैनिन ने मंगलवार को अस्पष्ट शब्दों में जवाब दिया, 'सैकड़ों हजारों' दर्शक भव्य शो देखने के लिए ऊंची जगहों पर बैठेंगे। सुरक्षा बलों के संबंध में, 37,000 सदस्यों को तैनात किया जाएगा, जिसमें 2,000-3,000 निजी सुरक्षा एजेंट उद्घाटन समारोह के लिए ड्यूटी पर होंगे। डर्मैनिन ने यह भी कहा कि 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले खेलों की अवधि के लिए पुलिस कर्मियों के व्यक्तिगत अवकाश रद्द कर दिए जाएंगे। डर्मैनिन ने जोर देकर कहा कि ड्रोन को सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा माना जाता है, लेकिन उन्होंने कहा कि वायु रक्षा तकनीक उपलब्ध थी और इस साल के अंत में फ्रांस में रग्बी विश्व कप के दौरान इसका परीक्षण किया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया में अगले दो मैचों में रक्षण पर होगा ध्यान: एक्का

**एडिलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो मैचों में अपने रक्षण को मजबूत करने और आसानी से गोल नहीं गंवाने पर ध्यान देगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच खेले जिनमें से पहले दो मैच में उसे 2-4 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। उसने तीसरा मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। भारतीय टीम अब दौरे के दो अंतिम मैच गुरुवार और शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में इस दौरे पर आई है तथा उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम की सफलता के लिए रक्षा पंक्ति का मजबूत होना जरूरी है। एक्का ने कहा,ह्यह्य यह देखते हुए कि हमने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम का सामना किया, हमने पहले तीन मैचों में विशेषकर आक्रमण के लिहाज से अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हमने कुछ अधिक गोल गंवाए जो नहीं होना चाहिए था।

# मुंबई ने लखनऊ को 183 रनों का दिया टारगेट



**एजेंसी। चेन्नई**

5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स को जीत के लिए 183 रन का टारगेट दिया है। जवाब में लखनऊ ने एक ओवर में बिना नुकसान के 10 रन बना लिए हैं। काइल मेयर्स और प्रेरक मांकड़ क्रीज पर है। यह मुकाबला चेपक में खेला जा रहा है। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 182 रन बनाए। चेपॉक मैदान पर कैमरून ग्रीन ने 23 बॉल पर 41 रनों की पारी खेली, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 33 रन बनाए। आखिरी में नेहल वाधेरा ने 12 बॉल पर 23 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के जमाए। नवीन उल हक ने 38 रन देकर 4 विकेट चटकाए, वहीं यश ठाकुर को दो सफलताएं मिलीं। पहला: चौथे ओवर की दूसरी बॉल पर नवीन उल हक ने रोहित शर्मा को आयुष बडोनी के हाथों कैच कराया। दूसरा: 5वें ओवर की दूसरी बॉल पर यश ठाकुर ने ईशान किशन को विकेटकीपर निकोलस पूरन के हाथों कैच कराया। तीसरा : 11वें ओवर की चौथी बॉल पर नवीन उल हक ने सूर्या को कृष्णप्पा गौतम के हाथों कैच कराया। चौथा: 11वें ओवर की आखिरी बॉल पर नवीन उल हक ने कैमरून ग्रीन को बोल्ड किया। पांचवां: 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर यश ठाकुर ने टिम डेविड को दीपक हुड्डा के हाथों कैच कराया। छठा: 18वें ओवर की तीसरी बॉल पर नवीन उल हक ने तिलक वर्मा को दीपक हुड्?डा के हाथों कैच कराया। सातवां: 19वें ओवर की 5वीं बॉल पर मोहसिन खान ने क्रिस जॉर्डन को दीपक हुड्डा के हाथों कैच कराया।

## टेनिस प्रीमियर लीग : लिएंडर पेस ने बंगाल टीम में हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई।** लिएंडर पेस ने टेनिस प्रीमियर लीग के पांचवें सत्र से पहले बंगाल टीम में हिस्सेदारी खरीदी है। यह लीग पुणे में खेली जायेगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। पेस ने वार्डविजार्ड समूह के साथ मिलकर टीपीएल में आठवीं टीम खरीदी है। बाकी टीमें मुंबई लियोन आर्मी, पंजाब टाइगर्स, पुणे जागुआर्स, बेंगलुरू स्पार्टंस, दिल्ली बिन्नीस ब्रिगेड , हैदराबाद स्ट्राइकर्स और गुजरात पैंथर्स है। टूर्नामेंट इस साल दिसंबर में होगा और सभी मैच पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम पर खेले जायेंगे। पेस ने एक विज्ञप्ति में कहा, कोलकाता में साउथ क्लब देश के सबसे उम्दा टेनिस वेन्यू में से एक है जहां भारत में सबसे ज्यादा डेविस कप मैच हुए हैं। जयदीप मुखर्जी और जीशान अली जैसे बेहतरीन खिलाड़ी वहां से निकले हैं। टीपीएल के पांचवें सत्र में बंगाल की टीम होने से यह और रोमांचक हो जायेगा।

राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप

## प.बंगाल को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा झारखंड



**नवीन मेल संवाददाता**

हॉकी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को छह- एक से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 13 वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में बुधवार को खेले गए अपने दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी पश्चिम बंगाल को छह- एक गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व झारखड ने हॉकी हिमाचल को 18- 00 से पराजित किया था। झारखंड टीम की ओर से फगुवा होरो ने दो गोल किए जबकि विक्रम सोरेंग, निकोलस टोपनो , जोलेन टोपनो और अंकित एक्का ने एक -एक गोल किये। बुधवार के मैच में झारखंड टीम के झारखंड टीम के कप्तान रोहित तिर्की को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह,खेल निदेशक श्रीमती सरोजनी लकड़ा,हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई के साथ अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

# वनडे विश्व कप क्वालीफायर 18 जून से जिंबाब्वे में, 10 टीमें लेंगी हिस्सा

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 10 टीम जिंबाब्वे में 18 जून से नौ जुलाई तक 2023 एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। क्वालीफायर के जरिए दो टीम को भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने का मौका मिलेगा। क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली 10 टीम को पांच-पांच टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मेजबान जिंबाब्वे के अलावा वेस्टइंडीज, नीदरलैंड, नेपाल और अमेरिका को जगह मिली है जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, ओमान और यूएई को रखा गया है। ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक-एक मुकाबला खेलेंगी अैर फिर प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर छह चरण में जगह बनाएंगी। सुपर छह चरण में वे उन टीमों के खिलाफ खेलेंगी जिनसे वे ग्रुप चरण में नहीं खेली हैं। सुपर छह चरण में जगह बनाने वाली टीमों को अपने ग्रुप से इस चरण में जगह बनाने वाली टीमों पर पहले चरण में मिली जीत के अंक भी मिलेंगे। फाइनल में जगह बनाने वाली दोनों टीम विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगी। बुलावायो के क्वीन्स स्पोर्ट्स क्लब और बुलावायो एथलेटिक क्लब तथा हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब और ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब में टूर्नामेंट के 34 मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। फाइनल हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर नौ जुलाई को खेला जाएगा। ओल्ड हरारियंस क्रिकेट क्लब पर भी अभ्यास मैचों का आयोजन किया जाएगा। मेजबान जिंबाब्वे टूर्नामेंट के पहले दिन हरारे स्पोर्ट्स क्लब में नेपाल के खिलाफ खेलेगा जो पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ उतरा है। दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज भी 18 जून को पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब में उतरेगा। ग्रुप बी की शुरूआत 19 जून को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 1996 विश्व कप चैंपियन श्रीलंका और यूएई के बीच मुकाबले के साथ होगी। इसी दिन बुलावायो एथलेटिक क्लब में दूसरे मैच में आयरलैंड का सामना ओमान से होगा। नीदरलैंड 20 जून को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिंबाब्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा जबकि स्कॉटलैंड का सामना 21 जून को बुलावायो में क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड से होगा।




## डेविड वार्नर स्पष्ट रूप से हमारी योजनाओं में है : मैकडोनाल्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने डेविड वार्नर का शीर्ष क्रम में अपना स्थान बनाए रखने के लिए समर्थन किया है और जोर देकर कहा है कि वह भारत के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और इंग्लैंड के साथ एशेज सीरीज के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और पहले दो एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में नामित किए जाने के बावजूद, वार्नर का मैचों में शामिल होना अनिश्चित लग रहा था क्योंकि चयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने सलामी बल्लेबाज के खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया था। वार्नर ने पिछले साल मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान एमसीजी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने दोहरे शतक से पहले अपनी अंतिम 15 टेस्ट पारियों में सिर्फ एक बार अर्धशतक पूरा किया था। उन्होंने इस साल फरवरी में कोहनी में फ्रैक्च र से उबरने के लिए स्वदेश भेजे जाने से पहले बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत में 1, 10 और 15 का स्कोर दर्ज किया था। लेकिन मैकडोनाल्ड ने अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और उनका मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज श्रृंखला सहित व्यस्त छह-टेस्ट शेड्यूल में वह महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मैकडोनाल्ड ने बुधवार को क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से एसईएन को बताया, डेव के पास जो बचा है, उससे हम आशान्वित हैं।



# मैं नडाल के लिए खुश हूं कि वह खुद को जरूरी समय दे रहे हैं : फेडरर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रोजर फेडरर ने कहा कि वह इस साल के फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल को खेलते हुए देखने की कमी महसूस करेंगे, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नडाल का क्ले-कोर्ट मेजर में उल्लेखनीय रिकॉर्ड सभी खेलों के इतिहास में सबसे असाधारण उपलब्धियों में से एक है। 14 बार के रौलां गैरो चैंपियन, नडाल ने पिछले हफ्ते राफा नडाल अकादमी में क्ले कोर्ट मेजर से हटने की घोषणा की क्योंकि वह अपने कूल्हे की चोट से उबर रहे हैं। स्पैनियार्ड 2005 में अपने टूनार्मेंट की शुरूआत के बाद पहली बार सीजन के दूसरे मेजर में नहीं खेलेंगे। नडाल छह बार फ्रेंच ओपन में फेडरर के साथ भिड़े और चार फाइनल सहित हर अवसर पर जीत हासिल की।



फेडरर ने ट्विटर पर अपने प्रशंसकों के साथ एक सवाल-जवाब सत्र आयोजित किया, जहां स्विस दिग्गज से नडाल के इस साल पेरिस में नहीं खेलने के बारे में पूछा गया। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने लिखा: हां, मैं उसे खेलते हुए देखने से चूक जाऊंगा, यह कहते हुए कि फ्रेंच ओपन प्लस राफेल नडाल सभी खेलों के इतिहास में सबसे अविश्वसनीय रिकॉडरें में से एक है। फेडरर ने साथ ही कहा, मैं उसके (नडाल) लिए खुश हूं कि वह खुद को जरूरी समय दे रहा है ताकि वह स्वस्थ होकर वापसी कर सके और कुछ और जादुई प्रदर्शन कर सके। नडाल के साथ अपने पसंदीदा मैच के बारे में पूछे जाने पर, स्विस ने 2008 रौलां गैरो फाइनल का नाम लिया, जिसमें वह 6-1, 6-3, 6-0 से हार गए थे। फेडरर ने लिखा, आरजी 2008। वे 4 गेम शानदार थे। पिछले सितंबर में सेवानिवृत्त होने के बाद, यह अफवाह उड़ी कि फेडरर जल्द ही टेनिस कमेंटेटर के रूप में काम कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने सभी अटकलों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस साल कमेंट्री करने की उनकी कोई योजना नहीं है।

आईपीएल 2023

## जियोसिनेमा ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# मैच के दौरान दर्शकों की संख्या 2.5 करोड़ तक पहुंची




**एजेंसी। नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को हुए आईपीएल के पहले क्वालीफायर ने जियोसिनेमा पर अब तक के सर्वाधिक दर्शकों की संख्या दर्ज की है। मैच की दूसरी पारी के अंतिम ओवरों में जियोसिनेमा पर समवर्ती दर्शकों की संख्या 2.5 करोड़ तक पहुंच गई, जो अब सबसे अधिक समवर्ती दर्शकों का विश्व रिकॉर्ड है।

सीएसके ने प्लेऑफ मैच को 15 रन से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। जियोसिनेमा पर पिछला व्यूअरशिप रिकॉर्ड 2.4 करोड़ का था, जो 17 अप्रैल को सीएसके बनाम आरसीबी मैच के दौरान दर्ज किया गया था। जियोसिनेमा सभी दर्शकों के लिए आईपीएल मैचों की मुफ्त स्ट्रीमिंग कर रहा है। सहभागिता के संदर्भ में, जियोसिनेमा हर दिन नए मानदंड स्थापित कर रहा है। प्लेटफॉर्म पर कुल वीडियो व्यूज पहले ही 1300 करोड़ को पार कर चुके हैं, जिसने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। स्ट्रीमिंग ऐप आईपीएल के लिए रोजाना लाखों नए दर्शकों को जोड़ रहा है। प्रति मैच प्रति दर्शक औसत स्ट्रीमिंग समय पहले ही 60 मिनट से अधिक हो गया है। प्रायोजकों और विज्ञापनदाताओं के संदर्भ में, जियोसिनेमा ने 26 प्रमुख प्रायोजकों को अपने साथ जोड़ा है - जो किसी भी खेल आयोजन के लिए अब तक का सबसे अधिक है।

## धोनी के लिए खुश हूं, अच्छा होगा फाइनल में मिलें : हार्दिक



**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आईपीएल 2023 के फाइनल में जाने पर प्रसन्नता जताई है। सीएसके के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 44 गेंद पर 60 रन की तेजतर्रार पारी खेली। अंत में, अंबाती रायुडू, रवींद्र जडेजा और मोईन अली ने कैमियो रोल निभाया और सीएसके 172/7 बनाने में सफल रहा। जवाब में, जीटी कोई महत्वपूर्ण साझेदारी नहीं बना सका। वे नियमित अंतराल पर विकेट खोते रहे। रवींद्र जडेजा (2/18) और महेश तीक्शाना (2/28) ने फिर जीटी बल्लेबाजों को अपनी चतुराई भरी स्पिन गेंदबाजी से घेरा और जीटी को 157 नरों पर समेट कर आईपीएल फाइनल में दसवीं बार प्रवेश किया। हार के बाद हार्दिक ने कहा कि गलतियों की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि टीम को हार पर बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत नहीं है और इसके बजाय, हमारा फोकस फिर से संगठित होने और क्वालीफायर दो की तैयारी पर है। मुझे लगता है कि हम (गेंद के साथ) सटीक थे, लेकिन हमने बुनियादी गलतियां की और इससे हमारा नुकसान हुआ। हमारे पास जिस तरह के गेंदबाज थे, मुझे लगा कि हमने 15 अतिरिक्त रन दे दिए। बहुत सारी चीजें हमने सही कीं। हम अपनी योजनाओं पर अमल कर रहे थे और फिर बीच-बीच में हमने कुछ रन दिए।

